


वाराणसी, शनिवार, 8 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 12, अंक 59, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : भारत को विश्व कप जिता सकते हैं सूर्यकुमार रिकी पोंटिंग ने की भविष्यवाणी





अन्दर : कौन कर रहा है सिविलिटी पर हमला ?


# अमित शाह ने आजमगढ़ में फूंका चुनावी बिगुल

## बोले गृहमंत्री- 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री

**आजमगढ़।** वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आजमगढ़ समेत यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है। ये आह्वान गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में किया। इसके साथ ही उन्होंने आजमगढ़ से पूर्वांचल में चुनावी बिगुल फूंक दिया। नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि मैं पहले भी कई बार आजमगढ़ आ चुका हूं। पहले यहां पर रात में बिजली नहीं रहती थी। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो। अमित शाह ने आजमगढ़ के बारे में बोलते हुए कहा कि कभी संगीत के लिए मशहूर इस शहर को सपा-बसपा ने बदनाम करने का काम किया है।

यूपी में बीजेपी की सरकार से संगीत महाविद्यालय की शुरूआत करके वापस उस गौरव को दिलाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहता हूं। जिस आजमगढ़ को पूरे देश में आतंक के केंद्र के रूप में जाना जाता था।

**चुनावी हलचल**

**यूपी में अब नहीं होता दंगा, अब विकास के रास्ते पर उत्तर प्रदेश**

**पीएम और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर : सीएम योगी**

आज 'हरिहर घराने' को सम्मान देने का काम किया गया है। उनके सम्मान में संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का काम यहां हुआ है। विरोधियों पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि सपा और बसपा ने अपने



कार्यकाल में आजगमढ़ की छवि खराब करने का काम किया था। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आजमगढ़ को वापस उसका सम्मान मिला है। सपा और बसपा के कार्यकाल में यूपी की पहचान दंगा के लिए होती थी। लेकिन जब से यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है। उन्होंने एक भी दंगा नहीं होने दिया। उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। आजमगढ़ विकास की नई पहचान बना है।

आजमगढ़ कभी अपने संगीत के लिए जाना जाता था, आज संगीत को सम्मान देते हुए इस महाविद्यालय का शिलान्यास हुआ है। जिसके नाम में ही हरि और हर वह अपने आप में संपूर्ण होता है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने नामदारपुर में 4583 करोड़ की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता सेनानियों और साहित्यकारों की इस धरती पर मैं गृहमंत्री अमित शाह की स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया में एक नया आयाम पेश किया है।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। जब वे बाहर जाते थे तो अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होते थे। कारण यह था कि नाम बताने पर होटल में कमरे नहीं मिलते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पीएम मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के सपने को साकार किया है। आजमगढ़ की पहचान बदली है। हमने कभी यहां का विकास नहीं रुकने दिया।

## लोकतंत्र नहीं, बल्कि जातिवाद और परिवारवाद खतरे में है : अमित शाह

कौशाम्बी। कड़ा के फसइया मैदान में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह का उड़न खटोला तकरीबन 17:57 बजे कार्यक्रम स्थल पर लैंड हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया कि लोकसभा सदस्यता से राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किए जाने को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए देश विपक्षी दलों को माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि गांधी को कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (सरकार) द्वारा लाए गए कानून के आधार पर संसद सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया। शाह ने समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण कल्याण के लिए 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। शाह कौशांबी महोत्सव की शुरूआत करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी को जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र नहीं जातिवाद और वंशवादी राजनीति खतरे में हैं। कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ करने शुक्रवार को पहुंचे गृहमंत्री अमितशाह ने बजट सत्र नहीं चलने देने का आरोप विपक्ष और विशेष रूप से कांगेस पर लगाते हुए तीखे हमले किये और 2024 में फिर से मोदी सरकार बनने का दावा करते हुए चुनौती दी कि कांग्रेस जहां चाहे वहां मैदान तैयार कर ले भारतीय जनता पार्टी मुकाबले को तैयार है। यहां कड़ा धाम के फसइया मैदान में तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ अमित शाह ने किया। उन्होंने 612 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन किया साथ ही सांसद खेल प्रतियोगिता के विजेता 3124 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

**612 करोड़ की 117 परियोजनाओं का गृहमंत्री व मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, शिलान्यास**

## आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में गायत्री प्रजापति को राहत

**सुलतानपुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर लंबित आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हे दोषमुक्त करार दिया है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने कोर्ट के फैसले पर आभार जताया। एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव की कोर्ट मे शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री लखनऊ की जेल से हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें उपलब्ध परिस्थितियों एवं साक्ष्य के आधार पर अपने फैसले में दोषमुक्त करार दिया। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र के मुताबिक कोतवाली अमेठी में 28 जनवरी 2012 चुनाव नामांकन के दौरान गायत्री प्रजापति पर हजारों समर्थकों के साथ साइकिल जुलूस निकालकर आंबेडकर चैराहे के पास प्रदर्शन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना प्रभारी अमरेंद्र नाथ बाजपेयी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 व धारा 144 आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था।

# नजर बंद हुईं सपा विधायक पल्लवी

**कार्रवाई**

**बिना निमंत्रण कौशांबी महोत्सव में जा रही विधायक पल्लवी को किया गया हाउस अरेस्ट**

**अखिलेश बोले-बीजेपी को बाहर का रास्ता दिखायेगी जनता**

**लखनऊ।** कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा सीट से विधायक पल्लवी पटेल को हाउस अरेस्ट किया गया। विधायक पल्लवी पटेल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे के बीच हाउस अरेस्ट यानी की घर के अंदर नजर बंद किया गया है। जिसके बाद अखिलेश यादव ने ट्वीट कर इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को शुक्रवार को यानी आज 'कौशांबी महोत्सव 2023' का उद्घाटन करना था। इस कार्यक्रम में विधायक पल्लवी पटेल बिना निमंत्रण के जा रही थीं। जिसकी सूचना पुलिस को भी थी। इसके बाद पुलिस ने विधायक पल्लवी पटेल को 'कौशांबी महोत्सव 2023' में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया। जिस पर सपा और अपना दल कमेरवादी के नेताओं और कार्यकताओं ने विरोध जताया है। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट कर इस पर कड़ी



प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने इस पर ट्वीट कर कहा है कि विपक्ष की एक माननीय महिला विधायक डॉ. पल्लवी पटेल जी को अपने विधानसभा क्षेत्र कौशांबी के स्थापना दिवस पर जनता से न मिलने देने के लिए प्रशासन द्वारा नजर बंद करना, भाजपाई नकारात्मक राजनीति का बेहद संकीर्ण रूप है। कौशांबी की जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। सपा विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि कौशांबी महोत्सव के लिए उन्हें निमंत्रण मिला था, लेकिन जब वह शिरकत करने की तैयारी कर रही थी तो मुझे सूचना भिजवाया गया कि उन्हें कार्यक्रम में नहीं जाना है। मैने जब कार्यक्रम में जाने के निश्चय किया तो उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया गया।

## 1000 करोड़ के स्टूडियो पर चला बुलडोजर

**मुंबई।** मुंबई के मड इलाके में समुद्र किनारे बने अवैध स्टूडियो पर बीएमसी ने शुक्रवार सुबह बुलडोजर चला दिया। इस मामले की शिकायत बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह अवैध स्टूडियो पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे और असलम शेख की शह पर बनाया गया था। करीब 5 लाख वर्ग फीट में फैला यह हाईटेक स्टूडियो साल 2021 में बना था। इसे बनाने में करीब एक हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इसमें 'रामसेतु' और 'आदिपुरुष' जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों की शूटिंग हुई। रामसेतु का बजट 150 करोड़ और आदिपुरुष का बजट 600 करोड़ बताया जाता है। सुबह भाजपा नेता किरीट सोमैया ने स्टूडियो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि ठाकरे सरकार के भ्रष्टाचार के स्मारक को आज नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बना यह स्टूडियो पूर्व मंत्रियों आदित्य ठाकरे और असलम शेख की शह पर बना था।

# यूपी पीसीएस में दिव्या सिकरवार टॉपर

## 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी, टॉप 10 में आठ महिलाएं

**उपलब्धि**

**लखनऊ की प्रतीक्षा पांडेय ने हासिल किया दूसरा स्थान**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। यूपी पीसीएस 2022 में अंतिम रूप से 364 कैंडिडेट्स का सेलेक्शन हुआ है. आगरा की दिव्या सिकरवार ने यूपी पीसीएस 2022 में टॉप किया है। उन्होंने नंबर-1 रैंक हासिल की है। जबकि लखनऊ की प्रतीक्षा पांडेय ने दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह बुलंदशहर की नम्रता सिंह तीसरे, उत्राखंड की आकांक्षा गुप्ता चौथे स्थान पर रही हैं।

यूपी के अंबेडकर नगर जिले के



कुमार गौरव पांचवें और लखनऊ की सल्तनत परवीन छठवें नंबर पर रही हैं। वहीं, मध्य प्रदेश की मोनिशा बानो सातवें नंबर पर जगह बनाई है। आगरा की ऐश्वर्या दुबे नौवें और गोंडा के संदीप कुमार तिवारी 10वें स्थान पर हैं। इस तरह टॉप 10 में से 8 महिलाएं हैं। आयोग ने यह भी दावा किया है कि यूपी पीसीएस 2022 भर्ती प्रक्रिया रिकॉर्ड 10 महीने में पूरी की गई है। यूपी पीसीएस 2022 का रिजल्ट चेक करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in/ पर जाकर चेक कर सकते हैं।

### इंटरव्यू के लिए बुलाए गए थे 1071 कैंडिडेट

यूपीपीसीएस 2022 की मुख्य परीक्षा का परिणाम यूपी लोक सेवा आयोग ने 9 फरवरी 2023 को घोषित किया था। मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर 1071 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इंटरव्यू के लिए सफल घोषित अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 20 फरवरी 2023 से 21 मार्च 2023 तक आयोजित किया गया। इंटरव्यू में कुल 23 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। इस भर्ती में 30 अलग-अलग प्रकार के पद उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाअधीक्षक, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, वरिष्ठ प्रवक्ता डायट,जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कमांडेंट होमगार्ड, कोषाधिकारी/ लेखा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी श्रेणी एक, सहायक नगर आयुक्त, अधीक्षक कारागार, जिला कमांडेंट होमगार्ड, उपनिबंधक, नायब तहसीलदार आदि सम्मिलित है। सभी प्रकार के पदों की कुल संख्या 383 है। 30 प्रकार के पदों में तीन प्रकार के पदों का चयन का आधार केवल लिखित परीक्षा है। केवल लिखित परीक्षा के आधार पर चयन वाले पदों की कुल संख्या 10 है। शेष 27 प्रकार के पदों का चयन का आधार लिखित परीक्षा और इंटरव्यू है। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन होने वाले कुल 373 पद भर्ती में शामिल रहे।






# कोरोना से डरना नहीं, सतर्क रहना है

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ संवाद किया। देश में कोरोना मरीजों की संख्या में एक बार फिर से इजाफा होने लगा है। पिछले 24 घंटे में देश में 6,050 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 14 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा भी 28 हजार 303 हो गया है। कोरोना के बढ़ते केसेस को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी राज्यों से कहा कि वे 10 और 11 अप्रैल को अस्पतालों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की मॉक ड्रिल करें। 8 और 9 अप्रैल को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। मांडविया ने कहा, राज्यों एवं यूटीएस के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। राज्यों को इमरजेंसी हॉटस्पॉट की पहचान करने, टेस्टिंग, जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाने और अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कोरोना से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। उन्होंने कहा-हमें सतर्क रहना है और डर नहीं फैलाना है। केंद्र सरकार के कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक तैयारियाँ के साथ 10 और 11 अप्रैल को (चिन्हित कोविड डेडिकेटेड स्वास्थ्य सुविधाओं सहित) मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश जारी किए है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य कोविड-19 के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है।

सोमवार-मंगलवार 10 और 11 अप्रैल, 2023 को मॉक ड्रिल के दौरान जिलों को आवश्यक मापदंडो पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इसमें अस्पतालों में बिस्तर क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर सहित बेड की नियत संख्या की उपलब्धता सुनिश्चित करना हैं।

**बैठक**

**कोरोना पर राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों संग हुई स्वास्थ्य मंत्री मांडविया की बैठक**

**बोले-सोमवार और मंगलवार को देश भर में होगी कोविड मॉक ड्रिल**

**टेस्टिंग बढ़ाने और इमरजेंसी हॉटस्पॉट की पहचान करने के दिए निर्देश**








## पीएम-सीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को लखनऊ से एक 11वीं में पढ़ने वाले छात्र को गिरफ्तार किया है। उसकी उम्र 16 साल है। उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। उसने ये धमकी नोएडा के एक न्यूज चैनल को ई-मेल भेजकर दी थी। न्यूज चैनल की शिकायत पर पुलिस ने ऋक्रदर्ज कर जांच शुरू की थी। नोएडा पुलिस के सहायक आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया, एक चैनल के मैनेजर विजय कुमार ने थाना सेक्टर-20 में 5 अप्रैल शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी कंपनी के सीएफओ कुशन चक्रवर्ती को singhkartik78107@gmail.com आईडी से मेल भेजकर अज्ञात बदमाशों ने देश के प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण लोगों को जान से मारने की धमकी दी है। ई-मेल भेजने वाले का नाम कार्तिक सिंह था। ई-मेल आते ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

# लापरवाह अफसरों की अब खैर नहीं

**सख्ती**

**यूपी में लापरवाह अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाई, खराब प्रदर्शन वाले विभागों की लिस्ट तैयार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ हमेशा सजग रहते हैं। लेकिन कई विभागों के अफसर जनता की समस्याओं पर ध्यान देना भी जरूरी नहीं समझते। अब ऐसे लापरवाह अफसरों को के खिलाफ कड़ी कार्रवाई योगी सरकार करने जा रही है। यूपी में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) और हेल्पलाइन के माध्यम से आई शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर सीएम ऑफिस ने लापरवाह अफसरों की एक लिस्ट तैयार की है। सूत्रों के अनुसार इस लिस्ट में शामिल विभागों और अफसरों को खुद मुख्य सचिव ने पत्र



जारी किया है। जिसमें उनसे सम्बंधित विषय को लेकर जवाब मांगा गया है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली पर खफा हैं। सीएम ऑफिस जनसमस्याओं की रैंकिंग में टॉप टेन अच्छा प्रदर्शन करने वाले और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अफसरों की सूची तैयार की है। जिसके अनुसार सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अफसरों पर गाज गिरना तय है।

# नौ अप्रैल तक हो सकती है निकाय चुनाव की घोषणा

## अंतिम आरक्षण आज हो जायेगा जारी

**लखनऊ।** प्रदेश की 762 में से 760 नगरीय निकायों में चुनाव की तारीखों का एलान 9 अप्रैल तक हो सकता है। नगर विकास विभाग शुक्रवार देर शाम तक निकाय चुनाव के लिए अंतिम आरक्षण की अधिसूचना जारी करने की तैयारी कर रहा है। विभाग ने निकाय चुनाव के लिए अनंतिम आरक्षण जारी करते हुए उस पर 6 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी थी। बृहस्पतिवार शाम तक विभाग को 832 आपत्तियां मिली है। इनमें से अधिकांश आपत्तियां आरक्षण के नियम को लेकर की गई है। विभाग के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शाम को विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर आपत्तियों के निस्तारण पर बात की। एक एक आपत्ति का गहन अध्ययन कर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं ताकि आगे किसी तरह की




कानूनी अड़चन नहीं आए। विभाग के अधिकारियों ने निकाय चुनाव में आरक्षण के लिए जारी अध्यादेश के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण की कवायद शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को सभी आपत्तियों का निस्तारण कर अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद विभाग की ओर से अंतिम आरक्षण की अधिसूचना और प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। आयोग निकाय चुनाव दो से तीन चरण में कराने का कार्यक्रम जारी कर सकता है। चुनाव की तारीखों का एलान शुक्रवार देर शाम से 9 अप्रैल तक कभी भी किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक सरकार का भी प्रयास है कि आयोग जल्द से जल्द चुनाव कार्यक्रम जारी करे, आयोग को चुनाव कार्यक्रम जारी करने की तैयारियां करने के संकेत दिए गए हैं। नगरीय निकाय चुनाव में अंतिम आरक्षण की अधिसूचना शुक्रवार शाम तक जारी हो सकती है। नगर विकास विभाग को अनंतिम आरक्षण पर बृहस्पतिवार तक 832 आपत्तियां मिली है। विभाग ने इनका निस्तारण शुरू कर दिया है। विभाग की ओर से आपत्तियों का निस्तारण कर शुक्रवार शाम तक अंतिम आरक्षण जारी किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव की अधिसूचना 8-9 अप्रैल तक जारी कर सकता है।

### मेयर व अध्यक्ष सीटों के आरक्षण पर आपत्तियां बनीं आफत

नगर विकास विभाग द्वारा मेयर और अध्यक्ष सीटों के आरक्षण की जारी अनंतिम अधिसूचना पर करीब 832 आपत्तियां आई हैं। अधिकतर आपत्तियां आरक्षण नियमों का पूरी तरह से पालन न करने और महिलाओं को तय कोटे से अधिक सीटें देने की है। बताया जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियों खासकर समाजवादी पार्टी द्वारा दी गई आपत्तियां आफत बनी हुई हैं। इसीलिए इसका मिलान किया जा रहा है, जिससे किसी तरह की कोई चूक न रह जाए। सूत्रों का कहना है कि नगर विकास विभाग को आधी रात तक खोलकर इनको दूर करने के लिए माथापच्ची चलती रही। खासकर यह मिलान किया गया कि महिलाओं को क्या वाकई में अधिक सीटें आवंटित कर दी गई हैं। इसका मिलान करने और मामला विधिक स्तर पर न फंसता नजर आया तो अंतिम अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।


# बीजेपी नेता के बेटे की कार पर बम फेंके

**सनसनी**

**उमेश हत्याकांड के 42 दिन बाद फिर ऐसी घटना**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद एक बार फिर बमबाजी हुई है। भाजपा की जिला मंत्री विजयलक्ष्मी चंदेल के बेटे पर झूंसी इलाके में बम से जानलेवा हमला किया गया। उनकी कार पर दो बम मारे गए। हालांकि चंदेल के बेटे विधान सिंह हमले में बच गए।

इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। विधान सिंह सफारी कार से गुरुवार को रात 8:00 बजे अपनी मौसी के घर गए थे। गाड़ी में उनके दोस्त प्रांशु यादव भी थे। वह अपनी मौसी के बेटे का इंतजार कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार 4 युवकों ने कार पर बम से हमला कर दिया। चारों ने अपने चेहरे पर गमछा बांध रखा था। प्रयागराज में ही 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी कार और गनर पर बम भी फेंके गए थे। इस मामले में गैंगस्टर अतीक का बेटा असद और उसके साथी शामिल थे। 42 दिन बाद शहर में एक बार फिर ऐसा ही हमला हुआ है।



हमले के बाद विधान सिंह तेजी से कार चलाकर भागे। भागते समय एक स्कूटी सवार महिला से कार की हल्की टक्कर लगी है। विधान सिंह की मां विजयलक्ष्मी जिला मंत्री भी हैं। वह थानापुर ग्राम सभा से प्रधान भी हैं।

बताया जा रहा है कि कौशांबी में तैनात कॉन्स्टेबल शिव बचन यादव के बेटे शिवम यादव से विधान सिंह का कुछ दिनों पहले विवाद हुआ था। कॉन्स्टेबल और उसके बेटे ने इखढ नेत्री के घर जाकर माफी भी मांगी थी। विधान सिंह ने कॉन्स्टेबल के बेटे पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

विजयलक्ष्मी ने बताया कि हमला करने वाला कॉन्स्टेबल का बेटा शिवम है। उसी ने बेटे की जान लेने की पूरी कोशिश की है। ईश्वर का शुक्र है कि बेटा बच गया। हमलावरों के पास असलहे भी थे। इन पर पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करे।

संक्षेप

## शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेत में लगी आग



**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के बेला ग्राम में शुक्रवार की दोपहर गेहूं के खेत में आग लगने से आधा दर्जन किसानों के लगभग आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार बेला ग्राम स्थित खेत में गेहूं की खड़ी फसल तैयार थी। शुक्रवार दोपहर गेहूं का खेत अचानक धू-धूकर जलने लगा। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती लगभग छः बीघे फसल जलकर राख हो चुकी थी।

## शातिर चोर से चोरी का माल बरामद

**सेवापुरी।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मनियारीपुर के समीप से शुक्रवार को पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है शुक्रवार सुबह मुखबीर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध ब्यक्ति मनियारीपुर प्राथमिक विद्यालय के समीप खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त ब्यक्ति के पास से क्षेत्र से चोरी किये गये भगोना, तीन ढक्कन, ग्यारह थाली, दो आरी टूटा ताला सहित पिलास बरामद किया पकड़ा गया शातिर चोर राकेश कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी काजी सराय थाना बड़ागांव निवासी बताया गया।

## वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**जंसा।** परमंदापुर पेट्रोल पंप के पास से शुक्रवार के सुबह जंसा पुलिस ने आईटी पास्को एससी एसटी एक्ट सहित कई अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि अभियुक्त की तलाश पुलिस को थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस को जरिए मुखबीर सूचना मिली की उक्त घराओं में वांछित अभियुक्त परमंदापुर पेट्रोल पंप के समीप खड़ा है। जिसे घेरा बंदी कर पुलिस ने धर दबोचा पकङा गया आरोपी प्रदीप राजभर पुत्र संजय राजभर थाना क्षेत्र के कुरौना गांव का निवासी है।

## वांछित को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**बड़ागांव।** पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बाद स्थानीय बाबतपुर नहर के पास से एक वांछित अभियुक्त को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस रमईपट्टी गांव निवासी वांछित राजन उर्फ सूरज उर्फ मुसाड़िया राजभर को चोरी के मामले में तलाश कर रही थी।

## सुनवाई को नहीं पहुंचा कोई अफसर

**वाराणसी।** रामनगर में आबादी के बीच स्थापित कूड़ाघर हटाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि छह दिन बीतने के बावजूद अबतक नगर निगम का कोई भी अफसर धरना स्थल पर नहीं आया। धरने में अनिता यादव, मोहिनी महेंद्र, अर्चना श्रीवास्तव, रेखा जायसवाल, सुशीला वर्मा, अमिता मौर्य, सिंधु मौर्य, रीना देवी, नगीना देवी, राधा देवी, गुड्डी देवी आदि की भी उपस्थिति रही।

## फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तरना।** आठ वर्षों से फरार चल रहे एक पास्को एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। चौकी इंचार्ज सेंट्रल जेल अभय कुमार सिंह ने बताया कि शिवपुर थाना पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 16 / 15 धारा 363, 366,376 डी ,323 ,504 ,506 भादवी व 7/8 पास्को एक्ट से संबंधित मामले में वांछित मिजार्पुर निवासी अभियुक्त बाबा को इंद्रपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी मामले में दो अन्य आरोपी मिजार्पुर निवासी बिलाल उर्फ भल्ला तथा एक महिला अभियुक्त अभी भी फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक काशी में कल

**वाराणसी।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक नौ अप्रैल को लक्सा स्थित मारवाड़ी युवक संघ भवन में आयोजित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रवि सर्राफ ने बताया कि बैठक में देश के 20 प्रांतों से लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनका आगमन आठ अप्रैल से होने लगेगा। बैठक की सफलता के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें मानिकराव पाटील, कृष्ण कुमार सेठ, श्याम सुंदर सिंह रविशंकर सिंह, विनोद कुमार सेठ, सत्याशील सिंह टनमन, श्याम कुमार सर्राफ, दुर्गा प्रसाद सेठ, गिरीश चंद्र वर्मा, कमल कुमार सिंह, किशोर कुमार सेठ व अभिषेक सिंह मित्तू शामिल किया गया है।

## भाजयुमो ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रामनगर।** भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत रामनगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में पंचवटी के मलिन बस्तियों में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें डॉ. अभिजीत श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य का चेकअप किया। इस दौरान जरुरतमंद मरीजों को दवाएं भी वितरित की गयी। शिविर में विवेक सिंह सोनू, अजय प्रताप सिंह, धनंजय यादव, आलोक कुमार, विवेक दुबे, विकास बघेल, विनोद सिंह, सुनील श्रीवास्तव, चंदन जायसवाल, उमेश मौर्या, श्वेता श्रीवास्तव, संजोग सिंह आदि उपस्थित थे।

## उप्र के महापौर पद के लिए ओबीसी आरक्षण पर आपत्ति दाखिल

**वाराणसी।** बहादुर आदमी पार्टी की ओर से शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगमों के महापौर पद पर अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण न दिए जाने पर आपत्ति दाखिल की गई है। पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला संग संयोजक राजेंद्र गांधी कुशवाहा ने शुक्रवार को बताया कि उप्र के 17 नगर- निगमों में महापौर का पद है जिसमें चुनाव लड़ने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण मिला है। लेकिन मात्र चार सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित किया गया है जो गलत है। जिसे पार्टी मान्य नहीं करेगी।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

**सूचना**
सूचित हो कि सेट0 प्लाट 1386 का बैनामा (मूल विक्रय पत्र) दिनांक 11.06.1957 जो संयुक्त रजिस्ट्रार बनारस के यहां बही नं. 1 जिल्द 3307 पृष्ठ 181/185 क्रमांक 2274 पर दर्ज है, खो गया है। इस विक्रय पत्र के बावत यदि कोई व्यक्ति क्लेम या कार्यवाही करता है तो वह अवैध व शून्य मानी जायेगी।
**केवल राम मंशानी पुत्र स्व0 हसमत मल निवासी मकान नं. डी-48/243एच, मोहल्ला मिसिरपोखरा वार्ड दशाश्वमेध शहर वाराणसी।**

**आवश्यकता**
**आवश्यकता है-** स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **विद्यावती महिला महाविद्यालय** मनियारेपुर, चन्दवक, जौनपुर में स्नातक स्तर पर प्राचार्य-1 एवं प्रवक्ता प्रत्येक विषय में एक विषय- हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, प्राचीन इतिहास की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, 21 दिन के अन्दर समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो फोटो सहित आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0 नं. 9415296564

# कोई जज अधिवक्ता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता

**बोले प्रदीप कुमार श्रीवास्तव**

### सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभागार में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति का हुआ स्वागत



**वाराणसी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा की अपने बीच में अपना कोई सदस्य आता है तो बहुत हर्ष होता है।

न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की आज भले ही वो यहां से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं पर दिल अपनी धरती और कर्म स्थली के लिए सदा लगा रहता है, कहा कि मैं यहां से वकालत की शुरूआत करके अपने गुरुओं से सीख लेकर ही जीवन जीने का प्रयास करता हूं उन्होंने कहा की कोई जज अधिवक्ता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता, श्याम नारायण सिंह ने हम लोगों को पूरी आजादी दे रखी थी कि अपनी बात बेबाकी से रखो। सभा की अध्यक्षता सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभु नारायण पांडेय व संचालन महामंत्री शशिकांत दुबे ने किया। इस अवसर पर अपर जिला जज संजीव सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, अशोक सिंह, प्रिंस, सुरेंद्र कुमार पांडेय, अशोक सिंह दाढ़ी, रामजन्म सिंह, बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के सदस्य हरिशंकर सिंह ने अपनी बातें रखीं। विधिक पत्रकार संघ की तरफ से मुख्य अतिथि को अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मेराज फारूकी, घनश्याम मिश्रा, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## वाराणसी लोकमान्य के लिए ग्रीष्म कालीन ट्रेन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रेल प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन ट्रेन का संचालन किया गया है। वाराणसी मंडल के जन्सम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 01, 08, 15, 22 एवं 29 मई तथा 05 जून, दिन सोमवार को और बनारस से 02, 09, 16, 23 एवं 30 मई तथा 06 जून 2023 दिन मंगलवार को 06 फेरों के लिये किया जायेगा। यह ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज जं., बनारस 16.05 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01054 बनारस से 20.30 बजे प्रस्थान कर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 23.55 बजे पहुंचेगी।

# फर्जी दस्तावेज से फाइनेंस कराया मोबाइल, मुकदमा दर्ज

**तरना।** एसबीआई क्रेडिट कर्मचारी बनकर एक ठग ने एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर पैन कार्ड और आधार कार्ड मांगा और कुछ दिन बाद ही उस व्यक्ति द्वारा दिए गए दस्तावेजों को उलटफेर करके कीमती मोबाइल फोन फाइनेंस करा लिया, घटना की जानकारी पीड़ित को तब हुई जब रिकवरी के लिए फाइनेंस कंपनी ने फोन किया।

शिवपुर के द्वारिका नगर कॉलोनी (तरना) निवासी पीयूष खरवार ने बताया कि वह अपनी पत्नी तथा बच्चे के साथ कैंटोमेंट स्थित मॉल गए हुए थे। वहीं एसबीआई कार्ड सेंटर पर मनीष कुमार नाम के व्यक्ति ने अपने आपको एसबीआई क्रेडिट कर्मचारी बताया एवं क्रेडिट कार्ड बनवाने का आग्रह किया। मेरे मना करने पर वह बार-बार आग्रह करने लगा। एक दिन बाद उस व्यक्ति का फोन आया और उसने कहा कि वेरिफिकेशन के लिए आप आधार व पैन कार्ड व्हाट्सएप करिए कुछ दिन बाद ही आपके घर आपका क्रेडिट कार्ड पहुंच जाएगा। कुछ दिन बाद ही पीड़ित के मोबाइल फोन पर फाइनेंस कंपनी द्वारा रिकवरी के लिए फोन किया गया तथा बताया गया कि आपके द्वारा दो मोबाइल फोन जिनमें एक 35 हजार तथा दूसरा 30 हजार रुपये का फाइनेंस कराया गया है, उसकी किश्त जमा करनी होगी। घटना से अचंभित पीड़ित ने तत्काल एसबीआई बैंक में संपर्क किया तो मालूम चला कि मनीष कुमार नामक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज देकर यहाँ नौकरी प्राप्त की थी इस नाम का कोई भी व्यक्ति यहां पर नहीं है, उपरोक्त व्यक्ति फर्जी है । पुलिस मुकदमा दर्ज जांच में जुट गयी है।

# मोबाइल व शराब के साथ जीआरपी ने पकड़ा



चोरी के सामान के साथ पकड़े गए आरोपी

**वाराणसी।** कैंट जीआरपी की ओर से स्टेशन पर किये जा रहे जांच के दौरान चोरी के मोबाइल के साथ अवैध शराब करोबार मे लिप्त लोगों को गिरफ्तार किया गया।

कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सूचना के आधार पर गुरुवार को लालघर प्रसाद चौकी प्रभारी काशी व उनकी टीम ने पार्सल गेट के सामने से दो लोगों को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया उनके पास से चोरी के 2150 रुपये भी बरामद किया गया। बताया कि दोनों की पहचान बलन्दर राम उर्फ बलीराम (28) पुत्र बदनराम मुजफ्फपुर व विक्की कुमार सिंह (20) सरेंद्र सिंह छपरा के रुप में की गयी। वहीं शुक्रवार को जीआरपी टीम की ओर से मो. आशिफ (25) पुत्र मो. नवी हसन निवासी नालन्दा बिहार को 50 पीस फ्रुटी जैसा ट्रैटापैक 8 पीएम अबैध अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया।

## छावनी क्षेत्र में 15 दिन तक नहीं लगेंगे ठेले, खोंमचे

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जी 20 सम्मेलन को लेकर पूरे शहर में तैयारियां जोरों पर है, इसके साथ ही छावनी प्रशासन भी इससे पीछे नही है। छावनी प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में 15 दिन तक ठेला-पटरी दुकानों को हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है। इसके लिए गुरुवार को बाकायदे मुनादी कराई गई। जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर पटरी दुकानदारों को हटाने का आदेश दिया गया है।

इसे लेकर दुकानदारों में नाराजगी है। साथ ही 15 दिन तक रोजी-रोटी का संकट हो गया है। छावनी क्षेत्र में जेएचवी के पास, मिंट हाउस मदर टेरेसा मार्ग पर बनाये गए वेंडर जोन में दर्जनों फेरी-पटरी की दुकानें लगती हैं। परिषद के इस आदेश से दुकानदारो में खासा रोष है उनका कहना है कि यह आदेश तुगलकी फरमान साबित होगा हम सभी के रोजी रोटी के लिए परेशानी का सामना करना होगा।

# तीन अभियुक्तों को पांच साल की सजा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शराब पिलाने के लिए एक युवक को मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में शुक्रवार को अपर जिला जज (ग्यारहवां) सुबाषचंद्र तिवारी की अदालत ने भेलूपुर थाना क्षेत्र के लखरांव निवासी सगे भाइयों शेरु उर्फ रामकिशुन,वकील उर्फ पिंटू और दारोगा उर्फ पप्पू को दोषी करार देते हुए तीनों को दंडित किया।

अदालत ने तीनों को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 11-11 हजार रुपया जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना न देने पर अभियुक्तों को एक-एक माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्तों द्वारा जुमार्ना देने पर अदालत ने बतौर क्षतिपूर्ति आधी धनराशि पीड़ित की मां को देने का आदेश दिया है। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी संतोष तिवारी ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार दस अक्टूबर 2015 को रात्रि आठ बजे राज बहादुर विश्वकर्मा कार्यस्थल से घर लौट रहा था। रास्ते में लखरांव मुहल्ले में उपरोक्त तीनों भाई शेरु,वकील और दरोगा उससे मिले। तीनों भाइयों ने मजदूरी में मिले रुपयों से शराब पिलाने की राजबहादुर उर्फ राजकुमार से जिद्द करने लगे। तीनों ने राजकुमार से शराब मंगाया और साथ में सबने शराब पी। दस बजे तीनों भाइयों ने मिलकर राजबहादुर के जेब से 41 सौ रुपया और मोबाइल निकाल लिया और लाठी-डंडों से मारकर उसे अधमरा कर एक चहारदीवारी परिसर में फेंक दिया। अगले दिन सुबह में मुहल्ले के लोगों ने राजबहादुर की हालत देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राजबहादुर को अस्पताल में भर्ती कराया।



## पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने फांसी लगाकर दी जान

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी चौकी अंतर्गत बच्छाव गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति ने पत्नी से कहासुनी के बाद फांसी लगाकर जान दे ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरविंद नामक व्यक्ति गुरुवार की शाम को अपनी पत्नी से कहासुनी करने के बाद अपने कमरे में चला गया और अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। सुबह जब दरवाजा नहीं खोला तो परिवार के लोगों को संदेह हुआ। इस दौरान जब परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो पंखे से लटका हुआ शव देख सबके होश उड़ गए। बड़े भाई छोटेलाल ने तुरंत पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक के बड़े भाई के तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

No.-3
Civil Judge Senior Division
IN THE COURT OF SRI
ADARS SRIVASTAVA
Civil Judge (Sr. Div.) ——
SUMMONS TO APPEAR IN
Civil Luit / 231/2022
PERSON
SANDEEP RAI Vs PUNIT KUMAR RAI
NEXT DATE: 11.04.2022
(O5, R.3)
To,
Sangeeta Rai
Spouse- Shailendra Kumar Rai
Village- Dildarnagar, Post- Zamaniya, Tehsil- Zamaniya, Distt.- Ghazipur.
Whereas SANDEEP RAI has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear to this Court in person on the 11.04.2023 at 11.00 o'clock in the forenoon, to answer the claim, and you are directed to produce on that day all the documents upon which you intend to rely in support of your defence. Take notice that, in default of your appearance of the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Give0000000000 hand and the seal of the Court, this 05.04.2023
Civil Judge (Sr. Div.)
SEAL

## एक करोड़ टर्नओवर का टार्गेट करें हासिल : हिमांशु

### सीडीओ ने सभी एफपीओ से मोटे अनाज का उत्पादन करने का किया आह्वान

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**प्रोसेसिंग प्लांट लगाने, प्रोडक्शन के बाद उत्पाद की ब्रांडिंग कर तय लक्ष्य प्राप्त करने का सुझाव दिया**

**वाराणसी।** वर्तमान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स ईयर को देखते हुए मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कृषि उत्पादक संगठनों यानि एफपीओ की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की। उसमें विभागीय अफसरों समेत एफपीओ के प्रतिनिधि एवं निदेशक शामिल थे।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एफपीओ अपना टर्नओवर एक करोड़ रुपये तक बढ़ाने के लिए प्रोसेसिंग प्लांट लगाने, प्रोडक्शन के बाद उत्पाद की ब्रांडिंग कर तय लक्ष्य प्राप्त करने का सुझाव दिया। उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह ने सभी एफपीओ से 20-20 मिलेट्स उत्पादन करने के लिए जागरूक कृषकों की सूची देने को कहा। वहीं, श्री नागपाल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को जनपद में अति वृष्टि एवं ओलावृष्टि से प्रभावित बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही राज्यस्तर से जानकारी लेकर मुहैया कराने पर बल दिया। उन्होंने प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण करने के लिए मैनपावर बढ़ाने को कहा। सीडीओ ने एफपीओ को आगामी बैठक में अपने-अपने उत्पाद लाने को कहा।

# साइक्लोथॉन कल सर्किट हाउस से बेनिया पार्क तक

**वाराणसी।** जनपद में जी-20 सम्मेलन की पहली बैठक आगामी 17 से 20 अप्रैल तक चलेगी। उसमें मुख्य रूप से विभिन्न देशों के कृषि मंत्री हिस्सा लेंगे। आयोजन के प्रति जनता को जागरूक करने, शहर को साफ-सुथरा और प्रेजेंटेबल बनाने के लिए नौ अप्रैल को 'साइक्लोथॉन' कार्यक्रम होगा। जिला प्रशासन के इस आयोजन के तहत आगामी रविवार को सुबह सात बजे चार किमी का यह कार्यक्रम सर्किट हाउस चौराहे से आरंभ होकर बेनियाबाग पार्क में समाप्त होगा। साइक्लोथॉन के अंतर्गत प्रतिभागी साइकिल चलाकर सर्किट हाउस से मकबूल आलम रोड, चौकाघाट होकर बेनियाबाग पार्क तक जाएंगे। कार्यक्रम समाप्ति स्थल पर सभी साइकिल सवार प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित करेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी साइकिल चालक को हेलमेट लगाकर कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की गयी है।




**कार्यालय ग्राम पंचायत नियाउज, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।
पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23
(शकील अहमद) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. नियाउज, वि.खं.मिजार्पुर आजमगढ़
(राकेश कुमार यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. नियाउज, वि.खं. मिजार्पुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत धन्नीपुर विसराई, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।
पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23
(चन्द्रशेखर) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. धन्नीपुर विसराई, वि.खं.मिजार्पुर आजमगढ़
(राकेश कुमार यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. धन्नीपुर विसराई, वि.खं. मिजार्पुर आजमगढ़

# आयुर्वेद के बिना अधूरी है विश्व स्वास्थ्य की परिकल्पना

**विश्व स्वास्थ्य दिवस**

### 1948 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की रखी गयी नींव

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पूरा विश्व रोग मुक्त हो इस उद्देश्य से स्थापित वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कहा कि एक स्वस्थ व समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए उसके नागरिकों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। और एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसकी विरासत और संस्कृति को आगे बढ़ाया जाए। ऐसी ही एक विरासत है आयुर्वेद चिकित्सा पद्वति।

राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय वाराणसी के आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ अजय कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष दुनिया भर के लोगों को जागरुक करने के लिए 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन अपनी 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है और इस बार ह्यवर्ल्ड हेल्थ डेह्नकी थीम है ह्यहेल्थ फॉर आलङ्क यानी सभी के लिए स्वास्थ्य । यह उद्देश्य तब तक पूरा नही हो सकता जब तक की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को इसमें शामिल नही किया जाता। भारत जैसे विशाल देश में तो यह असंभव ही है जहाँ हर जगह, हर समय और हर घर में आयुर्वेद मौजूद है। आयुर्वेद हजारो सालो से देश की मुख्य चिकित्सा पद्धति रही है लेकिन इधर के कुछ वर्षो में इसकी जितनी उपेक्षा की गयी है, रोगों के प्रतिकार और इलाज में हम उतना ही पीछे चले गए है।

### आचार्य चरक में स्वस्थ पुरुष के लक्षण

जिस व्यक्ति का मांस धातु समप्रमाण में हो, जिसका शारीरिक गठन समप्रमाण में हो, जिसकी इन्द्रियां थकान से रहित सुदृढ़ हों, रोगों का बल जिसको पराजित न कर सके, जिसका व्याधिक्ष समत्व बल बढ़ा हुआ हो, जिसका शरीर भूख, प्यास, धूप, शक्ति को सहन कर सके, जिसका शरीर व्यायाम को सहन कर सके , जिसकी पाचनशक्ति (जठराग्नि) समावस्था में कार्य करती हो, निश्चित कालानुसार ही जिसका बुढ़ापा आये, जिसमें मांसादि की चय-उपचय क्रियाएँ समान होती हों।

### केवल बीमारियों से बचना ही स्वास्थ्य नहीं

यह सम्भव है कि आप स्वयं को स्वस्थ समझते हों, क्योंकि आपका शारीरिक रचनातन्त्र ठीक ढंग से कार्य करता है, फिर भी आप विकृति की अवस्था में हो सकते हैं अगर आप असन्तुष्ट हों, शीघ्र क्रोधित हो जाते हों, चिड़चिड़ापन या बेचैनी महसूस करते हों, गहरी नींद न ले पाते हों इत्यादि। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पिछले वर्ष जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि विश्व भर में 30 करोड़ से अधिक लोग अवसाद के शिकार हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक चीन और भारत अवसाद से बुरी तरह प्रभावित देशों में शीर्ष पर हैं।

### स्वास्थ्य रक्षा के उपाय आयुर्वेद के अनुसार

वर्तमान में मानसिक तनाव और डिप्रेशन, स्वस्थ और सेहतमंद जीवनशैली को बेहद प्रभावित करता है। इसका प्रभाव न केवल आपके मन व मस्तिष्क पर नकारात्मक रूप से पड़ता है, बल्कि यह आपको शारीरिक रूप से भी कमजोर कर देता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डुबकी, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।
पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23
(ज्योति यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. डुबकी, वि.खं.मिजार्पुर आजमगढ़
(राकेश यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. डुबकी, वि.खं. मिजार्पुर आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत चक कमरअली, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।
पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23
(कृष्ण नन्द यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. चक कमरअली, वि.खं.मिजार्पुर आजमगढ़
(सन्तोष कुमार यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. चक कमरअली, वि.खं. मिजार्पुर आजमगढ़



# वाराणसी



# गायक समर सिंह गाजियाबाद से गिरफ्तार

## नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित चार्म्स क्रिस्टल सोसाइटी में छुप कर रह रहा था आरोपी

**आकांक्षा दुबे की मौत का मामला**

### वाराणसी कमिश्नरेट क्राइम ब्रांच टीम ने गाजियाबाद पुलिस के सहयोग से हासिल की सफलता



आरोपी समर सिंह।



आरोपी समर को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। गाजियाबाद कोर्ट ने आरोपी को वाराणसी पुलिस को ट्रांजिट रिमांड पर सौंप दिया। पुलिस देर रात उसे लेकर वाराणसी पहुंची।

अभिनेत्री आकांक्षा का शव बीते माह 26 मार्च को सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में मिला था। जिसके बाद 27 मार्च को भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। बता दें कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कुर्की का वारंट प्राप्त करने के लिए अदालत में कमिश्नरेट की पुलिस की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर गुरुवार को दोनों आरोपियों पर अदालत ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था। जिसके बाद शुक्रवार को समर सिंह गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित चार्म्स क्रिस्टल सोसायटी से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिए वह ठिकाने बदलता रहा और लोकेशन ट्रेस न हो इसके लिए गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और उत्तराखंड में ठिकाने बदल-बदल कर रह रहा था।

### मां ने की आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग



आकांक्षा दूबे की मां मधु दुबे

भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में 27 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद मुंबई से वाराणसी पहुंची आकांक्षा की मां मधु दुबे की तहरीर पर कार्रवाई हुई। मां का आरोप था कि हमेशा खुश रहने वाली मेरी साहसी बिटिया को समर सिंह की काली नजर लग गई। समर सिंह ने मेरी बेटी की जिंदगी बर्बाद कर दी। वह आकांक्षा से इतनी बेरहमी से पेश आता था कि ऐसा दुश्मन भी नहीं करते हैं। मां ने कहा कि जैसे मेरी बेटी फांसी पर लटकर कर मरी उसी तरह आरोपी समर को भी फांसी पर लटकाया जाए। तभी असल में न्याय होगा।

### आरोपी समर की गिरफ्तारी के बाद अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

आकांक्षा की मौत मामले में भोजपुरी गायक समर सिंह की गाजियाबाद में गिरफ्तारी के बाद अब उसके करीबियों और शरण दाताओं के साथ ही भाई संजय सिंह की तलाश में वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच टीम जुट गई है। टीम आरोपियों के ठिकानों पर छापेपारी की तैयारी कर रही है। पुलिस की ओर से दावा किया जा रहा है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



अकांक्षा सिंह की फाइल फोटो

### आरोपी समर ने भी खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

आरोपी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह ने भी कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसके लिए उनके वकील राजेश प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट की ऑनलाइन वेबसाइट पर पांच अप्रैल को याचिका दायर की थी। जिसको छह को स्वीकार कर लिया। याचिका पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में संभावित जजों के नाम भी जारी कर दिए गए हैं, जिनमें वरिष्ठ जज अंजनी कुमार मिश्रा और जज नंद प्रभा शुक्ला की खंडपीठ सुनवाई करेगी।

# लॉन संचालकों के धैर्य की परीक्षा ना ले वीडीए : मृत्युंजय सोनकर

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा लॉन संचालाकों पर मानक व दस्तावेज पूर्ण कर लॉन संचालन करने की हिदायत पर शुक्रवार को वाराणसी मैरेज लॉन व्यापार मंडल की ओर से पत्र जारी कर आमने सामने की लाड़ाई लड़े जाने की बात की गई। जिसमें व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष मृत्युंजय सोनकर ने बताया कि संगठन के द्वारा 2019 में हीं प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से कुछ लानों का डेमो मांगा गया था कि लगभग एक लॉन का प्राधिकरण के हिसाब से खर्च क्या आयेगा। जो अभी तक संगठन को प्राप्त नहीं हुआ। कहा कि वीडीए द्वारा लॉन संचालकों के धैर्य की परीक्षा न ली जाए। लॉन व्यापार का एक बड़ा परिवार है जिसमें टेंट, माली, कैटरर हलुआई व अन्य को मिलाकर लगभग एक लॉन में 100 से ज्यादा लोग काम करते है। प्राधिकरण को समझ मे आना चाहिए कि यह परिवार लाखों की संख्या में है, अगर वाराणसी लॉन व्यापार मंडल के आह्वान पर लोग सड़क पर आ गये तो क्या होगा और इसका जिम्मेदार कौन होगा। प्राधिकरण को व्यापार मण्डल के साथ बैठकर इस समस्या पर चर्चा कर कोई बिच का रास्ता दुढना पड़ेगा। अन्यथा अगर सम्मेलन के बिच में कई हजारों की संख्या में व्यापारी सड़क पर आ गये तो इसकी जवाबदेही प्राधिकरण की होगी।

## दुर्घटना से बचने को करें नियमों का पालन

**वाराणसी।** सामाजिक संस्था प्रिया गृह उद्योग विकास एवं शिक्षा प्रसार समिति के सदस्यों ने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट नगर महेशपुर, बनारस स्टेशन आदि स्थानों पर लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, संगीत आदि के माध्यम से लोगों को जागरुक किया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से लोगों को दोपहिया चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने का आह्वान किया। पम्पलेट वितरित कर लोगों से वाहन की गति सीमा का भी ध्यान रखने का अनुरोध किया। इस दौरान अध्यक्ष मुकुन्द लाल गुप्ता, सचिव रीता जायसवाल, कार्यक्रम प्रभारी हेमंत जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक जायसवाल, सौम्या, प्रियंका, प्रिया, अभिषेक कायस्थ, दिनेश शर्मा, पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गंगा पुष्करम मेले में दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम

**जनसंदेश न्यूज**

**मीटिंग**

### आगामी 22 अप्रैल से 3 मई तक चलने वाले आयोजन के लिए राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव एवं डीएम एस. राजलिंगम ने की तैयारी बैठक



आगामी 22 अप्रैल से 12 दिनों तक चलने वाले गंगा पुष्करम मेले के लिए शुक्रवार को सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव एवं डीएम एस. राजलिंगम ने की तैयारी बैठक की

**वाराणसी।** जनपद में आगामी 22 अप्रैल से आरंभ होने वाले 12 दिनी पुष्करम मेला को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तर पर व्यापक तैयारी की जाएगी। मेले में विशेष रूप से दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए उसी के अनुरूप इंतजाम होंगे। तीन मई तक चलने वाले इस आयोजन के तहत गंगातट के घाटों पर स्नानार्थियों के लिए सुरक्षा के उपाय करेंगे और काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष व्यवस्था की जाएगी।

इस बारे में शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव तथा डीएम एस. राजलिंगम की संयुक्त अध्यक्षता में महत्वपूर्ण तैयारी बैठक हुई। इस मौके पर श्री राव ने गंगा पुष्करम आरंभ होने से एकदिन पहले 21 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति का सुझाव दिया। उन्होंने सभी घाटों पर पर्याप्त साफ-सफाई कराने, यदि किसी घाट पर काई आदि है तो उसे हर हाल में हटवाने, केदारघाट एवं ललिता घाट पर रेलिंग लगवाने, पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम स्थापित कराने और मेले से संबद्ध एक लोगो बनवाने के निर्देश दिये।

मीटिंग में जिलाधिकारी ने मेले की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि होटलों-धर्मशालाओं की सूची तैयार है। वाहनों के पार्किंग स्थल चिह्नित हो चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में बस एवं मेडिकल टीम लगाएंगे। एडीएम सिटी ने बताया कि पर्यटन विभाग के पर्यटन सूचना केंद्रों पर तमिल भाषी कार्यकर्ता रहेंगे। विभिन्न चौराहों पर हिंदी-अंग्रेजी-तेलुगु भाषा में साइनेज लगाए जाएंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा ने जानकारी दी कि मंदिर दर्शन में श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या नहीं होगी। इसके लिए मंदिर प्रशासन की ओर से विशेष उपाय करेंगे। बैठक में सीडीओ हिमांशु नागपाल, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) दिनेश कुमार पुरी आदि भी रहे।

# प्लेटफार्म पर बिछे रेड कारपेट पर मेहमानों का भव्य स्वागत

**अतिथि देवो भव**

### देश की सबसे महंगी ट्रेनों में शुमार है महाराजा एक्सप्रेस

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** देश की सबसे लग्जरी ट्रेनों में शुमार महाराजा ट्रेन शुक्रवार को बनारस स्टेशन पहुंची। शाही अंदाज में सभी मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। दुनिया की सबसे महंगी ट्रेनों में से एक और देश की देश की सबसे लग्जरी ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस शुक्रवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से उतरे 38 विदेशी मेहमानों का बिल्कुल बनारसी अंदाज में स्वागत किया। पारंपरिक तरीके से ढोल-नगाड़े बाजार कर और फूल बरसा कर उनका तिलक किया गया। इसके बाद सभी शहर के भ्रमण पर निकले। देश की सबसे लग्जरी ट्रेनों में शुमार यह ट्रेन भारत के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर जाती है। उसी क्रम में आज महाराजा एक्सप्रेस बनारस स्टेशन पहुंची। इससे पहले बीते 17 फरवरी को को भी महाराजा एक्सप्रेस का वाराणसी आगमन हुआ था। शुक्रवार को महाराजा एक्सप्रेस से 38 विदेशी पर्यटकों का दल बनारस रेलवे स्टेशन पर 11:30 बजे पहुंचा। गंगा आरती के साथ ही बनारस के घाट, सारनाथ सहित रामनगर किले की खूबसूरती निहारेंगे।

## टेक्निक एंड टेक्नोलोजी इन ज्याइंट रिप्लेसमेंट का आयोजन

**वाराणसी।** कॉन्फ्रेंस रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट के बारे में नई इनोवेशन के प्रति ट्रेनिंग के लिए किया गया था, जिसमें करीब 150 से अधिक आथोर्पेडिक सर्जन (हड्डी जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ) देश व विदेश से शामिल थे। जिसमें विभिन्न आथोर्पेडिक सर्जनों ने अपने अनुभवों और विचारों को साझा किया। इस कॉन्फ्रेंस के दौरान, भारत में रोबोटिक नो रिप्लेसमेंट के बारे में बहुत कुछ बताया गया। डेलीगेट्स ने रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट के फायदों कुछ रखे। अन्यों ने अपने अनुभवों और सर्जरी में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट के लाभों के बारे में बताया। इस कॉन्फ्रेंस में भारत में उपलब्ध सभी रोबोटों का भी डिस्प्ले किया गया था। कॉन्फ्रेंस में अपने बनारस का नाम आगे बढ़ाते हुए, वाराणसी और नुकसानों के बारे में अपने विचार से डॉ. रोहित पाण्डेय को भी इनवाइट किया गया था जिसमें डॉ. रोहित ने अपने सेशन में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट पर अन्य चिकित्सको को ट्रेनिंग दी, व अपने अनुभव और विचारों को साझा किया, रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट के बारे में अपनी महत्वपूर्ण राय रखी।



# बैरिकेडिंग के अभाव में दुर्घटना की संभावना

**लापरवाही**

### ग्रामीणों ने की ट्रांसफॉर्मर के इर्द-गिर्द बैरिकेडिंग लगाने की मांग



**रोहनिया।** ग्राम पंचायत रमसीपुर, सगहट, जलालीपट्टी, पहाड़ी समेत कई गांवों में कई विद्युत ट्रांसफॉर्मर ऐसे लगाये गये हैं, जिसके इर्द-गिर्द बैरिकेडिंग नहीं की गयी है। बैरिकेडिंग के अभाव में बराबर दुर्घटना की संभावना बनी रही है। कई बार अंधेरें में वाहन चालक इससे टकराकर घायल भी हो चुके हैं। समय रहते इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

इन गांवों में ट्रांसफॉर्मर चबूतरा बनाकर स्थापित किया गया है। अधिकांश ट्रांसफॉर्मर सम्पर्क मार्ग के करीब लगाये गये हैं। इन ट्रांसफॉर्मरों के अगल-बगल लोहे की बैरिकेडिंग कराने की मांग ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग से की गयी, लेकिन इसे अनुसना कर दिया गया। रात के अंधेरे में अक्सर राहगीर ट्रांसफॉर्मर के प्लिंथ से टकरा जाते हैं। संयोग अच्छा है कि अभी तक कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ।

ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में बिछाये गये वर्षों पुराने तार भी काफी जर्जर होकर नीचे तक लटकने लगे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए ट्रांसफॉर्मरों के इर्द-गिर्द बैरिकेडिंग कराने और जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की है।

## अच्छा आहार और व्यायाम आपको रखेगा दुरुस्तः डॉ. प्रदीप



**वाराणसी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पे गंगोश्री हॉस्पिटल के संचालक डॉ. प्रदीप चौरसिया ने वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईट हेल्थी स्टे हेल्थी का नारा दिया। बताया कि हेल्थी डाइट का सीधा सम्बन्ध उत्तम मानसिक स्वास्थ्य से है। इस दौरान उन्होंने लोगों के सवालों को भी लिया। एक सवाल का जवाब देते हुए डॉ प्रदीप ने कहा कि लंच कभी भी मिस न करें। दिन में प्रोटीन रिच डाइट लें। शाम को और रात में हल्का भोजन लें। सम्भव हो तो देर रात में कुछ भी न खाएं। नशाखोरी के बारे में बात करते हुए सर ने कहा कि नशे की लत एक गम्भीर मानसिक बीमारी है जिसका इलाज संभव है। इसके लिए आपको एक्सपर्ट मनोचिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रदीप चौरसिया ने अतुल जय, अबु हासिम, सुनील, सावन के सवालों का जवाब दिया। गंगोश्री हॉस्पिटल के स्वास्थ्य मित्रों पंकज पटेल, अजीत भारद्वाज, संजीत पटेल, पवन, आदर्श शर्मा को सम्बोधित करते हुए डॉ प्रदीप ने कहा कि आपसब भी लोगों को अच्छे आहार और नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित करिए। नशाखोरी से परेशान व्यक्ति को मनोचिकित्सक से मिलाइए। धन्यवाद ज्ञापन रवि तिवारी और रजिया ने किया।

# सरकारी भवनों व दफ्तरों में भी होगी गोबर पेंट की खपत

**बैठक**

### सीडीओ ने की सेवापुरी में संचालित कराये जाने वाले प्लांट की समीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**



सेवापुरी में गोबर पेंट प्लांट की प्रगति के बारे में शुक्रवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने समीक्षा बैठक की

**वाराणसी।** सेवापुरी में स्थापित किये जा रहे गोबर पेंट प्लांट की प्रगति समेत उसके संचालन आदि के बारे में शुक्रवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने विकास भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने प्लांट में कार्यरत महिलाओं को संयत्र स्थापना के लिए नामित एजेंसी को कार्य आदेश देने और फर्म का जीएसटी जल्द प्राप्त करने को कहा। गोबर पेंट में नामित सीएलएफ को पेंट से होने वाले मुनाफे का वितरण दो साल तक या लोन की समाप्ति तक 10% वितरण करने और 90% प्लांट अपने पास रखने तथा लोन समाप्त होने पर संयत्र द्वारा शत-प्रतिशत लाभ अपने पास रखने के निर्देश दिये।

मुख्य विकास अधिकारी ने पेंट बनाने के कार्य जल्द शुरु करने पर बल दिया। ताकि सभी सरकारी विभागों में होने वाली पेंट की खपत भी इसी गोबर पेंट प्लांट से करायी जा सके। श्री नागपाल ने कहा कि पेंट निर्माण कार्य के लिए जो महिला इच्छुक नहीं है उनके स्थान पर अन्य महिला का चयन करें। इस अवसर पर सीडीओ ने टेक होम राशन इकाई के पदाधिकारीयों तथा इकाई के नोडल ब्लॉक मिशन मैनेजर की समीक्षा भी की। उन्होंने उत्पादन में तेजी लाकर हर माह की मांग उसी महीने पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने मशीन को जल्द बनाने के लिए संबंधित एजेंसी को प्रत्येक तीन इकाई पर एक तकनीकी स्टाफ देने, कच्चे माल की अनवरत आपूर्ति के लिए मैप वेंडर को क्रेडिट पर आवश्यकतानुसार सामग्री उपलब्ध कराने और सामग्री खरीद के लिए हर बार कार्य आदेश जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने उन इकाईयों को प्रत्येक माह पुरस्कृत करने को कहा जिनका कार्य हर माह बढ़िया हो। इस मौके पर डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर भी थे।

















# निकाय चुनाव में लगेंगे 16 हजार मतदान कार्मिक

**तैयारी**

**20 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी फीड**

**26 जोन व 79 सेक्टर में बंटेगा निर्वाचन क्षेत्र**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में निकाय चुनाव को लेकर कमर कस ली गयी है। इलेक्शन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूर्ण हैं। जरूरत के मुताबिक मैन पावर से लेकर वाहनों की उपलब्धता, मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों यानि बूथों तक की स्थिति का चिह्नांकन समेत जोन और सेक्टर निर्धारित कर लिये गये हैं। अब राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी होने का इंतजार है।

जिले में नगर निगम के 100 और नगर पंचायत गंगापुर के दस वार्डों के पार्षद पदों और महापौर सीट के लिए यह निर्वाचन होना है। इसके लिए लगाए जाने वाली पोलिंग पार्टियों में रिजर्व समेत कुल मिलाकर 16 हजार एक मतदान कार्मिकों की आवश्यकता होगी। इसके अलावा जनपद में 492 विभागों से कुल मिलाकर 20 हजार 142 अधिकारियों और कर्मचारियों की फीडिंग कर ली गयी है। चुनाव क्षेत्र को 26 जोन और 79 सेक्टर में बांटा जाएगा। उनमें नगर निगम क्षेत्र को 25 जोन एवं 77 सेक्टर में और नगर पंचायत गंगापुर इलाके को एक जोन तथा दो सेक्टर में बाटेंगे। संभावना है कि कुल 373 मतदान केंद्र एवं एक हजार 335 मतदेय स्थल यानि बूथ स्थापित करेंगे।

सभी पोलिंग सेंटर तक के पहुंच मार्गों, बूथ भवनों और हां उपलब्ध सुविधाओं का सर्वे हो चुका है। नगर निगम के लिए मतगणना स्थल पहड़िया मंडी और नगर पालिका गंगापुर की काउंटिंग राजातालाब तहसील परिसर में करायी जाएगी। मतदान के लिए छह हजार 482 बैलेट यूनिट और तीन हजार 215 कंट्रोल यूनिट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) करायी जा चुकी है। सामान्य सहित संवेदनशील, अतिसंवेदनशील और अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्र और मतदेय स्थल चिह्नित कर लिये गये हैं। नामांकन स्थल और पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल निर्धारित हो चुके हैं। अन्य कवायद भी जारी है।



मतदान के लिए बूथ पर वोटरों की कतार (फाइल फोटो)

# अजीत डोभाल की सुरक्षा में लगे जवानों में मारपीट



**वाराणसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजित डोभाल के वाराणसी आगमन पर डयूटी में लगी महिला उपनिरीक्षक समेत अन्य पुलिसकर्मियों से मारपीट करने के मामले में लालपुर पांडेयपुर थाने में एक ही परिवार के खिलाफ सरकारी कार्य मे बाधा डालने व मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया।

शुक्रवार दोपहर हुकुलगंज में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से मनबढ़ों ने मारपीट की। लालपुर-पांडेयपुर थाने की महिला उप निरीक्षक दिव्या कुमारी की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दिव्या कुमारी एंटी रोमिया दस्ता की प्रभारी भी हैं। दिव्या कुमारी ने बताया कि साथी पुलिसकर्मियों के साथ वह यातायात व्यवस्था सुचारु करने में लगी हुई थीं। इस दौरान पटरी पर एक बाइक खड़ी थी। बाइक हटवाने के दौरान वहां एक युवक पहुंचा। उसने अपना नाम अमन साहनी बताया।बाइक हटाने की बात कहने पर वह इंकार करते हुए कर दिया गाली गलौज करते हुये अपनी माँ इंद्रा साहनी और बहन बाबू साहनी को बुलाया। सभी वर्दी उतरवाने की धमकी देते हुए गाली-गलौज करने लगे। इसी समय वीवीआईपी का काफिला गुजरा। तभी तीनों ने धक्का दिया और भाग निकले। सिपाही कुसुमलता, वीरेंद्र, विकास यादव, देवमणि और हरेंद्र को चोट आई।महिला उपनिरीक्षक की तहरीर पर तीनों के खिलाफ धारा 353,323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## संक्षेप

### चंदौली गौशाला की व्यवस्था देख नाराज हुए नोडल अफसर

**चंदौली।** नोडल अधिकारी अक्षय लाल यादव शुक्रवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान नगर स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाल में क्षमता से अधिक गौवंश को रखने जाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा साफ-सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी व्यक्त की। पशुओं के रखरखाव से खफा दिखे। इसके बाद उन्होंने गौशाला से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को तलब किया। साथ ही व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। पशुओं की क्षमता और आसपास लोगों की आबादी को देखते हुए वहां व्याप्त गंदगी को देखकर उन्होंने स्थायी रूप से गौशाला को स्थापित व संचालित करने के लिए जमीन तलाशने की बात कही। कहा कि नगर पंचायत के कर्मचारी स्थायी गौशाला की जमीन तलाशे। कहा कि शासन को अवगत करा कर जल्द ही निर्माण की बाधा को दूर किया जाएगा। उन्होंने पशुओं को दिए जाने वाले चारा के बाबत जानकारी ली और भूसा देखकर नाराज हो गए। बतौर नमूना भूसा संग्रहित किया इसके अलावा चिकित्सकीय सुविधा की भी जानकारी ली। चेताया कि मवेशियों की देखरेख व उनकी सेवा चिकित्सा के प्रति कर्मचारी गंभीरता दिखाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



चंदौली गौशाला का निरीक्षण करते नोडल अफसर अक्षय लाल यादव।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की मुहिम



**नियामताबाद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामताबाद पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंदौली डॉक्टर वाइ के राय उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में आने वाले अनेक रोगों के जांच उपचार के साथ-साथ आम जनमानस में होने वाली सामान्य बीमारियों के बारे में भी विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। रोगों से छुटकारा हेतु वहां उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। मेले में कुल 153 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमें 15 लाभार्थियों ने गोल्डन कार्ड बनवाया 57 लोगों ने परिवार नियोजन एवं 11 डॉट्स रोगी और दो कुष्ठ रोगी सहित 57 अन्य लोगों ने जनरल उपचार करवाया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ कुमार विमल, डॉक्टर संदीप कुमार गौतम, डॉक्टर अनिल, डॉक्टर आशुतोष, प्रतिभा सिंह, गंगासागर सिंह, फार्मासिस्ट अशोक यादव, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक संजय यादव, राजकुमार चौहान सहित सी एच ओ, आशा, आशा संगिनी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगने से रेल यात्रियों को हो रही परेशानी

**डीडीयू नगर।** डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगने से यात्रियों को ट्रेनों के कोच की स्थिति का पता नहीं चल पाता है, जिससे ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर यात्रियों को कोच तक पहुंचने के लिए दौड़ लगानी पड़ती है। साथ ही ट्रेन छूटने की भी आशंका बनी रहती है। स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 110 से अधिक ट्रेनों का आवागमन होता है। यहां प्रतिदिन 20 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों पर सवार होते और उतरते हैं। इतने महत्वपूर्ण स्टेशन पर रेलवे प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगे हैं। इससे ट्रेनों में कौन सा कोच कहां लगेगा। इसका पता नहीं चलता है। कई बार यात्री एसी कोच में सवार होने के लिए स्टेशन के एक तरफ खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करते हैं जबकि ट्रेन आती है तो कोच दूसरे कोने पर होती है। ऐसे में यात्री को दौड़ कर सवार होना पड़ता है। यही हाल जनरल कोच के साथ होता है। कोच का सही पता नहीं होने के कारण ट्रेन के आते ही स्टेशन पर भगदड़ की स्थिति मच जाती है। पूर्व में कोच इंडिकेशन बोर्ड के संचालन की जिम्मेदारी सिग्नल विभाग के पास था। बाद में यहां निजी कंपनी के सहयोग से कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआईबी) लगाने की योजना तैयार की गई। इसके लिए ठेका भी दे दिया गया। कंपनी की ओर से प्लेटफार्म संख्या एक पर कंट्रोल रूम बनाया गया। इंडिकेशन बोर्ड लगाने की तैयारी शुरू हुई थी। कुछ दिन बाद अचानक पता नहीं क्यों काम बंद कर दिया गया। इसके बाद अब दूसरे कंपनी की खोज की जा रही है। दूसरी तरफ विभागीय चक्कर में स्टेशन पर सीआईबी न होने से लोगों को स्टेशन पर दौड़ भाग करनी पड़ रही है।इस संबंध में हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा रेलवे की प्राथमिकता में है। सीआईबी लगाने की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही इसे लगा दिया जाएगा।



वाराणसी में शुक्रवार को दुर्गाकुंड मार्ग पर लगा भीषण जाम।

# भारत गौरव ट्रेन से आए 490 पर्यटकों ने दर्शन-पूजन किया

**उत्साह**

**श्री काशी विश्वनाथ धाम की भव्यता देख उत्साहित, गंगा आरती भी देखी**



**वाराणसी।** भारत गौरव ट्रेन से शुक्रवार को 490 पर्यटक काशी आए। पर्यटकों ने सारनाथ मंदिर और सारनाथ जाकर दर्शन-पूजन किया। गंगा आरती भी देखी।

भारतीय रेलवे की तरफ से भारत और नेपाल के प्रमुख तीर्थ व विरासत स्थलों की यात्रा के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाई गई है। यह ट्रेन जालंधर से चलकर अयोध्या आई। सभी पर्यटकों ने दर्शन-पूजन किया, फिर बस से नेपाल की राजधानी काठमांडू गए। दोबारा अयोध्या आए और भारत गौरव पर्यटक ट्रेन में सवार होकर शुक्रवार को बनारस स्टेशन पहुंचे। पर्यटक शनिवार को तुलसी मानस मंदिर और संकटमोचन हनुमान मंदिर जाकर दर्शन-पूजन करेंगे। फिर टूरिस्ट बस से प्रयागराज रवाना होंगे। वहां संगम जाकर गंगा स्नान करेंगे। हनुमान मंदिर में हाजिरी भी लगाएंगे।

# शरारती तत्वों ने की चौरा माता मंदिर में तोड़फोड़

**फुटा गुस्सा**

**आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम**

**वाराणसी।** लंका थाने से चंद कदम की दूरी पर नगवा चौकी मार्ग पर स्थित चौरा माता मंदिर में बीती रात शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। मंदिर के भीतर स्थापित सरस्वती माता की मूर्ति खंडित कर दिया। साथ ही चौरा माता की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर सभी को शांत कराया। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

चौरा माता मंदिर में तोड़फोड़ करने की जानकारी शुक्रवार सुबह दब हुई जब लोग दर्शन-पूजन करने के लिए पहुंचे। मंदिर में खंडित प्रतिमाओं को देख हंगामा मच गया। मौके पर भारी संख्या में भीड़ जुट गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर नगवा-लंका मार्ग को जाम कर दिया।

सूचना के बाद एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक लंका अश्वनी कुमार पांडे फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर उन्हें कराया और चक्का जाम खत्म कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि माहौल खराब करने के लिए मंदिर में तोड़फोड़ की गई है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

नगवा वार्ड के पार्षद रविंद्र सिंह ने लंका थाने में तहरीर देकर मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस हमलावरों की तलाश में मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। इस पूरे प्रकरण में पुलिस कहा कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण को निकले साईं बाबा

**तरना।** शिवपुर के कुन्दन नगर कालोनी में साई बाबा का भण्डारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। साई भक्त विगत कई वर्षों से भजन एवं भण्डारा आयोजित करते आ रहे हैं। गुरुवार की शाम को धूमधाम और गाजेबाजे के साथ बाबा पालकी पर विराजमान हो नगर भ्रमण को निकले।

इस पालकी यात्रा में श्रद्धालु बाबा के जयकारे लगाते और नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत और आगवानी की। यह पालकी यात्रा शिवपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां साई बाबा की झांकी सजाई गई थी।

साई भक्त भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किये और साई भजन का आनंद लेते रहे। इस कार्यक्रम में विजय प्रकाश पाठक, पवन श्रीवास्तव, दिनेश्वर नाथ सिंह, नवीन प्रधान, संतोष पांडेय, अजीत श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, मोना, संदीप सेठ मीनू अस्थाना समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# शीतला घाट के काशी में हम जाके शीश..

**चौथा दिन**

**मनोज तिवारी का गायन सुनने को उमड़ी घाट पर भीड़**

**शीतला संगीत महोत्सव की चतुर्थ निशा**

**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट स्थित सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता धाम में पांच दिवसीय संगीत समारोह की चतुर्थ निशा का शुभारंभ माता शीतला के भव्य श्रृंगार पूजन गायन वादन नृत्य के साथ हुआ माता शीतला का षोडशोपचार विधि से पूजन महंत पं शिवप्रसाद पांडेय व पं मनीष पांडेय पं अविनाश पांडेय ने आरती उतारी।

गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन में भव्य भक्ति संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ पं सुखदेव मिश्र के वायलिन, अंशुमान के सरोद और श्रीकांत के तबला जुगलबंदी के साथ सवाल जवाब वाद्य यंत्र के माध्यम से करते हुए राग वाचस्पति और दादरा की धुन बजाकर अपनी हाजिरी लगाई। विशाल कृष्ण, संस्कृति शर्मा और श्रेया भट्टाचार्य ने कथक की मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह में विकास मिश्र, अवधेश पाठक, राजन तिवारी , श्रद्धा पांडेय सहित कई कलाकारों ने देवी गीत सुना अपनी प्रस्तुति दी। अन्य कलाकारों में गीतांजलि मौर्य छोटू शुक्ला सहित अनेक कलाकारों ने देर रात्रि तक अपनी हाजिरी लगाई।

इस अवसर पर डॉ मनोज तिवारी ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया। मनोज तिवारी का स्वागत महंत पं शिव प्रसाद पांडे संयोजक कन्हैया दुबे केडी ने आकर्षक माला चुनरी स्मृति चिन्ह स्मारिका देकर करके किया। उन्होंने शीतला घाट के काशी में हम जाके शीश झुकाईब हो जब ले सांस मनोज के तन में देवी गीतिया... को गाते हुए कहा कि शीतला मैया क इतना बड़ा कृपा हमरे पर भईल ह कि हम का बताइ आज मां ने सब कुछ दिया है। इसके बाद मेरी मां बताती है गंगा मेरी माता है... ममतामयी दरबार बा... काला टीका काला टीका लाओ रे मलिनिया...पेश किया। कलाकारों के साथ तबले पर दीपक सिंह ढोलक पर मोती नसीम बैंजो पर शंकर आर्गन पर रंजन पैड पर साहिल ने कुशल संगत किया।

# वैशाख मास जैसा कोई मास नहीं

**धर्मकर्म**

**भगवान विष्णु को समर्पित है वैशाख मास**

**गंगा स्नान व दान से बनता है सुख-समृद्धि का सुयोग**

**मास पर्यन्त 5 मई तक चलेगा वैशाख मास**

**वाराणसी।** भारतीय संस्कृति के हिंदू सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार वैशाख मास को अत्यन्त पावन मास माना गया है। इस मास में गंगा स्नान, दान अनंत पुण्य फलदायी है। वैशाख मास का स्नान-दान चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि तक माना गया है। स्कंद पुराण के अनुसार वैशाख मास के समान दूसरा कोई मास नहीं, गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं है। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन ने बताया कि वैशाख मास की शुरूआत शुक्रवार सात अप्रैल से शुरू हो गई है जो 5 मई तक रहेगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री हरि विष्णु, परशुराम की पूजा करने और बांके बिहारी के दर्शन करने से शांति व सभी दुःखों से मुक्ति मिलती है।

**वैशाख मास में क्या करें-** पं. विमल जैन ने बताया कि पूरे मास भर सूर्योदय के पूर्व ब्रह्म मुहुर्त में उठ कर गंगा स्नान या गंगा जल मिश्रित स्वच्छ जल से स्नान करके वैशाख मास के नियम आदि का संकल्प लेना चाहिए।

भगवान श्रीहरि विष्णु की विधि विधान पूर्वक पूजन-अर्चन करना चाहिए। श्रीविष्णु सहस्त्रनाम, पाप प्रशमन स्तोत्र का पाठ व ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करना सौभाग्य में अभिवृद्धि करता है। इस मास में एक समय भोजन करने का विधान है। वैशाख पूर्णिमा के दिन वैशाख मास के यम-नियम संयम की समाप्ति हो जाती है।

वैशाख मास में मेष संक्रांति, अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती व वरुथिनी एकादशी के दिन स्नान-दान का विशेष महत्व है। इस मास में शरीर पर तेल लगाना, दिन में शयन करना, कांस्य पात्र में भोजन करना, लहुसन-प्याद आदि का सेवन करना, रत्रि में भोजन करना वर्जित है। इस माह में भगवान श्रीहरि विष्णु के साथ चन्द्रमा की भी पूजा की जाती है। साथ ही तुलसी व पीपल के वृक्ष की भी पूजा का विधान है।

### राम काज करने के लिए हनुमानजी का जन्म हुआ

**वाराणसी ।** हनुमान जयंती के उपलक्ष में संकटमोचन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय सार्वभौम रामायण सम्मेलन को संबोधित करते हुए मानस मर्मज्ञ ने कहा कि हनुमान जी का अवतार भगवान राम के कार्यों को करने के लिए ही हुआ था। चैत्र माह के नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म हुआ और उसके ठीक 6 दिन बाद पवन पुत्र हनुमान का अवतार धरती पर हुआ। भगवान राम का अवतार रावण का वध करने के लिए हुआ और हनुमान जी का अवतार भगवान राम के कार्यों को पूरा करने के लिए हुआ । कहा कि हनुमान जी कलयुग के देवता है। उनको मां सीता से अजर अमर होने का वरदान मिलने के साथ यह भी वरदान प्राप्त है कि वह अष्ट निधि के दाता है। मानस मर्मज्ञ ने कहा कि पवन पुत्र हनुमान कष्टों का जहां निवारण करते हैं साथ ही सभी सुखों की प्राप्ति भी कराते हैं। मानस सम्मेलन को पंडित श्याम सुंदर पांडेय, पं. नवल किशोर दुबे, पं नंदलाल उपाध्याय,उमाशंकर व्यास ने संबोधित किया किया ।कार्यक्रम का संचालन पंडित राघवेंद्र पांडे ने किया तथा धन्यवाद रामयश मिश्र ने किया।

### श्रीमद्भागवत कथा पर निकाली गई कलश यात्रा

**चिरईगांव।** गौराकला से चिरईगांव रोड स्थित ठूंठा वीर डीह बाबा मंदिर पर शुक्रवार 7अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा गौराकला बाजार स्थित पोखरे से निकाली गयी।जिसमें चिरईगांव, चूनाडीह, गौराकला सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से महिलाएं एवं पुरुषों ने सर कलश लेकर कथा स्थल ठूंठा वीर डीह बाबा मंदिर पहुंचे। कलश यात्रा में वृन्दावन से आये आचार्य सुनील पाराशर, सौरव जी,प्रींस,शिवम,जगलाल, छोटेलाल, विंदो,लालती,अनिता, शहजाद आदि शामिल थे। डीहबाबा मंदिर पर शाम को कथावाचक दीदी ऋत्यिजा शास्त्री की कथा हुई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मौना, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(बलदेव यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मौना, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मौना, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनवीरपुर, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(सदावृज)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. बनवीरपुर, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. बनवीरपुर, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत धरमदासपुर, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(गरिमा राय)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. धरमदासपुर, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. धरमदासपुर, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत दुवार्षा, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(अर्चना यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. दुवार्षा, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. दुवार्षा, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

# आग से 300 बीघा गेहूं की फसल राख

**बैरिया।** अग्निदेव ने शुक्रवार को एक बार फिर तांडव मचाया और देखते ही देखते लगभग 300 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों द्वारा घण्टों अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन केन्द्र इब्राहिमाबाद की छोटी गाड़ी पर तैनात कर्मियों को किसानों ने भला-बुरा सुनाया।

उल्लेखनीय है कि रेवती थाना क्षेत्र के बघमरिया गांव के पूरब झरकटहा मौजा में शुक्रवार को भूसा बनाने वाली मशीन चल रही थी कि उससे उड़ी चिंगारी से बगल के गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गयी और देखते ही देखते तीन सौ बीघा क्षेत्रफल में खड़ी गेहूं की फसल राख में तब्दील हो गयी। लोग बार-बार अग्निशमन विभाग को फोन लगाते रहे, किन्तु समय से अग्निशमन केन्द्र की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। बघमरिया, श्रीनगर, झरकटहा, देवपुर मठिया आदि गांवों के सैकड़ों किसानों ने आस-पास के पम्पिंग सेट से चालू कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घण्टों मशक्कत

## निराश हुए किसान

### ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग पर पाया काबू

### रेवती में भी आग से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल राख

के बाद आग बुझ गयी, किन्तु तब तक तीन सौ बीघे में खड़ी गेहूं की फसल राख हो गयी। श्रीनगर के भिसम यादव, रिखदेव यादव, प्रधान राजेश यादव, पारस नाथ राय, वृजकिशोर यादव, मिथिलेश यादव, बासुदेव यादव, वीरेन्द्र यादव, धनलाल यादव, छट्ठू यादव सहित सैकड़ों किसानों का गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। किसान आदित्य सिंह आदि ने आग बुझाने में लापरवाही बरतने का आरोप अग्निशमन केंद्र पर लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, जिलाधिकारी एवं एसपी को ट्वीट कर अग्निशमन विभाग के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाया है।


धू-धू कर जलती खेतों में खड़ी गेहूं की फसल

**उधर रेवती संवाददाता** के अनुसार भूसा बनाने वाली मशीन की चिंगारी से लगी आग में शुक्रवार की दोपहर में झरकटहां एवं श्रीनगर के दर्जनों किसानों की गेहूं की खड़ी फसल तथा बोझ सहित लगभग ढाई सौ बीघा की गेहूं की फसल तथा सरसों जल कर राख हो गया। भूसा बनाने वाली मशीन से निकली चिंगारी से झरकटहां में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गयी। पछुआ हवाओं की शह पर आग बढ़ते-बढ़ते श्रीनगर, बघमरिया तथा वशिष्ठ नगर प्लाट के खेतों की खड़ी फसलों को जलाते हुए पूरे क्षेत्र में फैल गई। देखते ही देखते झरकटहां के दिनेश्वर सिंह की सात बीघा, रामायण यादव की पांच बीघा, बृजेश यादव की एक बीघा, तारकेश्वर सिंह की पांच बीघा, दीनानाथ वर्मा की पांच बीघा, रणजीत यादव 10 कट्ठा सरसों, राजनारायण सिंह की एक बीघा सहित श्रीनगर के राजेश यादव की पांच बीघा,योगेंद्र यादव की एक बीघा, राम गहन यादव की एक बीघा, सुरेंद्र यादव की दो बीघा, शिव शंकर राय की 12 बीघा, पारस यादव की दो बीघा, बासदेव यादव की दो बीघा, भीष्म यादव की दो बीघा, भिखारी यादव की दो बीघा, विनय सिंह की तीन बीघा, मधुसूदन यादव की आठ बीघा, मास्टर यादव की तीन बीघा, राजवली यादव की डेढ़ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

## एक सप्ताह में हुई अगलगी की चार बड़ी घटनाएं

**बैरिया।** द्वाबा में अग्निदेव कुपित है तो अग्निशमन केन्द्र इब्राहिमाबाद शिथिल मोड में है। क्षेत्र में एक सप्ताह में चार बड़ी आगलगी की घटना हो चुकी है। किसानों का करोड़ों की फसल जलकर राख हो गई है। इब्राहिमाबाद अग्निशमन केंद्र के कर्मचारी संसाधनों के अभाव के चलते अपेक्षित सेवा नहीं दे पा रहे हैं। वहीं, आग की तबाही को जिला अग्निशमन अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। कहते हैं कि आगलगी की घटनाओं को बढ़ा-चढ़ा कर रखा जा रहा है। उन्होंने बकुलहा की चर्चा करते हुए कहा कि वहां केवल पराली जली है। फसल नहीं जला है। बावजूद इसके लोग फसल जलने की बात कर रहे हैं। वहां पर पराली किसानों ने जलाया है। मैं स्वयं मौके पर गया था। इसी तरह उनका कहना है कि हमारे यहां सभी संसाधन उपलब्ध है। हम लोग पूरी क्षमता के अनुसार कार्य कर रहे हैं। ऐसे में देवपुर मठिया, बघमरिया में आगलगी की बड़ी घटनाएं कैसे हो गई? यह चर्चा का विषय है। नाराज किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इब्राहिमाबाद अग्निशमन केंद्र पर एक गाड़ी का पंप खराब है। एक बड़ी गाड़ी मौके पर मौजूद है, जिसे राह घाट की परेशानियों के कारण मौके पर जाने में देर हो रही है। इस संबंध में जब अग्निशमन अधिकारी धर्मेंद्र सिंह यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम लोग थोड़े आग लगा रहे हैं। आग किसानों की गलती से लग रही है। वहां सावधानी बरतने की जरूरत है। हम लोग अपनी पूरी क्षमता के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास करते हैं और आग बुझाते हैं।

# पात्रों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ, बोले जयप्रकाश साहू

## आयोजन

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कान्हा गौशाला के लिए किया शिला पूजन

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत के विकास के लिए योजना का पिटारा खुल गया है। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने नगरा के ब्राह्मणपुरा मार्ग स्थित लगभग तीन एकड़ भू-भाग पर एक करोड़ 65 लाख की लागत से कान्हा गौशाला के लिए शिला पूजन कर विधि-विधान से निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस पशु आश्रय गृह के बन जाने से आवारा पशुओं के लिए व्यवस्थित शरणगाह होगा। इसके शिलान्यास होने से क्षेत्रीय लोगों में प्रसन्नता व्याप्त है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ब्रजेश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि भाजपा का मिशन विकास तेज गति से लोगों को राहत पहुंचा रहा है। सरकार की सारी योजनाओं से आम आदमी सीधा


शिला पूजन करते भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू एवं अन्य

लाभान्वित हो रहा हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर बनी इस सरकार का सबका साथ-सबका विकास मूल मन्त्र है। जिस तरह से हर क्षेत्र में धुंआधार विकास हो रहा है, उससे हर लोग आशान्वित होकर भाजपा का साथ देने के लिए तत्पर हैं। इस गौशाला के चालू हो जाने से क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ला ने कहा कि यह नगर पंचायत में विचरण करने वाले छुट्टा पशुओं के लिए अत्याधुनिक शरणस्थली रहेगा। इस मौके पर कैलाश बिहारी सिंह, शशि प्रकाश चौरसिया, देवनारायण प्रजापति देवा भाई, प्रमोद कुमार सिंह पप्पू, पृथ्वीपाल सिंह, जय प्रकाश जायसवाल, डा. मिलन राम, भोला कन्नौजिया, दीपक कुमार, संजय पासी, योगेन्द्र यादव, काशीनाथ जायसवाल, मनोज सिंह, फतेह सिंह, प्रमोद पाठक, राजू सोनी, अमरेन्द्र सोनी, राहुल शर्मा, संजय पाण्डेय, जक्सन सिंह, योगेन्द्र पाण्डेय, रविश शर्मा, दीपक पाण्डेय आदि रहे। अध्यक्षता अरविन्द सिंह ने किया। सभी आगन्तुकों का आभार रामकरन सिंह ने व्यक्त किया। ई ओ ब्रिजेश गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

## आग से आधा दर्जन रिहायशी झोपड़ियां राख

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के हुसेनाबाद गांव में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से लगी आग से आधा दर्जन रिहायशी झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग की घटना में एक बालक व एक युवक झुलस कर घायल हो गये है। ग्रामीणों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि हुसेनाबाद गांव निवासी केशव यादव, गरजन यादव तथा अर्जुन यादव के घर के लोग खेतों में गेहूं की कटाई करने गये थे। इस बीच अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ियों में आग लग गया। घर के अंदर 10 वर्षीय बालक पवन यादव आग की चपेट में आकर रोने-चिल्लाने लगा। गांव में राजमिस्त्री का काम करने वाले सुअरहा गांव के स्वामी नाथ यादव ने साहसिक कदम उठाते हुए आग के बीच ही बालक को बचाने चले गये। राज मिस्त्री स्वामीनाथ ने आग से बालक पवन को बाहर निकाला। इस दौरान आग से बालक पवन व स्वामीनाथ बुरी तरह झुलसकर घायल हो गये थे। मौके पर पहुंचे प्रधान संजीत यादव ने अपनी गाड़ी से घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। आग से अनाज, बर्तन, कपड़ा आदि सभी सामान जल गया है। घटना में एक भैंस व पड़िया भी झुलस कर घायल हो गई।

# पंपिंग सेट मशीन चोरी होने से किसानों में रोष

**जनसंदेश न्यूज**

सहतवार। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 में स्थित जीन बाबा स्थान से करीब 400 मीटर दूरी पर लगे आधा दर्जन किसानों के खेतों को पटाने वाली पंपिंग सेट मशीन रात में चोरी हो गया। इसके चलते किसानों को पानी पटाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़ित किसान काशी सिंह, अमरदेव मिश्र, लक्ष्मण वमा, राजू यादव, सुरेंद्र पाल तथा सुनील सिंह आदि ने बताया कि पंपिंग सेट मशीन जीन बाबा मंदिर से लेकर कुम्हैला तक लगा रहता था, जिससे आस-पास के किसान भी अपने खेतों का पटवन का काम करते थे। किसान काशी सिंह ने बताया कि एक मशीन की कीमत लगभग 30 से 40हजार होती है।

इसे तुरंत खरीद पाना किसी भी किसान के लिए संभव नहीं है। श्री सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि मशीन चोरी होने का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही चोरी का पर्दाफाश किया जाएगा।



# बाजारों में पैदल गश्त करेंगे पुलिस कर्मी

**बलिया।** बदलते समय में यूपी पुलिस तकनीक के साथ चल रही है। मुख्यमंत्री ने जिले में क्राइम पर नकेल कसने के लिए सभी थाना प्रभारी और आला अधिकारियों को शहर, कस्बा, बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त करने का निर्देश दिया था। पुलिस की गतिविधि से अपराधियों में भय रहेगा और लोग अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। फुट पेट्रोलिंग के नाम पर सेल्फी भेजकर खानापूर्ति करने वाले पुलिस कर्मियों की शामत होने वाली है। पुलिस विभाग ने थानेवार पुलिस के जवानों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए यूपी पुलिस फुट पेट्रोलिंग एप एवं पोर्टल बनाया है।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रोजाना होने वाली पैदल गश्त, चेकिंग, परेड व अन्य गविधियों की फोटो सहित पूरा डिटेल अपलोड करना होगा। मुख्यालय व आलाधिकारी नजर रखेंगें। गृह विभाग थानावार इसकी नियमित समीक्षा करेंगें। इस एप को स्मार्टफोन में डाउनलोड या कंप्यूटर पर लिंक खोलकर देखा जा सकता है। यूपी पुलिस फुट पेट्रोलिंग एप व पोर्टल पुलिस मुख्यालय के डेटा सेंटर से संचालित होगा। सीसीटीएनएस साफ्टवेयर के साथ एकीकृत है। एप व पोर्टल प्रयोग करने में सरल एवं सहज है और इसमें फोटोयुक्त एकल पृष्ठ डेटा प्रविष्टि की सुविधा है। किसी गलती पर थाना स्तर के अनुरोध पर एसपी लेवल के अधिकारी के अनुमोदन के बाद केवल उसी दिन के लिए डाटा को संशोधित करने की सुविधा भी दी गई है।

> अभी इस एप और पोर्टल से सभी थानों और अधिकारियों को जोड़ा जा रहा है। आगे आम जनता तक पुलिस की पहुंच बढ़ाने और अपराधियों में पुलिस का भय बनाए रखने के लिए आम लोग भी थानेवार पुलिस की गतिविधि देख सकते हैं।
>
> दुर्गा प्रसाद तिवारी, एसपी

## अज्ञात वाहन के धक्के से अधेड़ की मौत

**रसड़ा।** रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग स्थित सरदारपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क पर पैदल जा रहे अधेड़ को पीछे से अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इससे मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के सरदारपुर गांव निवासी सुरेंद्र राजभर (55) पुत्र रामवचन राजभर सड़क पर पैदल जा रहे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। आस-पास के लोगों ने उनको सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक सब्जी बेचने का काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और दहाड़े मारकर रोने लगे।

# प्रयोगशाला सहायक संघ की बैठक संपन्न

## बैठक

### सर्वसम्मति से किया गया कार्यकारिणी का विस्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** शहर स्थित एक लाज में प्रयोगशाला सहायक संघ बलिया की बैठक संपन्न हुई, जिसमें तीन वर्ष के संतोष जनक सेवा के उपरांत प्रयोगशाला सहायकों के स्थाईकरण एवं वरिष्ठ साथियों के एसीपी निर्धारण सहित आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही संघ को गतिशील कर संघर्ष के माध्यम से समस्याओं का समाधान निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें संरक्षक शैलेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, मुरली मनोहर मिश्रा, संतोष शर्मा, संयुक्त मंत्री राकेश कुमार, संजय कुमार राय, दिनेश यादव, शिवनारायण वर्मा, संगठन मंत्री कृष्ण मोहन तिवारी, पप्पू यादव, सुनील कुमार सिंह, अजित कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार राव, सह कोषाध्यक्ष राहुल पाठक, प्रचार मंत्री संतोष कुमार यादव, कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय, तहसील प्रभारी (बैरिया) परमात्मानंद सिंह, अवधेश सिंह, तहसील प्रभारी (बांसडीह) सुरेश साहनी बनाए गए। इस अवसर पर वेद प्रकाश पाण्डेय, सुशील कुमार त्रिपाठी, कौशल उपाध्याय, संजय भारती, अनिल सिंह, जनार्दन यादव, जितेन्द्र सिंह, देव प्रकाश सिंह, विनोद मिश्रा, वाईडी मिश्रा, मुन्ना बाबू पटेल, आशुतोष सिंह, अफजल खान, शैलेश श्रीवास्तव, मुरली श्रीवास्तव, धर्मेंद्र पाठक, जितेन्द्र कुमार, अमरनाथ पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता विनोद कुमार पांडेय एवं संचालन कमलेश्वर सिंह ने किया।


प्रयोगशाला सहायक संघ बलिया के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

# भंडारा में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

## आस्था

### मंदिर के पुजारी ने विधि-विधान से कराया पूजन-अर्चन

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर के हनुमानगढ़ी मंदिर रेलवे पानी टंकी पर गुरुवार की शाम हनुमान जयंती के मौके पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व हनुमानगढ़ी के पुजारी पंडित नागेंद्र उपाध्याय ने विधि-विधान से पूजन, आरती तथा हवन आदि संपन्न कराया। बता दें कि एक दिन पूर्व से श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ संपन्न हुआ। इस मौके पर मंदिर परिसर को विद्युत उपकरणों से सजाया गया था। आयोजन समिति संग नगर के प्रमुख समाजसेवी प्रवीण नारायण गुप्त प्रसाद ने वितरण करने में अहम भूमिका अदा की। इस अवसर पर प्रशान्त कुमार जायसवाल मंटू, प्रवीण कुमार चौबे, दुर्गा प्रसाद मधु लाला, देवेन्द्र कुमार गुप्त एडवोकेट, अनिल कुमार सोनी, डा. रजत, जितेन्द्र सोनी, राजेश कुमार, सुनील कुमार जायसवाल टिंकू, अशोक मधुर, गुलाब चन्द भोलू, श्याम सुंदर कसेरा, विनोद कुमार पप्पू, यशवीर सिंह रिंकू, प्रिन्स सोनी, मनोज सर्राफ, रामदेव सोनी, राम विलास हलुवाई, राजेश कुमार गोयल, आलोक जायसवाल, किशन जायसवाल, महेंद्र शर्मा, पवन कुमार मित्तल मोनू, सुबास चन्द जायसवाल, जितेन्द्र प्रसाद, घनश्याम मद्धेशिया, विशुनदेव हलुवाई, लोहा सिंह, फतेह बहादुर स्वर्णकार, नन्द जी वर्मा, मनोज बरनवाल, गुड्डू बरनवाल, अतुल मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।


भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

## प्रभारी निरीक्षक ने काटा केक

**बेल्थरारोड।** हनुमान जयंती के अवसर पर उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने केक काटा और खुशी का इजहार किया। इसमें मंदिर के पुजारी पंडित नागेन्द्र उपाध्याय सहित अनेक भक्त शामिल हुए। केक कटने के बाद प्रसाद स्वरूप भक्तों में वितरण किया गया।

## सपा से टिकट के लिए प्रस्तुत किया आवेदन

**बलिया।** सपा कार्यालय में नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष पद के लिए कई लोगों ने अपनी दावेदारी की है। शुक्रवार को सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव मौजूद रहे। इस दौरान दावेदारों ने टिकट के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया। इसमें शशिकांत चतुर्वेदी, राघव सिंह, निषिद्ध श्रीवास्तव नीशु ने आवेदन किया है। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष पद के कई ऐसे दावेदार है, जो बहुत जल्द सपा कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करेंगे। सपा पूरी दमदारी से निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी है। जिले के कुल दो नगर पालिका एवं 10 नगर पंचायतों में चेयरमैन से लगायत सभासद पद के प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया में सपा लगी है। जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने बताया कि सबका आवेदन लिया जा रहा है। इसके बाद चयन कमेटी बैठेगी और उसके निर्णय के अनुसार पार्टी हाईकमान को अवगत कराते हुए प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी।

# बाइक पलटने से युवक की मौत,दूसरा गंभीर

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र में हालपुर पुलिया के समीप गुरुवार देर रात असंतुलित होकर बाइक पलटने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल को अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार करम्मर गांव निवासी रतन वर्मा और बिट्टू मनियर की तरफ से बाइक से वापस आ रहे थे। हालपुर ग्राम सभा स्थित पुलिया के समीप बाइक असंतुलित होकर गड्ढे में पलट गयी। इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान रतन वर्मा की मृत्यु हो गयी, जबकि घायल बिट्टू का उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।


## सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के करनई नई बस्ती के पास शुक्रवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार भरखरा गांव निवासी दीपक शर्मा की पत्नी आशा शर्मा (32) शांति हास्पिटल में जीएनएम का क्लास करने जा रही थी। अभी वह करनई छाड़ी नई बस्ती के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लिया है। घटना के बाद चालक फरार हो गया।

## संक्षेप

### हैंडपंप एवं टोंटियों से नहीं आ रहा पानी

**बैरिया।** जल के बिना जीवन की परिकल्पना नही की जा सकती है। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पेयजल के अभाव के चलते गर्मी के मौसम में यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। यहां न तो हैंडपंप पानी दे रहे हैं और न ही प्लेटफार्म पर लगी टोंटियों से ही पानी आ रहा है। ऐसे में यात्रियों को बोतलबंद पानी खरीद कर पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बलिया-छपरा रेलखंड पर स्थित सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन सबसे अधिक आय देने वाला ग्रामीण स्टेशन है। इसका चयन अमृत भारत स्टेशन के रूप में भी हुआ है, किंतु यहां विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता के कारण पेयजल के लिए यात्रियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। प्लेटफार्म नंबर दो पर एक भी हैंडपंप या टोटी नहीं है। वहीं, प्लेटफार्म नंबर एक पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप व दो टोटी छोड़कर बाकी सभी टोटियों से पानी नहीं आ रहा है। इस बाबत पूछने पर स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि संबंधित टोटियों को ठीक करने के लिए बलिया व वाराणसी के संबंधित कार्यालय को पत्र भेजा गया है। गर्मी में यात्रियों को पेयजल के अभाव से होने वाली असुविधा से हम लोग वाकिफ है। इसलिए इसे जल्द से जल्द ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है।



### आप कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक

**बलिया।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनियर थाना क्षेत्र के अंतर्गत के एक गांव में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म में तहरीर बदलने, धारा-376 और पाक्सो एक्ट नहीं लगाने के संबंध में जिलाधिकारी को पत्रक दिया। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि मनियर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम सभा में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। इसमें पीड़िता की मां द्वारा थाने पर तहरीर दिया गया, लेकिन बांसडीह की भाजपा विधायक के दबाव में थाना प्रभारी ने उस तहरीर को बदल दिया एवं एक नई तहरीर बनवा कर उस पर पीड़िता के पिता का अंगूठा ले लिया और पूरे मुकदमे की दिशा ही बदल डाली। कहा कि पीड़िता की मां द्वारा जो तहरीर दी जा रही थी, उसमें साफ-साफ लिखा था कि नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। उसे उसके घर से उठाया गया है, जिसमें धारा-376 और पाक्सो लगना अनिवार्य है। थाना प्रभारी ने तहरीर बदल दी और पीड़िता के अभिभावकों के अनपढ़ होने का लाभ उठा लिया। राजनीतिक दबाव में केस को कमजोर किया जा रहा है। इस अवसर पर राजकुमार मौर्य, जवाहर पासवान, अंजनी तिवारी, अमरीश चौबे, रणविजय, विजय शंकर राजभर, सर्वजीत यादव, नवतेज कुमार, राजकुमार पांडे आदि मौजूद रहे।



### एसडीएम ने ग्रहण किया कार्यभार

**रसड़ा।** उप जिलाधिकारी सर्वेश यादव का हस्तांतरण सिकंदरपुर तहसील में हो गया है। उनकी जगह नवागत उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज ने तहसील रसड़ा में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उपरांत समस्त स्टाफ की बैठक ली। उन्होंने सभी कर्मचारियों को हाईकोर्ट के मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने को कहा। साथ ही स्वामित्व सर्वे, कृषि गणना, रियल टाइम खतौनी व नगर पंचायत चुनाव की भी समीक्षा की।



### दो व्यक्तियों के खाते में वापस कराया पैसा

**बलिया।** साइबर सेल ने दो व्यक्तियों के खाते से धोखाधड़ी कर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निकाले गये 77900/-रूपये उनके खातों में वापस कराया है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन व नोडल साइबर सेल के कुशल पर्यवेक्षण में शुक्रवार को रमाशंकर राम पुत्र स्व. जोखन राम निवासी लखनपुरा, थाना रसड़ा के खाते में 21000/- तथा हीरा प्रसाद पुत्र स्व. जिउत प्रसाद निवासी शाहपुर अगहा, थाना उभांव के खाते में 56900/- रूपये वापस कराया गया। शेष धनराशि को भी वापस कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बलिया पुलिस तथा साइबर क्राइम सेल टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है। साइबर सेल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पांडेय, आरक्षी अमरनाथ मिश्र, शिवचंद्र यादव, महिला आरक्षी ऋचा शुक्ला शामिल रहे।

### कल आयेंगे रामअचल राजभर

**बलिया।** जिला सपा कार्यालय पर पूर्व मंत्री एवं बलिया लोकसभा के बूथ प्रबंधन प्रभारी रामअचल राजभर का आगमन नौ अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे होगा। इसमें लोकसभा क्षेत्र बलिया के समस्त विधान सभाओं के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी। यह जानकारी राजन कन्नौजिया ने दी है।

### आज शहादत दिवस पर होगा विभिन्न कार्यक्रम

**बलिया।** अमर शहीद मंगल पांडेय की 166वां शहादत दिवस उनकी महिमा एवं गरिमा के अनुरूप मनायी जायेगी। यह बात शहीद मंगल पांडेय स्मारक समिति कदम चौराहा के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने अमर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा की साफ-सफाई के पश्चात व्यक्त किया। कहा कि आठ अप्रैल, शनिवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रातः आठ बजे प्रभातफेरी, झंडातोलन एवं गार्ड ऑफ आनर का आयोजन किया गया है। कहा कि शाम चार बजे सर्वदलीय सभा रात्रि नौ बजे से चैता का मुकाबला होगा। स्वामीनाथ एवं हरेन्द्र सिंह बुद्धा के बीच मुकाबला होगा।

### तीन युवकों पर मारपीट व लूट का मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मठ योगेन्द्र गिरी स्थित पेट्रोल पंप के निकट बुधवार की रात बिहार के एक युवक के साथ कथित रूप से मारपीट एवं मोटरसाइकिल लूटने की तहरीर पर बैरिया पुलिस ने गुरुवार की देर शाम दोकटी थाना क्षेत्र के धतूरी टोला निवासी मोहम्मद आजाद व दो अन्य पर मोटरसाइकिल लूट और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। बिहार राज्य के सारण जनपद अंतर्गत डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी अड्डा गांव निवासी धर्मजीत कुमार सिंह पुत्र दरोगा सिंह ने बैरिया थाने में तहरीर दी थी कि बुधवार की रात आठ बजे के लगभग हम बैरिया से अपने घर छपरा जा रहे थे कि मुहम्मद आजाद सहित दो अन्य लोग मोटरसाइकिल से पीछा कर मठ योगेन्द्र गिरी के पास मेरे साथ मारपीट किए और मेरी हीरो मोटरसाइकिल बीआर 04 हई 5374 छीन कर भाग गए। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा हम लोगों को मोबाइल पर सूचना दी गई थी। हम लोग मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उक्त युवक से तहरीर मांगा, किंतु युवक अपने गांव छपरा चला गया। बैरिया से पुलिस भेजकर उसे बिहार से बुलवाया गया। गुरुवार की देर शाम वह थाने पहुंचा और तहरीर दिया। तहरीर के अनुसार उसका मुकदमा पंजीत कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### अधिकार सेना ने मनोज राय को बनाया प्रत्याशी

**बलिया।** अधिकार सेना ने बलिया नगर पालिका अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता मनोज राय हंस को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यह घोषणा अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बलिया में एक कार्यक्रम के दौरान किया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मनोज राय हंस एक कर्मठ एवं ईमानदार अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता हैं। उन्होंने जनहित के तमाम कार्य किए हैं। बलिया नगर पालिका में सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार की है। यहां के पूर्व अध्यक्षों ने केवल लूटपाट का काम किया है। अधिकार सेना इसे पूरी तरह समाप्त करेगी। मनोज राय हंस ने कहा कि वे पूर्व में भी जनहित का कार्य करते रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अमिताभ ठाकुर, डा. नूतन ठाकुर, मनोज राय हंस, अवधेश ठाकुर, रितेश पांडे, सिंहासन चौहान, केएन उपाध्याय, दिनेश गिरी, धर्मेंद्र गिरी, सुमन गुप्ता आदि के साथ कलेक्ट्रेट से गांधी पार्क तक विशाल जुलूस के रूप में पदयात्रा किया।

### मंदिर पर चल रहा श्रीराम नाम संकीर्तन

**बलिया।** संकट मोचन हनुमान मंदिर हरपुर आवास विकास के छठवें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरिहरानन्द स्वामी जी महाराज के सानिध्य में 37 दिवसीय श्रीराम नाम महामंत्र हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे जाप चल रहा है। यह पांच मार्च से चल रहा है। 11 अप्रैल को विशाल भंडारा किया जायेगा।

### ग्राम चौपाल में सुनी समस्याएं

**मझौवां।** विकास खंड बैरिया के ग्राम पंचायत गोपालपुर में शुक्रवार को सरकार के निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत के विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया। किसी ने नाली की समस्या तो किसी ने रास्ता, आवास, सोख्ता आदि की तरफ ध्यान आकर्षित कराया। इस दौरान कुछ समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी अखिलानन्द यादव, प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार, रोजगार सेवक रितेश यादव, पंचायत सहायक रेशमी कुमारी आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा सेल में डंप पड़ा ईपीएफ का करोड़ों रुपया

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** पूरा सिस्टम डिजिटल हो रहा है, लेकिन यहां तो हाकिमों पर इसका असर ही नहीं दिख रहा है। इसे लापरवाही कहें कि अकर्मण्यता, जिसके कारण मनरेगा कर्मियों के ईपीएफ फंड का करोड़ों रुपया मनरेगा सेल में डंप पड़ा है। जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता के कारण मनरेगा कर्मियों का यूनिवर्सल अकाउंट आज तक नही खुल पाया हैं।

फलस्वरूप कटौती के बावजूद उनका पैसा ईपीएफ खाते में जाने की बजाय मनरेगा सेल में ही डम्प हो रहा है। इस पर जिम्मेदार मौन है।

**यह है हाल**

### अभी तक नहीं खुला मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ अकाउंट

बता दे कि तीन वर्ष पूर्व शासन ने मनरेगा के तहत तैनात एपीओ, तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों, कंप्यूटर आपरेटरों व लेखाकारों का ईपीएफ खाता तत्काल खोले जाने और उसमें उनके भविष्य के लिए मानदेय के कटौती के पैसे को जमा कराने का निर्देश जारी किया था, किंतु स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण सरकारी आदेश को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया। इसके कारण आज तक मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ अकाउंट नहीं खुल सका है। उनके भविष्य निधि का पैसा जहां जमा होना चाहिए, वहां जमा नहीं हो पाया।

उपायुक्त श्रम रोजगार बलिया द्वारा इस प्रकरण को गंभीरता से लेकर हस्तक्षेप किया गया और समस्त खंड विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर यह पूछा गया है कि अभी तक मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ खाता क्यों नहीं खुला? साथ ही एक सप्ताह के भीतर सभी मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ खाता खोलकर इसकी सूचना अपने कार्यालय में तलब की है। गौरतलब है कि जनपद में एक डीसी के अलावा एपीओ 15, तकनीकी सहायक 80, रोजगार सेवक 780, कंप्यूटर आपरेटर 17 और मनरेगा लेखाकार 15 की तैनाती है। मानदेय के रूप में हर महीने करोड़ों रुपए का भुगतान किया जाता है। वहीं, ईपीएफ के रूप में हर महीना लाखों रुपए की कटौती होती है। अकेले ईपीएफ फंड का कर्मचारियों के कटौती का करोड़ों रुपया मनरेगा सेल में डंप पड़ा हुआ है। फलस्वरूप उनका धनराशि उनके ईपीएफ बैंक अकाउंट में नहीं गया। इससे सभी मनरेगा कर्मियों का ब्याज के रूप में ईपीएफ की धनूराशि पर पिछले तीन वर्षों में कुछ भी नहीं मिला। यह किसकी लापरवाही है और ऐसा इस सरकार में भी कैसे हो रहा है? यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

> शासन ने तीन वर्ष पूर्व मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ अकाउंट खोलने का आदेश दिया था, किंतु उन दिनों के जिम्मेदार अधिकारियों एवं लेखाकारों की लापरवाही तथा उदासीनता के कारण मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ अकाउंट नहीं खुल पाया है। यह सरासर अन्याय व सरकारी कार्य में घोर लापरवाही है। इसमें जांचोपरांत जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जाएगा। यथाशीघ्र उक्त सभी मनरेगा कर्मियों का ईपीएफ अकाउंट खोल दिया जाएगा।
>
> दिग्विजय पांडेय, डीसी, मनरेगा, बलिया

# अपर जनपद न्यायाधीश ने जाना कैदियों का हाल

**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में तैनात चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि जिला कारागार बलिया में निरुद्ध बंदियों के चिकित्सीय परीक्षण हेतु एक कैम्प आयोजित करें।



निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का स्तर ठीक पाया गया। उन्होंने किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से वार्ता किये। वार्तालाप के दौरान बंदियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु उप कारापाल श्रीमती रीना तिवारी को निर्देशित किया। साथ ही जिला कारागार में प्लान आफ एक्शन के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसमें बंदियों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। साथ ही बंदियों को स्वस्थ रहने के लिए संबंधित जानकारियां व विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व के बारे में बताया गया।

जेल में तैनात चिकित्सक नसीम आजाद द्वारा बंदियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती रीना तिवारी उपकारापाल, अमर सिंह उप कारापाल, डा. नसीम आजाद, रामप्रवेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है

ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2023-35
कार्य का नाम : बुढवल–सीतापुर के मध्य पुल सं0 78 एवं 120 पर 170 नग एच. बीम चैनल स्लीपर का नवीनीकरण। अनुमानित लागतः ₹ 5384952.44, अग्रिम धनः ₹ 107700.00, समापन अवधिः 06 माह,

1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2023-35 के लिये ई–निविदा दिनांक 01.05.2023 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू–08 लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# 25 को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करेंगे छात्र

**बैठक**

### छात्रनेताओं ने बैठक करके लिया निर्णय

**बलिया।** टीडी कालेज के जयप्रकाश नारायण सभागार में छात्रनेताओं की बैठक हुई। छात्रनेता प्रवीण कुमार सिंह ने छात्रवृत्ति के संदर्भ में तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि सत्र 2022-23 में 83,62,085 छात्रों ने छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया है। वही, विगत दिनों मात्र 21.66 लाख छात्रों के ही खाते में धन आवंटित की गई, वह भी आधा-अधूरा। 9,23,669 छात्रों को दस्तावेजी तौर पर अयोग्य घोषित किया गया। इससे करीब करीब 70 प्रतिशत छात्र इस वर्ष भी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाएंगे।



टीडी कालेज में बैठक करते छात्रनेता

वरिष्ठ छात्रनेता आलोक सिंह कुंवर व पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत सिंह गौतम ने एक स्वर में कहा कि छात्रों को अपने हक की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़नी होगी और अपनी आवाज बुलंद करना होगा। छात्रवृत्ति केवल एक राशि नहीं होती, बल्कि वह छात्रों के आगामी पढाई की एक उम्मीद भी होती है।

ऐसे में सरकार द्वारा छात्रों की छात्रवृत्ति न देना समझ से परे है। नितेश यादव व सूरज यादव ने कहा कि छात्र समाज कल्याण विभाग का चक्कर काट रहें है और अधिकारी हमेशा की तरह धन का अभाव बता रहे हैं। यह लूट कब तक चलेगी? अब वक्त आ गया है कि एकजुट होकर हम लड़ाई लड़े। बैठक में सर्वसम्मति से छात्रों ने आगामी 25 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रर्दशन करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर इम्तियाज अहमद, हिमांशु सिंह, राजदीप सिंह, हेमंत यादव, अनुराग पटेल, धर्मेंद्र वर्मा, आशीष यादव, मोहित यादव, मदनी मोरिश आदि माजूद रहे।

## विशेष सचिव ने पशुओं को खिलाया गुड़

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के हल्दीरामपुर स्थित गौ आश्रय केन्द्र का विशेष सचिव शहरी विकास राकेश मिश्र ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विशेष सचिव को गौशाला में 49 पशु स्वस्थ मिले। उन्होंने पशुओं की संख्या अधिक होने पर गौ आश्रय केंद्र के शेड का और विस्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि पशुओं के चारा और अनाज के लिये गांव के प्रधान से लेकर अन्य समाजसेवियों को बढ-चढकर दान करना चाहिए। सबके सहयोग से ही यह कार्य चलेगा। उन्होंने गौशाला की रखवाली करने वाले कर्मचारियों की मजदूरी का समय से भुगतान करने के लिए कहा। उन्होंने गौशाला में पशुओं को गुड़ भी खिलाया। इस दौरान रछौली ग्राम प्रधान विवेक कुमार मिश्र ने गौशाला में तीन टाली भूसा दान किया। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ओमप्रकाश, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, डा. अनिल यादव उप निदेशक, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सीयर अजीत कुमार गुप्ता, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. रणधीर प्रसाद, खण्ड विकास अधिकारी मधुछन्दा सिंह, ईओ बिल्थरारोड ब्रजेश गुप्ता, एडीओ पंचायत राजेश यादव, अखिलेश यादव, महबूब अख्तर, सुनील कुमार सिंह, राजकुमार, ग्राम प्रधान अनन्तदेव सिंह, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

# शारदा नारायण क्लीनिक की वर्षगांठ पर काटा केक

**बलिया।** हास्पिटल रोड स्थित अजीता मेडिकल के बगल में शारदा नारायण क्लीनिक का एक वर्ष पूर्ण होने पर अतुल पाठक द्वारा केक काटकर वर्षगांठ मनाया गया। अतुल पाठक ने बताया कि डा. एकिका सिंह स्त्री रोग एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ ने पूर्वांचल में लगभग हजार से अधिक सफल आईबीएफ करके निःसंतान घरों में किलकारी को जन्म दिया है। साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. राहुल कुमार घुटना प्रत्यारोपण व कूल्हा प्रत्यारोपण के लिए पूर्वांचल में जाना-माना नाम है। साथ ही न्यूरो विभाग के डा. रुपेश सिंह राम मनोहर लोहिया के (पूर्व) न्यूरो सर्जन है। अपनी निरंतर सेवाओं से लगातार बलियावासियों को अपनी सेवाएं दे रहे है। इस अवसर पर अभिजीत सिंह अंकुर, राहुल सिंह, आलोक रंजन सिंह, गीता सिंह, अमृता यादव, अजीत तिवारी, मुकेश कुमार, अवनींद्र मिश्रा, भानु सिंह, सलमान, सैफ, मोनू पांडे, अजय कुमार, विशेष कुमार, पिंटू कुमार आदि मौजूद रहे।



# सियाराम दास को ग्रहण कराया आसन

**बांसडीह।** क्षेत्र के किर्तूपुर गांव में गुरूवार की देर शाम ठाकुरबाड़ी मंदिर के महंथ पद पर वैदिक रीति से पूजा पाठ के बाद सियाराम दास महाराज को आसन ग्रहण कराया गया। ठाकुरबाड़ी के महंथ रामलखन दास शास्त्री के निधन के बाद महंथ का पद खाली था। सियाराम दास उनके शिष्य हैं। ठाकुरबाड़ी में दो दिवसीय अंखड हरिकीर्तन व पूजा पाठ, हवन आदि विधियों के बाद संत रामप्रिय दास व महंथ रामउदार दास ने अंगवस्त्रम तथा माला फूल पहनाकर सियाराम दास को गददी पर आसन ग्रहण कराया। इस अवसर पर प्रधान दिग्विजय सिंह, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, रामपाल सिंह, राजाजी सिंह, संजय सिंह, गुलाब वर्मा आदि मौजूद रहे।



**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना संख्या 39/2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **स्पेशल गाड़ियों** का संचलन निम्नवत् किया जायेगाः–

**01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–बनारस–लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी**

**गाड़ी सं. 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 1, 8, 15, 22 एवं 29 मई, 2023 और 5 जून, 2023 को – कुल फेरे–6**
**गाड़ी सं. 01054 बनारस से 2, 9, 16, 23 एवं 30 मई, 2023 और 6 जून, 2023 को – कुल फेरे–6**

| 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–बनारस | | ↓ स्टेशन ↑ | 01054 बनारस–लोकमान्य तिलक टर्मिनस | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| – | 12:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 23:55 | – |
| 12:50 | 12:55 | कल्याण जं. | 22:40 | 22:43 |
| – | – | इगतपुरी | 20:45 | 20:50 |
| 15:12 | 15:15 | नासिक रोड | 18:37 | 18:40 |
| 19:10 | 19:15 | भुसावल जं. | 14:40 | 14:45 |
| 21:42 | 21:45 | खंड़वा | 12:50 | 12:53 |
| 00:20 | 00:30 | इटारसी जं. | 10:10 | 10:15 |
| 01:40 | 01:42 | पिपरिया | 08:18 | 08:20 |
| 04:30 | 04:40 | जबलपुर | 06:00 | 06:10 |
| 07:00 | 07:05 | कटनी जं. | 04:25 | 04:30 |
| 07:42 | 07:44 | मैहर | 03:30 | 03:32 |
| 08:25 | 08:30 | सतना जं. | 03:00 | 03:05 |
| 10:00 | 10:02 | मानिकपुर जं. | 02:03 | 02:05 |
| 11:45 | 11:50 | प्रयागराज जं. | 00:25 | 00:27 |
| 16:05 | – | बनारस | – | 20:30 |

संरचनाः एलएसआरडी–1, जेनेरेटर सह लगेज यान–1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–6, सामान्य द्वितीय श्रेणी–6, शयनयान–8 = कुल 22 कोच
मुजाधि/टी–02 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. – 09794845955 पर SMS करें
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## गुड फ्राई-डे पर हुई विशेष प्रार्थना



**बलिया।** गुड फ्राई-डे के अवसर पर बिशुनीपुर स्थित चर्च में अपराह्न 12 से तीन बजे तक प्रभु यीशु के बारे में चर्चा होती रही। इस दौरान भारी संख्या में इसाई समाज के लोग मौजूद रहे। इसके अलावा होली क्रास परिसर में स्थित चर्च समेत रसड़ा में स्थित चर्च में गुड फ्राई-डे मनाया गया। चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मधुबन (मऊ)।** रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दरियाबाद गांव निवासी रामविलास यादव को पुलिस ने गुरुवार की सायं भेड़ध्वरा मल्ल के निकट लगभग बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। जांचोपरांत उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

# विश्व हिंदू परिषद ने हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**आस्था**

### हनुमान जी के जन्मोत्सव की शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जयश्रीराम के लगाये नारे

### सनातन परंपराओं को आगे ले जाना हमारा परम कर्तव्य-विश्व हिंदू परिषद

जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** जनपद के नगर क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद की ओर से हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर बृहस्पतिवार को शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में लोग सम्मिलित रहे। शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ हुई और सलाहाबाद मोड़, रहजानियां, मुंशीपुरा आजमगढ़ मोड़, रोडवेज होते हुए बाल निकेतन रेलवे क्रॉसिंग पार करके दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर पर समापन हुआ।

इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम जी का व हनुमान जी का जय-जयकारा लगाया जा रहा था। लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा में आगे हनुमान जी का रथ चल रहा था तो पीछे श्री रामचंद्र जी व लक्ष्मण जी का रथ चल रहा था।



भक्ति में सराबोर भक्तों के द्वारा झंडा लेकर जय श्रीराम का नारा भी गूंज रहा था। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष पारस मणि ऊर्फ दीपू सिंह ने कहा कि हिंदू सनातन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम अपने त्योहारों को मना रहे हैं। आज शोभायात्रा में इतनी संख्या में लोगों के शामिल होने पर मुझे अपार हर्ष हो रहा है। हम सनातनी अनादि काल से चली आ रही परंपरा को इसी हर्ष और उल्लास के साथ मनाते रहेंगे। वही विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भारद्वाज ने कहा कि सनातन हिंदू हमारा सबसे पुराना धर्म है और उसकी सभ्यता और संस्कार को बनाए रखने के लिए हमें ऐसे आयोजन बृहद रूप से करते रहना चाहिए। कहा कि भगवान श्रीराम के स्वामी भक्त हनुमान जी से हर व्यक्ति को सीख लेनी चाहिए और अपने व्यवहारिक जीवन में भी उतारना चाहिए। शोभायात्रा में नगर अध्यक्ष सुनील साहनी, नगर मंत्री योगेश वर्मा, बजरंग दल संयोजक राहुल सोनकर, राहुल गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, गौरव गुप्ता, संदीप अग्रवाल नगर सह मंत्री आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कलाकारों ने बांधा समा, बम बम बोल रहा है काशी पर झूमे श्रोता

**दोहरीघाट (मऊ)।** हनुमंत जयंती पर क्षेत्र के गोंठा हनुमान गढी रामघाट हनुमान गढी व रोडवेज परिसर स्थित हनुमान मंदिर मे पुरी रात जागरण सुन्दर काण्ड पाठ व भंण्डारे का आयोजन किया गया। दोहरीघाट रोडवेज परिसर मे हनुमान मंदिर के प्रांगण मे भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमे देवरिया से पधारे गायक रूदल व ज्योति मिश्रा ने भक्ति गीतो से समां बांध दिया फिर शिवतांडव काली की हूकार तथा हनुमान जन्मोत्सव की झाँकी प्रस्तुत कर सभी श्रोताओ को मंत्र मुग्ध कर दिया राधा कृष्ण झाँकी ने सबका मन मोह लिया पूरी रात जागरण होता रहा और श्रोता भक्ति के सागर मे गोते लगाते रहे। आयोजन समिति ने सबके प्रति आभार जताया। इस जागरण कार्यक्रम के दौरान मृत्युंजय त्रिपाठी गुड्डु वर्मा धर्मेन्द्र धीरज धर्मेश पाठक मनीष अभय सत्यपाल राज हरी राम संदीप वर्मा समेत आयोजक मंडल के आदि सदस्य रहे।



**कार्यालय ग्राम पंचायत कोरौली बुजुर्ग, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(प्रमोद यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. कोरौली बुजुर्ग, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(परविन्द मौर्या)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. कोरौली बुजुर्ग, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत शेरवां, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(मो0 आरिफ)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. शेरवां, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. शेरवां, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

# कार्यक्रम में उपस्थित मरीजों को संबोधित करते डॉ.संजय सिंह




**विश्व स्वास्थ्य दिवस**

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

**मऊ।** उच्चतम आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से आमजन सहित गरीब लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। आयुष्मान कार्ड सहित सरकारी योजनाओं के माध्यम से शारदा नारायण में निःशुल्क उपचार की सुविधा इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की टैग लाइन 'हेल्थ फॉर आल'को पूर्णता प्रदान करती है। कैथ लैब, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, सर्वोत्तम ब्लड बैंक, आईसीयू, एनआईसीयू, आकस्मिक चिकित्सा के साथ सर्वजन की सर्वोत्तम चिकित्सा के लिए प्रतिबद्वता के साथ कार्य किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शारदा नारायण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य विमर्श एवं जागरुकता कार्यक्रम के दौरान डॉ संजय सिंह ने बताया। डॉ.सिंह ने मरीजों से संवाद करते हुए मौसमी बदलाव से होने वाले रोग एवं उससे बचने के उपाय पर विस्तार से प्रकाश डाला। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल कुमार ने हड्डियों एवं जोड़ रोग के कारण एवं उसके निदान पर जानकारी प्रदान किया। डॉ.जान्हवी सोमवंशी ने स्त्री एवं प्रसुति रोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हेल्थ फॉर ऑल की अवधारणा पर वर्ष भर कार्यक्रम कर लोगों को जागरुक करने पर बल दिया गया।

# सम्मानित किये गये बच्चे और अभिभावकों संग विद्यालय परिवार

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नगरीपार में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। बताते चलें कि उक्त विद्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह के अवसर पर ब्लाक मुहम्मदाबाद गोहना के ए.आर.पी. नदीम खान, प्राथमिक विद्यालय मालव के प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार सिंह, विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र प्रजापति एवं अन्य एस.एम.सी. सदस्यों ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कापी, टिफिन बाक्स, पेन्सिल बाक्स, कलम, चाकलेट आदि सामग्री देकर और माला पहना कर उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में क्रमशः कक्षा 1- सत्यम, अर्चना, ज्योति कक्षा-2 अशिका, सपना, प्रिया कक्षा-3 प्रतीक्षा, प्रियान्शु, सौरभ कक्षा-4 आर्यन, शुभम, सलोनी कक्षा-5 अंशिका, अर्चिता एवमं मिथिलेश आदि हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव ने अभिवाकों से बच्चों को नियमित रुप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यालय में विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा, नवोदय प्रवेश परीक्षा, सैनिक स्कूल परीक्षा की तैयारी छुट्टियों के दिनों में करायी जाती है। इस अवसर पर सहायक अध्यापक संजय यादव, शगुफ्ता परवीन, शहनाज बानो, सुनीता, शाइस्ता परवीन, शशिकला, शेषनाथ तथा अभिभावक विजयप्रकाश, प्रमोद, संगीता देवी, तारा देवी आदि लोग उपस्थित रहे।



**कार्यालय ग्राम पंचायत पवई लाडपुर, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(शमीमा बानो)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. पवई लाडपुर, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. पवई लाडपुर, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत फत्तनपुर, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(नुरुद्दीन)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. फत्तनपुर, वि.खं.मिजार्पुर
आजमगढ़

(सन्तोष कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. फत्तनपुर, वि.खं. मिजार्पुर
आजमगढ़

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु को किया याद

**गुड फ्राइडे**

**मसीही समुदाय ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया**

**जनसंदेश न्यूज**



सिंचाई विभाग स्थित चर्च में प्रार्थना करते फादर कृपाल।

**गाजीपुर।** इसाई समुदाय ने गुड फ्राइडे पर प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु मसीह को याद किया। ईसा मसीह के उपदेशों व उनकी शिक्षाओं व वचनों को याद करते हुए उन्हें अमल में लाने के लिए प्रेरित किया। शुक्रवार को चर्च में फादर कृपाल ने प्रार्थना सभा में बताया कि ईसा मसीह को इस दिन सलीब पर चढ़ाया गया और उन्होंने प्राण त्याग दिए थे। अमानवीय यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए। प्रभु यीशु मसीह के येरूशलम से कलवरी पहाड़ तक के सफर के दौरान प्रभु के दुख सहने का मार्मिक वर्णन किया। मसीही समुदाय ने शुक्रवार को गुड फ्राईडे का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया। चर्च में सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया और दुखभोग काल के गीत गाए गए। इसमें प्रभु यीशु के संदेश सुनाए गए। कई स्थानों पर इसका जीवंत मंचन भी किया गया। नगर के सिंचाई विभाग चौराहा स्थित कैथोलिक चर्च में आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि प्रभु यीशु ने दया और करुणा का संदेश देकर मानव जाति के पापों को अपने ऊपर ले लिया। उन्होंने मृत्यु को स्वीकार कर लिया। चर्च में प्रार्थना सभा सुबह से ही शुरू हो गई थी। इसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषों ने प्रभु के दुख भोग का स्मरण किया। शाम चार बजे चर्च परिसर में प्रभु के दुख भोग यात्रा के 14 अहम मुकामों का जॉन कुजूर के नेतृत्व में झांकी के जरिए, भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें मानव जाति के लिए शांति, राष्ट्रीय एकता, प्रेम, सद्भाव, सेवा आदि की प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह सभी मनुष्यों के पापों को नष्ट करने के लिए पीड़ा से मुक्ति, मोक्ष देने के लिए अपने को सूली पर चढ़ा दिया। इस मौके पर प्रभु के इस बलिदान को मानव जाति के हित के लिए श्रेष्ठ बताया।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को बीस साल का कारावास

### थाना प्रभारी की कुशल पैरवी से साढ़े चार माह में फैसला



**गाजीपुर।** भांवरकोल थाना क्षेत्र के पीड़िता को थाना प्रभारी की तत्परता से साढ़े चार माह के अंदर ही न्याय मिल गया है। न्यायालय ने बीस साल की सजा सुनाई है। वहीं न्यायमूर्ति ने चालीस हजार का अर्थदंड लगाया है। पुलिस के सराहनीय कार्य की क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है।

भांवरकोल थाना क्षेत्र के पखनपुरा गांव निवासी पीड़िता शबनम बानो पत्नी स्व. इजहार खां ने बीते 14 अक्टूबर 2022 को थाना में लिखित तहरीर दी थी। पीड़िता के तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा कायम कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। थाना के टाप टेन अभियुक्त पखनपुरा गांव के सकील पुत्र ताजुद्दीन के खिलाफ थाना प्रभारी ने न्यायालय में पैरवी शुरू कर दी। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए न्यायालय के सामने सभी साक्ष्य संकलन व माल को समय से परीक्षण कर रिपोर्ट पेश किया। जिसके बाद न्यायालय न्यायाधीश ने सभी साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने अपने आदेश में अभियुक्त को 20 वर्ष का कारावास और चालीस हजार का अर्थदंड लगाया। दरअसल, अभियुक्त सकील पर थाना भांवरकोल में पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था।

पीड़िता न्यायालय के फैसले काफी प्रभावित है। उनका मानना है कि न्यायाधीश के फैसले से अपराधियों के हौसले पस्त हो जाएंगे।

## संक्षेप

### निजी स्कूलों में फिर लूट-खसोट

**मुहम्मदाबाद।** शिक्षा में एकरूपता लाने के लिए सरकार की कवायद अभी मूल रूप नहीं ले सकी है। निजी स्कूलों में लूट-खसोट का सिलसिला इस साल भी शुरू हो गया है। कमीशनखोरी के खेल इस कदर बढ़ गया है कि संबंधित स्कूल की कापी और किताब किसी एक ही दुकान से मिल पा रही है। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ सिलेबस की पर्ची भी पकड़ा दी जा रही है। पहली से लेकर पांचवीं तक के बच्चों का सिलेबस करीब चार से पांच हजार रुपये में बैठ रहा है। ड्रेस, बैग और फीस अभी अलग है। मनचाहे स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराने के लिए अभिभावकों ने बीते मार्च माह से ही परिक्रमा भी शुरू कर दी है। एक बच्चे को कांवेंट स्कूल में पढ़ाना सामान्य परिवार के अभिभावक के लिए कठिन कार्य हो गया है। निजी स्कूलों में जहां उन्हें एडमिशन के लिए मोटी रकम चुकता करनी होती है वहीं बच्चे को सिलेबस मुहैया कराने में अभिभावकों की कमर टूट रही है। निजी स्कूलों के साथ दुकानदारों की सांठगांठ के चलते तय पाठ्यक्रम के बाद भी कई अन्य चीजें को मजबूरन खरीदना पड़ रहा है। सिलेबस के नाम पर अभिभावकों के हाथों में किताबें कापी नहीं बल्कि पूरी पेटी आ रही है। हर वर्ष किताबों का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। सुबह हंसते हुए घर से निकलने वाला बच्चा छुट्टी के बाद घर में बस्ते के बोझ से हांफता हुआ घुस रहा है।

### स्वास्थ्य शिविर में दो सौ मरीजों का इलाज

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत ग्राम राजापुर प्राथमिक विद्यालय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ऋषभ राय के नेतृत्व में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। ऋषभ राय ने बताया समाज हित में हमेशा से ऐसे कार्य किए जा रहे हैं। 6 से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में डा. राकेश कुमार वर्मा, डॉ. प्रवीण प्रकाश सिंह, नेहा यादव, दीक्षा राजपूत आशा सिंह, रंजना आदि मौजूद रहीं।

### जमीन के विवाद में महिला के साथ मारपीट

**गहमर।** भूमि विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी के तहरीर पर पुलिस ने आईपीसी के विभिन्न धाराओं में दो भाइयों पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है। देवल गांव निवासी साधना कुमारी पत्नी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर के जमीनी विवाद को लेकर मनोज कुमार सिंह व पंकज कुमार सिंह पुत्र योगेन्द्र प्रताप सिंह आए दिन गाली गलौज तथा मारपीट करता रहता है। मेरी जेठानी नीतू देवी को भी गाली देता है और मारपीट उससे भी किया है। जान से मारने की धमकी भी देता है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्जकर कार्रवाई किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य शिविर में जांचा गया मरीजों का स्वास्थ्य



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जिला महामंत्री और वेदांता ग्रुप के सौजन्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शहर के कुंवर सिंह उद्यान में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र सहजानंद राय उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही 100 से ज्यादा लोगों का शुगर टेस्ट, लगभग 25 लोगों का ईसीजी, डेढ़ सौ लोगों के आंख का टेस्ट किया गया। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार दवा भी वितरित किया गया। कैंप में डा.चंद्रभान, डॉ.अजय सिंह, डा.एसयू खान अपनी मोबाइल वैन आई टेस्ट की मशीन के साथ अपनी सेवा दे रहे थे। इसके अलावा लगभग 15 की संख्या में पैरामेडिकल स्टाफ ने भी अपनी सेवा दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिवंश मिश्र, अवनीश मिश्रा, वेदांता ग्रुप के डायरेक्टर ऋविक जायसवाल, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा निखिल राय, जिला महामंत्री किशन सिंह, सरिता सिंह, एसपी, शिवम, प्रीतम, मनीष, कृष्णा आदि लोग उपस्थित रहे।

### अनुदेशक शिक्षकों ने की मानदेय बढ़ाने की मांग



**आजमगढ़।** अनुदेशक शिक्षक संघ ने सांसद दिनेश लाल यादव तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानन्द राय को अपनी समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन सहजानन्द राय के माध्यम से मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मार्च 2017 से आज तक प्रस्तावित मानदेय सत्तरह हजार नहीं हो रहा है जिसके कारण अनुदेशक शिक्षक अल्प मानदेय नौ हजार रुपये महीने पर बंधुवा मजदूर की तरह अपना जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य हैं। जबकि उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए लगातार छ वर्षों से बढ़े हुए मानदेय का भुगतान अभी तक न होने से अनुदेशक शिक्षकों में हताशा और निराशा व्याप्त है। इससे पहले अब तक लगभग सैकड़ों शिक्षक आर्थिक तंगी से परेशान होकर आत्महत्या तक कर चुके हैं। इस अवसर पर अंजू राय, निवेदिता राय, मिथिलेश यादव, हरेन्द्र, गनेश, लालचंद, अमरजीत यादव आदि अनुदेशक शिक्षक मौजूद रहे।

### सफाई के अभाव में लगा कूड़े का अम्बार



**फूलपुर (आजमगढ़)।** वर्तमान समय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग के प्रति जागरूकता अभियान गांव से लेकर शहर तक चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारियों की बैठक में यह सख्त निर्देश संचारी रोगों के प्रभाव का असर न हो गांव के अन्दर नालियां तालाबों की सफाई का आदेश दिया गया है उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जगह-जगह कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। नालियां बजबजा रही हैं। ग्राम पंचायत उदपुर के शबान आजमी मार्ग के किनारे बनी नालियां गन्दगी से पटी पड़ी हैं। गन्दगी का अंबार लगा है। साफ सफाई का अभाव है। धीरेंद्र यादव, फिरोज अहमद, सुरेश, दिलशाद आदि ने बताया कि वर्षों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। सफाई कर्मी नजर नहीं आते और प्रधान से कहने पर भी जून माह में नालियां साफ होगी पर होती कभी नहीं। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत फूलपुर अरविन्द यादव ने बताया कि अभी दो सप्ताह पूर्व फूलपुर ब्लाक का प्रभार प्राप्त किया है। सफाई कर्मियों को निर्देश दिया गया है जहां भी शिकायत मिली वहां स्वयं जाकर निरीक्षण कर सफाई कराऊंगा।

## पुलिस ने दो चोरों को पकड़ा



मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चोर।

**जनसंदेश न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** एक सप्ताह पूर्व हुए दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तारी बरामदगी कि नियत से नोनहरा जाने वाली सड़क पर गए। जहां मीरगंज क्रॉसिंग रेलवे के पास अर्जुन नोनिया पुत्र राजेंद्र नोनिया (29) ग्राम रेहारी थाना चंदवक जिला जौनपुर, विक्की राम पुत्र स्वर्गीय अशोक राम (28) ग्राम जकरौली को गिरफ्तार किया।

जमा तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी के पांच किलो किशमिश तथा 1495 रुपए और सिक्के बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी के अतिरिक्त दीपक कुमार मिश्रा , अजीत कुमार यादव, नवीन दुबे, विमल यादव उपस्थित रहे।

## 13 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय व वाह्य न्यायालय सैदपुर, मुहम्मदाबाद एवं ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में 13 मई को आयोजित की जायेगी। इस आशय की जानकारी पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कामायनी दूबे ने दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, वाट-माप वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया है।

## गेहूं की फसल की डीएम की निगरानी में क्रॉप कटिंग

**पहल**

**क्रॉप कटिंग 43.3 वर्ग मीटर की गई जिसमें कुल टोटल की दर से 23.04 कुंतल प्रति हेक्टेयर गेहूं निकला**



बबेड़ी स्थित खेत में फसल की क्रॉप कटिंग के दौरान डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जाते है। जिससे उत्पादन की सटीक आकलन प्राप्त की जाती है। क्राप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टि, भारी वर्षा एवं अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है।

इसी सिलसिले में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिति में शुक्रवार को ग्राम बबेड़ी के निवासी चंद्रिका राम के खेत का क्रॉप कटिंग कराया गया। जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा एवं भू-अभिलेखो की जांच करते हुए काश्तकार से बोए हुए फसल की जानकारी ली। क्रॉप कटिंग 43.3 वर्ग मीटर की गई जिसमें 9.980 गेहूं निकला।

इस क्रम कुल टोटल की दर से 23.04 कुंतल प्रति हेक्टेयर इस क्राफ्ट कटिंग के दौरान गेंहू निकला। जिलाधिकारी ने किसानों को अपने नजदीकी क्रय केन्द्रों पर बेचने की सलाह दी जिससे उन्हें अपने फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसान बन्धु से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे न आयें। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से अपने-अपने खेतों में पराली न जलाने की अपील की। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, सदर तहसीलदार एवं लेखपाल मौजूद रहे।

## अपराध पर लगाम लगाना प्राथमिकता : शिव प्रताप



प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा।

**जनसंदेश न्यूज**

**कासिमाबाद।** सैदपुर के प्रभारी निरीक्षक रहे शिव प्रताप वर्मा को कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी नियुक्त किया है।

शुक्रवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा ने कासिमाबाद कोतवाली का पदभार संभालने के बाद मीडिया से वार्ता के दौरान बताया कि अपराध पर लगाम और अपराधियों की गिरफ्तारी करना पहली प्राथमिकता होगी । कासिमाबाद थाना क्षेत्र के लोगों को शांति व्यवस्था प्रदान करना व अमन चैन कायम करने को लेकर हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### कामाख्या मंदिर स्टैंड संचालक पर मुकदमा

**गहमर।** कामाख्या धाम मंदिर के कामाख्या मंदिर समिति के पार्किंग स्टैंड में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पार्किंग संचालक पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया। बिहार प्रांत के बक्सर जिला थाना राजपुर गांव सोनपा निवासी मानसिंह कुमार पुत्र स्व. खेदु चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कामाख्या धाम मंदिर पर बाइक से दर्शन के लिए आया था। मोटरसाइकिल को मां कामाख्या धाम मंदिर समिति के पार्किंग स्टैंड में खड़ा कर के मंदिर पर दर्शन-पूजन के लिए गया था। पार्किंग स्टैंड की पर्ची संख्या 43 भी लिया था जो मेरे पास मौजूद है। थोड़ी देर बाद पूजा-अर्चना कर के वापस आने पर पार्किंग स्टैंड से बाइक गायब थी। स्टैंड संचालक से पूछताछ करने पर कोई उचित जवाब नहीं दिया ना ही बाइक की खोजबीन में किसी प्रकार का मदद नहीं किया। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक नहीं मिला। पार्किंग स्टैंड संचालक द्वारा ही मेरी बाइक चोरी कराया गया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्जकर के जांच किया जा रहा है।

## तीन माह से लापता युवती बरामद

**बिरनो।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन माह से लापता युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी युवक को पाक्सों एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निवासी युवक की पुत्री बीते तीन माह से कहीं अन्यत्र चली गई थी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस सूचना के आधार पर आरोपी सहित युवती की खोजबीन के लिए अपना जाल बिछा दिया। जिसके बाद काफी मशक्त से आरोपी प्रेम कुमार पुत्र सारंगमल ग्राम गड़रा जिला बाड़मेर राजस्थान निवासी युवक को युवती के साथ बरामद किया।

**युवक के खिलाफ पॉक्सों एक्ट का मुकदमा कायम**

वहीं आरोपी युवक पर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद युवती की बरामदगी कर ली गई है। इससे जुड़ी सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है तथ्यो के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जुमे की नमाज में की गई मुल्क की तरक्की की दुआ

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। इस मौके पर इमामों ने नमाजियों को रमजान की फजीलत समझाई। इस दौरान देश व कौम की तरक्की के लिए दुआ भी की गई। नगर की मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने रमजान माह की फजीलत भी बयां की। वहीं रमजान माह के तीसरे जुमे को कस्बे समेत ग्रामीण इलाकों में मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। तीसरे जुमे में मस्जिदों के इमामों ने रमजान मुकद्दस पर तकरीर पेश की।

माह-ए-रमजान के तीसरे जुमा पर शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय ने अकीदत से जुमा की नमाज अदा की। रोजेदारों ने सिज्दे में सिर झुका कर अपनी गुनाहों की माफी मांगने के साथ ही देश की तरक्की की दुआएं मांगी। तेज धूप और उमस होने के बावजूद जामा मस्जिद नमाजियों से भरी रही। नमाज अदा करने के बाद मस्जिद परिसर में रोजेदारों ने बैठ कर कुरान की तिलावत की। शाम होते ही मस्जिद में इफ्तार के लिए लोगों की भीड़ जमा होने लगी। मगरिब की अजान के बाद लोगों ने रोजा खोला और नमाज अदा की। नगर की गोराबाजार, कचहरी, महुआबाग, लाल दरवाजा,नखास, टाउनहाल, जुड़नशहीद आदि मस्जिदों में खुतबा की अजान होते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

खुतबा समाप्त होते ही लोगों ने कतार में खड़े होकर नमाज अदा की। गहमरः मुकद्दस रमजान का महीना बेशुमार बरकतों वाला है। इस महीने में रोजेदारों पर अल्लाह तआला की बेशुमार रहमतें बरसती हैं। सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। इस महीने का तीसरा अशरा 20वें रोजे की मगरिब से शुरू होता है, जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है। इसमें इबादत करने से जहन्नुम से आजादी मिलती है। वहीं, जुमे की नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ की गई।

## 430 मरीजों का इलाज



सुवहल स्थित शिवालय पर मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

**नेक कार्य**

**मुख्य अतिथि द्वय भाजपा के जिला महामंत्री ओपी राय एवं रामनरेश कुशवाहा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ**

**उपचार के साथ ही परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण**

**सुहवल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को सुहवल गाँव में स्वास्थ्य शिविर एवं मेला का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वय भाजपा के जिला महामंत्री ओपी राय एवं रामनरेश कुशवाहा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वास्थ्य शिविर में 430 विभिन्न तरह के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण ,उपचार के साथ ही परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान इस अवसर पर डाक्टर अनिल कुमार, बीपीएम बबीता सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, अनंत प्रसाद,भागमनी चौहान, सरिता, नेहा राय, अरविन्द, अभिषेक, हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे।

## जेसीबी सहित ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**मरदह।** थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में बिना अनुमति के अवैध रूप दिन-रात अवैध मिट्टी खनन का कारोबार निरंतर चल रहा है। काफी हद तक अवैध खनन सिंडिकेट और ओवरलोडेड वाहन सड़कों पर चलते हैं। उन पर अंकुश लगाने के क्रम में मरदह पुलिस ने उप जिलाधिकारी कासिमाबाद वीर बहादुर यादव के निर्देश पर बिना परमिशन के अवैध रूप से खनन कर रहे जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया है। मरदह थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने बताया कि दोनों वाहनों को सीज विधिक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## सात दिवसीय संगीतमय रामकथा का समापन

**सुहवल।** सोनवल गाँव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय रामकथा का समापन शुक्रवार हो गया। भागवताचार्य चंद्रेश महाराज ने कहा कि भगवान का अवतार विप्र धेनु सुर संत हित अवतार लेते हैं। ऐसा शास्त्रों में उल्लेख किया गया और अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं।

# डिग्री कॉलेज भवन पर डी फार्मा की मान्यता लेने की कोशिश!

**कसा शिकंजा**

**माफिया चल रहे शतरंज की चाल, जांच के बाद आएगा भूचाल**

**जनसंदेश न्यूज**



डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** योगी सरकार की लाख सख्ती के बावजूद शिक्षा माफिया अपनी मंसूबों में कामयाब होते जा रहे हैं। योगी पार्ट-2 में भी वह अपना पुराना रवैया अपनाए हुए है। माफियाओं के खेल को तेजतर्रार अधिकारी भी नहीं पकड़ पा रहे हैं। प्रदेश में शिक्षा माफियाओं के नाम से मशहूर गाजीपुर जिले में एक ही भवन पर कई मान्यता ली गई है। विश्वविद्यालय और विभिन्न कोर्स के हेड आफिस को धोखे में रखकर यह खेल खेला जा रहा है। इस खेल में मान्यता से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल है। हालांकि, योगी पार्ट-2 में शासन ने शिक्षा माफियाओं के ऊपर कड़ा एक्शन लिया है। आयुष मेडिकल कालेज से लेकर होम्योपैथी में भ्रष्टाचार में शामिल कालेज संचालकों के खिलाफ मुकदमा भी किया है।

जिले में शासन के आदेश पर डी फार्मा और बी फार्मा कालेजों की जांच हुई है। जिसमें तहसीलवार जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा टीम गठित की गई थी। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट आला अधिकारी को सौंप दी है। जिसमें सूत्रों के हवाले से खबर है कि जखनियां तहसील के किसी आवेदनकर्ता कालेज को बी फार्मा और डी फार्मा कोर्स चलाने के लिए शासन के मुताबिक मानक के अनुसार नहीं पाया गया। वहीं अन्य तहसीलों के आवेदनकर्ता कालेजों के पक्ष में अधिकारियों ने लिखा है।

### जिस कोर्स की मान्यता, उसका लगा बोर्ड

शिक्षा जगत से जुड़े सूत्रों का दावा है कि जिले में बी फार्मा और डी फार्मा के आवेदनकर्ताओं में अधिकतर कालेज के पास संबंधित कोर्स का भवन नहीं है। बताया जा रहा है कि डिग्री कालेज को लीज पर दिखाकर मान्यता के लिए आवेदन किया गया है। जबकि डिग्री कालेज की मान्यता समाप्त होने जैसी कोई कागज नहीं दिखाया गया है। वहीं कई कालेज पहले से बने डिग्री और बीटीसी कालेज भवन का नाम बोर्ड से हटाकर मान्यता के लिए आवेदन किया है। जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि कालेज संचालक एक ही भवन पर कई कालेजों की मान्यता लेकर चलाने की योजना बनाए है। जिले में ऐसे भी कालेज संचालक है जो बीएड ,एमए तो छोड़े पालीटेक्निक और मेडिकल तक के भवनों में हेराफेरी करते है।

"जांच के लिए बहुत कम समय मिला था। शासन से दो दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी गई थी। उन्होंने माना कि जिले में शिक्षा माफिया ज्यादा है। यदि शासन से जांच का निर्देश मिलता है, तो अवश्य कालेजों की विधिवत जांच होगी।

**जिलाधिकारी आर्यका अखौरी**

### तहसीलवार जांच टीम गठित

बतादें, शासन के निर्देश पर डीएम आर्यका अखौरी ने बीते 29 मार्च प्राविधिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जनपद में संचालित बी फार्मा और डी फार्मा कालेज कोर्स प्रारंभ करने के लिए संस्था स्तर पर पूर्ण की जाने वाली मुख्य शर्तों का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं की जांच का आदेश दिया था। डीएम ने तहसीलवार जांच के लिए जांच टीम गठित की थी। जांच टीम में एक दूसरे तहसीलों के तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी को रखा था। डीएम ने सभी जांच टीमों से 92 कालेजों की सूची सौंप कर शासन से निर्धारित प्रारूप पर बीते 31 मार्च तक जांच रिपोर्ट मांगी थी। सूत्रों के हवाले से खबर है कि बीते 31 मार्च को सभी जांच टीमों ने जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

### जांच अधिकारियों ने पकड़ी कॉलेजों में कमियां

तहसीलदार रामजी ने बताया कि सैदपुर के 12 कालेज की जांच की थी। जिसमें कुछ कालेज ही सही मिले है। वहीं जखनियां तहसील की जांच टीम अधिकारी ने बताया कि यह गोपनीय जांच है। कासिमाबाद तहसीलदार जया सिंह ने बताया कि हमें दो कालेज जांच के लिए मिले थे। सदर तहसील की जांच अधिकारी तहसीलदार मुहम्मदाबाद ने बताया कि दस कालेजों की जांच मिली थी लेकिन बहुत कम पास हुए है।

**जनसंपादकीय**

# राजनीतिक विमर्श में गिरावट का दौर

**राजेश माहेश्वरी**



देश में राजनीतिक विमर्श में इन दिनों तेजी से गिरावट देखने को मिल रही है। गिरावट का यह दौर वैसे तो आजादी के बाद से ही शुरू हो गया था, लेकिन बीते दो दशकों में इसमें बेहिसाब गिरावट आई है। पक्ष और विपक्ष दोनों इसके लिए दोषी हैं। सब अपने-अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श, सिद्धांत और भाषा की बलि देने से चूक नहीं रहे हैं। सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी स्तर तक उतरने को राजनीतिक दल और राजनीतिज्ञ अपना पूरा मन बना चुके हैं। लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना है, उसके लिए भले ही नैतिकता का गला घोटना पड़े या फिर मयार्दा को नदी की तेज धार में बहाना पड़े। ताजा मामला दिल्ली और पंजाब की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी से जुड़ा है।

बीते दिनों असम के गुवाहाटी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा भारत एक महान देश है। भारत की तरक्की एक पढ़ा-लिखा आदमी ही कर सकता है। इसलिए 21वीं सदी में भारत जैसे देश के प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे होने चाहिए। किसी का अनपढ़ होना या कम पढ़ा-लिखा होना कोई गुनाह नहीं है। बहुत लोग अपनी गरीबी की वजह से कम पढ़े-लिखे हैं, लेकिन देश का प्रधानमंत्री तो पढ़ा-लिखा ही होना चहिए।

**गुजरात विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि मोदी ने डिस्टेंस एजुकेशन से एमए किया। इस जानकारी से केजरीवाल संतुष्ट नहीं हुए और डिग्री की कॉपी मांगी। विवाद यहां से हुआ शुरू, केजरीवाल की इस मांग को विश्वविद्यालय ने हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।**

पार्टी के तमाम दूसरे नेता खासकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह इस मसले पर काफी मुखर हैं। संजय सिंह ने एक प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री को कई दफा अनपढ़, कम पढ़ा लिखा तो कहा ही वहीं उनकी शैक्षिक योग्यता को लेकर जमकर उपहास भी उड़ाया। संजय सिंह की प्रेसवार्ता का यह वीडियो आम आदमी पार्टी की आफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। आम आदमी पार्टी का इस तरह का रवैया बेहद निराशाजनक, खोखला और अनैतिक दुष्प्रचार ही कहा जाएगा।

वर्ष 2016 में अरविंद केजरीवाल ने आरटीआई लगाकर पीएम मोदी की शैक्षणिक योग्यता की जानकारी मांगी थी। तब सीआईसी ने दिल्ली विश्वविधालय और गुजरात विश्वविद्यालय को ऑर्डर जारी करके मांगी गई जानकारी केजरीवाल को देने को कहा था। तब गुजरात विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि मोदी ने डिस्टेंस एजुकेशन से एमए किया। इस जानकारी से केजरीवाल संतुष्ट नहीं हुए और डिग्री की कॉपी मांगी। विवाद यहां से हुआ शुरू, केजरीवाल की इस मांग को विश्वविद्यालय ने हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।

गुजरात उच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में फैसला देते हुए केंद्रीय सूचना आयोग के उस निर्देश को खारिज किया है, जिसमें आयोग ने प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री का खुलासा करने के निर्देश गुजरात विश्वविद्यालय को दिए थे।

अदालत द्वारा जुमार्ना लगाए जाने के बावजूद केजरीवाल और आप के सांसद संजय सिंह लगातार इस मुद्दे पर मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर बयानबाजी कर रहे हैं। वास्तव में आम आदमी पार्टी सस्ती लोकप्रियता और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाने के लिए नैतिकता को ताक पर रखकर घटिया राजनीतिक खेल खेल रही है।


लोकतांत्रिक राजनीति के मायने ये नहीं हैं कि निर्वाचित नेता और प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा प्राप्त हों या किसी विषय के विशेषज्ञ हों अथवा कुलीन और अभिजात्य जमात के हों। एक बेहद आम और गरीब आदमी प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। दरअसल केजरीवाल और आप के प्रवक्ता-नेता इसे भी राजनीतिक प्रचार बना रहे हैं कि प्रधानमंत्री अनपढ़ या अल्पशिक्षित हैं, लिहाजा काम करने और नीतियां बनाने में अक्षम हैं। उन्हें अर्थव्यवस्था की माकूल समझ नहीं है, लिहाजा देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है, जो कभी आर्थिक संकट में तबदील हो सकता है। उच्च न्यायालय ने भी माना है कि देश में शिक्षा पर काम अभी चल रहा है। एक तरफ शैक्षिक पहुंच और अवसरों की असमानता है। दूसरी ओर, जाति, जमात और लिंग की असमानताएं हैं।

आम आदमी के मुखिया अरविंद केजरीवाल यदि इस मुद्दे को लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरना चाहते हैं तो कोई उन्हें रोकेगा नहीं। यदि केजरीवाल मानते हैं कि प्रधानमंत्री 'अनपढ़' हैं और देश पर शासन चलाने में अक्षम हैं, तो यह अपमानजनक और निचले दर्जे का बयान है। केजरीवाल और उनकी पार्टी का जो एक दशक पुराना इतिहास है कि स्वयं उन्होंने और उनके नेताओं ने मान हानि के मामलों में अन्य दलों के नेताओं से बिना शर्त माफी मांगी है। प्रधानमंत्री का अपमान मान हानि का मामला भी बन सकता है। आम आदमी पार्टी को इस तरह की निम्न स्तर की राजनीति से परहेज करना चाहिए। इसी में लोकतंत्र, लोकतांत्रिक व्यवस्था और उनकी पार्टी का हित निहित है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## नदी

नदी रो रही है/ बिना आंसुओं के/ आंसू भी कहां रहे नदी की आंखों में / वहां पानी नहीं कचरा भर गया है
बारिश तो हो रही है/ पानी भी बह रहा है/लेकिन मलमूत्र के साथ
एक समय था जब हमने/ नदी को मां का दर्जा दिया था/ आज मंच से भाषण देने वाले/ घर का सीवर नदी की ओर मोड़ देते हैं/ यही होता रहा है नदियों के साथ
वक्त- वक्त पर फैलती रही बीमारियां/ और फिर मृत्यु होने लगती है/ मनुष्यों, पशु पक्षियों की/ उनके साथ विचारों की भी



**- निलेश देशमुख**
**शोधार्थी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय**

# कौन कर रहा है सिविलिटी पर हमला?

**प्रसंगवश**

**प्रेम सिंह**



'इंडियन एक्स्प्रेस' (30 मार्च 2023) में एम राजीव लोचन का लेख 'एन अटैक ओन सिविलिटी' (शिष्टता पर हमला) छपा है। यह लेख उन्होंने अखबार के 25 मार्च 2023 के प्रथम संपादकीय (लीड एडिटोरियल) 'डिस्कवालीफाइड' के जवाब में लिखा है। संपादकीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को सूरत न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा के बाद रद्द की गई उनकी संसद की सदस्यता के विषय में था। अखबार की राय में राहुल गांधी पर तुरत-फुरत कार्रवाई प्रतिशोध की राजनीति का एक और नमूना है। अखबार ने यह भी कहा है कि यह कार्रवाई लोकतंत्र के लिए एक और बुरा संकेत है। और यह भी कि सरकार का प्रचार माध्यमों और भाषणों में लोकतंत्र का गुणगान अंदर के खोंखलेपन को ढांपने के लिए है। संपादकीय से असहमत राजीव लोचन का सुझाव है कि संपादकीय का बेहतर शीर्षक 'डिजर्व्डली डिस्कवालीफाइड' होता। यानि कटघरे में सरकार को नहीं, राहुल गांधी को किया जाना चाहिए था।

संपादकीय से असहमति दर्ज करते हुए लेखक ने राजनीति, न्याय-प्रणाली और सभ्य समाज के बारे में कुछ ऐसी मान्यताएं परोस दी हैं, जिन पर आश्चर्य ही किया जा सकता है। आगे बढ़ने से पहले मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि एक नागरिक के नाते संविधान की कसौटी पर और एक राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते समाजवादी विचारधारा की कसौटी पर मैं राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति का विरोधी हूं। बल्कि मैं केजरीवाल को राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं मानता हूं। मैं राहुल गांधी और केजरीवाल को एक साथ नत्थी करने, जैसा कि राजीव लोचन ने किया है, का भी कोई आधार नहीं देखता। मेरी राजनीतिक मान्यता है कि आरएसएस/भाजपा, कांग्रेस और सत्ता के खेल में संलग्न ज्यादातर पार्टियों का संलाक्षणिक घराना (सिमिओलाजिकल यूनीवर्स) एक ही है। यह घराना कारपोरेट-कम्यूनल-क्रिमिनैलिटी के गठजोड़ से बनता है। भले ही पार्टियों और नेताओं के बीच कमोबेशी का अंतर रहता हो।

राजीव लोचन का अपने लेख में कहना है, ह्वयह लगता है कि अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी जान-बूझकर झूठ का आधार लेकर लोगों पर उनके सम्मान और गरिमा को चोट पहुंचाने की नीयत से खास तरह के आरोप लगाते हैं।ह्व लेख राहुल गांधी के बारे में है। संपादकीय भी राहुल गांधी की सजा और उससे जनित अयोग्यता के सवाल को लेकर लिखा गया था। लेकिन राजीव लोचन ने अपने लेख के उत्तर भाग में अरविंद केजरीवाल को शामिल कर लिया है, ताकि ऐसा न लगे कि ह्वजान-बूझकरह्व झूठ बोलने वाले राहुल गांधी को अकेले निशाना बनाया गया है। लेखक आगे कहता है कि देश में कोई अन्य नेता ऐसा नहीं करता; कम से कम वे किसी ऐसे नेता को नहीं जानते। लेखक की इस मान्यता के मुताबिक देश की बाकी राजनीति और नेताओं को दूध के धुले मान लिया जाना चाहिए। भारत की मौजूदा राजनीति के पतन से विषाद-ग्रस्त लोगों के लिए लेखक ने यह बड़ी खुशखबरी दी है!

यह सब कहने के पहले वे लेख में यह भी कह चुके हैं कि भारत में नेताओं के भाषणों में आरोप-प्रत्यारोप आम बात रही है। उनके श्रोता इसका लुत्फ उठाते हैं। ह्वलाइव्ड टीवी न्यूज चैनल्सह्व के जमाने में ना-ना करते हुए लोगों का यह लुत्फ पराकाष्ठा पर पहुंच जाता है। मतलब यह कि राहुल गांधी आरोप-प्रत्यारोपों के 'निर्दोष चलन' का फायदा उठा कर लोगों के सम्मान और गरिमा को नीचा गिराने का समझा-बूझा 'अपराध' करते हैं। ऐसे 'अहंकारी' व्यक्ति को न्यायालय ने सजा देकर और सरकार ने संसद की सदस्यता से बेदखल करके सही काम किया है। कहना न होगा कि राहुल गांधी के बारे में यह आरएसएस/भाजपा की लाइन है।

राजीव लोचन शायद नरेंद्र मोदी को नेता नहीं, बहुत से लोगों की तरह मसीहा मानते हैं। लिहाजा, मोदी दूसरों के बारे में जो कहते हैं, लेखक के लिए वह सब सवाल से परे है। वरना क्या लेखक ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण नहीं सुने हैं? दिवंगत एवं जीवित व्यक्तियों अथवा समुदायों के बारे में उनके वक्तव्यों का पिटारा न खोल कर केवल दो बातों का उल्लेख करें। एक, 'पिछले 65 सालों में कुछ नहीं हुआ', यह बार-बार कह कर बार-बार स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों को लांछित किया गया है। और जिन नागरिकों ने निष्ठा और दयानतदारी से राष्ट्र-निर्माण की दिशा में अपना काम किया उन्हें अपमानित। दो, 'अब से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात मानी जाती थी', विदेशों में जाकर ऐसा कहना जननी-जन्मभूमि के सम्मान और गरिमा पर सीधी चोट है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ शुरू हुआ प्रचार कि 'देश को वास्तव में आजादी अब मिली है', अभी तक थमा नहीं है। भले ही इससे देश की स्वतंत्रता के लंबे संघर्ष के दौरान कुर्बानियां देने वाले अनगिनत भारतीयों का अपमान होता है।

**मोदी दूसरों के बारे में जो कहते हैं, लेखक के लिए वह सब सवाल से परे है। वरना क्या लेखक ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण नहीं सुने हैं? दिवंगत एवं जीवित व्यक्तियों अथवा समुदायों के बारे में उनके वक्तव्यों का पिटारा न खोल कर केवल दो बातों का उल्लेख करें। एक, 'पिछले 65 सालों में कुछ नहीं हुआ', यह बार-बार कह कर बार-बार स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों को लांछित किया गया है। और जिन नागरिकों ने निष्ठा और दयानतदारी से राष्ट्र-निर्माण की दिशा में अपना काम किया उन्हें अपमानित। दो, 'अब से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात मानी जाती थी', विदेशों में जाकर ऐसा कहना जननी-जन्मभूमि के सम्मान और गरिमा पर सीधी चोट है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ शुरू हुआ प्रचार कि 'देश को वास्तव में आजादी अब मिली है', अभी तक थमा नहीं है।**

यह अच्छी बात है कि लेखक को देश की न्याय-प्रणाली पर, उसके फैसलों की 'रहस्यमयता' के बावजूद, पूरा विश्वास है। उसकी मान्यता है कि न्यायालय के फैसले को नहीं मानना न्याय के उस ताने-बाने को कमजोर करना है, जिसके चलते समाज में सिविलिटी कायम रहती है। लेखक की चेतावनी है कि न्यायालय का फैसला नहीं मानने की स्थिति में 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' के खुले खेल के लिए दरवाजे खुल जाएंगे। क्या लेखक को सचमुच पता नहीं है कि समाज में सिविलिटी कब की 'फ्री फॉर ऑल' का शिकार हो चुकी है! क्या वह इस सच्चाई से सचमुच अनभिज्ञ है कि समाज से सिविलिटी का सफाया करने में जुटे तत्व कौन से हैं!

ध्यान दिया जा सकता है कि सिविलिटी पर होने वाले लगातार हमलों के लिए आरएसएस/भाजपा के समर्थक भले लोग गौण तत्वों (फ्रिन्ज एलिमेंट्स) को जिम्मेदार ठहरा कर तसल्ली पा लेते हैं। वे मान लेते हैं कि गौण तत्वों से सिविलिटी को वास्तविक खतरा नहीं है। लेख में सिविलिटी पर हमले के प्रति चिंता जताने वाले राजीव लोचन भी यही मानते प्रतीत होते हैं। राहुल गांधी को सिविलिटी का एकमात्र खलनायक सिद्ध करके क्या वे यह भी सिद्ध करना चाहते हैं कि 'गौण तत्वों' के तार भी आरएसएस/भाजपा से नहीं, राहुल गांधी से जुड़े हैं!

यह अफसोस की बात है कि इतिहास और राजनीति-शास्त्र के विद्वान भी अक्सर गंभीर समझदारी नहीं दिखा पाते। समाचारों के नाम पर दिन-रात उत्तेजना परोसने वाले चैनलों ने ही राजनीतिक विमर्श के स्तर को नहीं गिराया है; इस विषय में विद्वान भी अपनी भूमिका का समुचित निर्वाह नहीं कर रहे हैं। राजीव लोचन का यह लेख उसी चिंताजनक परिघटना की एक बानगी है।

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं, संपर्क. 8826275067)**

# अख़्तर पयामी: तुम मेरे पांव में जंजीर पहना सकते हो

**स्मरण**

**जाहिद खान**




अखतर पयामी इस बर्रे सगीर के बड़े सहाफी, अजीम दानिश्वर और अवामी शायर थे। जिनकी पैदाइश तो हिंदुस्तान में हुई, लेकिन वफात पाकिस्तान में। वहीं पूर्वी पाकिस्तान जो कि अब बांग्लादेश है, में उन्होंने बरसों-बरस सहाफत की। शेख मुजीबुर्रहमान से उनके गहरे दोस्ताना ताल्लुकात थे। लेकिन जब पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग हुआ, तो वे पाकिस्तान चले गए। उसके बाद वे अपनी जिंदगी के आखिरी वक़्त तक कराची में ही रहे। अखतर पयामी एक बेजोड़ नज्म निगार थे। अपने जमाने में उन्होंने खूब्र इंकलाबी नज्में लिखीं। मशहूर अफसाना निगार, कॉलमनिस्ट जाहिदा हिना ने उनके बारे में एक दफा कहा था, "गया की मिट्टी में लाखों लोग उठे हैं, लेकिन उनमें से कुछ ऐसे भी हुए हैं जिनके खमीर में इस महान इंसान (महात्मा बुद्ध) के कदमों की चुटकी भर धूल शामिल हो गई और उन्हें कुछ से कुछ कर गई। अखतर पयामी राजगीर में जन्म लेने वाले ऐसे ही इंसान थे। उनके खमीर में इस चुटकी भर धूल ने जो काम कर दिखाया, यह इसी का एजाज है कि वो कभी तंग-नजरी का शिकार नहीं रहे। मुहब्बत, भाईचारा और खुलूस के जज्बे ने हमेशा उनकी रहनुमाई की।" जाहिदा हिना की यह बात सोलह आना सही भी है। अखतर पयामी अपने लेखन से इस पूरे हिंद उपमहाद्वीप में मुहब्बत और भाईचारे की गंगा-जमुना बहाते रहे। "तन्हाइयों के कोह-ए-गिरां से उतर के हम/आबादियों में शे'र सुनाने को आए हैं/ऐलान कर दो कूचा-ए-रुखसार-ए-यार में/हम खुशबुओं के नाज उठाने को आए हैं।" (नज्म-'शहर-ए-वफा')

अखतर पयामी की पैदाइश 1 फरवरी, 1930 को बिहार में नालंदा जिले के नोनही गांव में हुई। उनकी स्कूली तालीम गया में पूरी हुई। पढ़ने-लिखने का शौक उन्हें बचपन से ही था। उनके परदादा बहार हुसैनाबादी अपने दौर के बड़े शायर थे। जिसका असर उनके खून में ही था। चौहदह साल की उम्र से ही अखतर पयामी की नज्में और अफसाने अपने दौर के अहम उर्दू अखबार और मैगजीन 'सबेरा', 'अदब-ए-लतीफ', 'नदीम' और 'नुकुश' वगैरह में नुमायां तौर पर शाया होने लगे थे। अपनी तहरीरी और तकरीरी सलाहियत के दम पर उन्होंने बहुत जल्द ही उत्तर भारत में अपनी एक अलग पहचान बना ली। वे अठारह साल के भी पूरे नहीं हुए थे, जब उन्होंने कोलकाता से प्रकाशित उर्दू हफ़्तावार मैगजीन 'नई मंजिल' का संपादन किया। वाजेह हो कि यह मैगजीन वामपंथी खयालात और अवामी अदब की नुमाइंदगी करती थी। अखतर पयामी के परिवार वाले उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। इसी इरादे से उन्हें भागलपुर टीएनबी कालेज में दाखिल कराया गया। लेकिन पयामी की साइंस में कोई दिलचस्पी नहीं थी। अलबत्ता अदब और सहाफत की जानिब जरूर जुनून की हद तक मुहब्बत थी। यह वह दौर था, जब देश में आजादी की तहरीक जोरों पर थी और अदब में भी बाएं बाजू की तहरीक परवान चढ़ रही थी। सभी बड़े अदीब तरक्क़ीपसंद तहरीक के जेऱ–ए–असर थे। जाहिर है कि अखतर पयामी भी इस तहरीक से जुड़ गए। अली सरदार जाफरी, परवेज शहादी, कलाम हैदरी, अनवर अजीम, मंजर शहाब, वामिक जौनपुरी की दोस्ती और सोहबत से उनका तरक्क़ीपसंद अदब में रुझान बढ़ता चला गया। आगे चलकर, पयामी रांची आ गए। जहां उन्होंने अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। इस बीच, उनकी सियासी सरगर्मियां और बढ़ गईं।

बिहार में कम्युनिस्ट पार्टी का जो गठन हुआ, अखतर पयामी उसके बानियों में से एक थे। कॉमरेड हबीबउर्रहमान, कॉमरेड अली अमजद, कॉमरेड अली अशरफ, कॉमरेड अनवर अजीम ये सब उनके साथी थे। आजादी के बाद भी अखतर पयामी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े रहे। वे पटना विश्वविद्यालय से एमए कर रहे थे कि कुछ ऐसे हालात बने कि उन्हें पाकिस्तान जाना पड़ा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर बैन लगने और पार्टी लीडरों की धरपकड़ की वजह से अखतर पयामी कुछ दिन अंडरग्राउंड रहे और उसके बाद अपने कुछ कम्युनिस्ट साथियों के साथ पाकिस्तान चले गए। पाकिस्तान जाने का एक बड़ा मकसद ये भी था कि पार्टी वहां अपना आंदोलन खड़ा करना चाहती थी। इन लीडरों की सोच थी कि यदि वहां काम नहीं किया गया, तो वहां सियासत में दक्षिणपंथी ताकतें हावी हो जाएंगी। जो कि भारत और पाक दोनों के लिए नुक्सानदायक होगा। यही नहीं उन्हें यह उम्मीद भी थी कि जब हालात साजगार हो जाएंगे, तो वे वापस भारत आ जाएंगे। लेकिन अफसोस, उनके ये ख़्वाब पूरे नहीं हुए।

अखतर पयामी का पाकिस्तान में जहां कयाम रहा, वह पूर्वी पाकिस्तान था। अपनी ज़िंदगी की गुजर बसर के लिए उन्होंने सहाफत का पेशा चुना। वे ढाका के बड़े अंग्रेजी अखबार 'मानिंग न्यूज' से जुड़ गए। कुछ दिनों उन्होंने पाकिस्तान रेडियो में भी काम किया। इन मसरूफियत के दरमियान उन्होंने अदब से कभी नाता नहीं तोड़ा। अपने मिजाज के मुताबिक इंकलाबी नज्में लिखते रहे। पाकिस्तान की कम्युनिस्ट पार्टी से उनका जुड़ाव रहा। पत्रकारिता की जिम्मेदारियां बढ़ीं, तो अखतर पयामी की अदबी तख़्लीक कम हो गई। इधर पाकिस्तान की सियासत पर फौजी हुकूमत के इकि्तदार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उदारवादी और वामपंथी खयाल के लोग हाशिये पर चले गए। जम्हूरियत खतरे में पड़ गई। खास तौर से पूर्वी पाकिस्तान में सियासत तेजी से बदल रही थी। साल 1971 में पाकिस्तान से टूटकर बांग्लादेश आजाद हुआ। गैर जम्हूरी ताकतों से जिंदगी की आखिरी जंग लड़ने के हौसलों के साथ अखतर पयामी ने कराची का रुख कर लिया। पहले 'मार्निंग न्यूज' और उसके बाद वे मशहूर अंग्रेजी अखबार 'डॉन' से जुड़ गए। अखतर पयामी पाकिस्तान में जरूर रहे, मगर अपने मादरी वतन हिंदोस्तान को कभी नहीं भूले। वह हमेशा उनकी यादों में रहा। खास तौर पर मुकद्दस दरिया गंगा से उनका गहरा लगाव था। नज्म 'गंग-व-जमन' में उनकी कैफियत है, "यक-ब-यक रात की खामोशी में/जुल्मतों की नकाब ओढ़े हुए/रूह-ए-गंग-व-जमन चली आई ।" अफसाना निगार सुहैल अजीमाबादी, अखतर पयामी के गहरे दोस्त थे। उनका कहना था,आपसी खतों और बातचीत में अक्सर वे भारत को याद करते रहते थे। अखतर पयामी की कई नज्मों में वतन की याद शामिल है, "तुझे कुछ इसकी खबर भी है ऐ निगार-ए-वतन/तेरे लिए कोई सीना फिगार है अब भी ।" (नज्म-'ऐ निगार-ए-वतन')

अखतर पयामी अपनी शायरी की इब्तिदा से ही तरक्क़ीपसंद तहरीक से बावस्ता रहे। उनके कलाम का अगर बारीकी से मुताला करें, तो तरक्क़ीपसंद तहरीक का पूरा दौर जीता-जागता महसूस होता है। उन्होंने अदब को हमेशा बेहतर इंसानी जिंदगी की जद्दोजहद के लिए एक जमालियाती और तहजीबी वसीला समझा। मिसाल के तौर पर नज्म 'हम लोग' में वे ऐलानिया तौर पर ये कहते हैं, "मौजा-ए-नूर हैं, जुल्मत में रवां हैं हम लोग/कितने अनजान सफीनों की जबां हैं हम लोग।" (नज्म-'हम लोग') अखतर पयामी ने कम लिखा, मगर मानीखेज़ लिखा। उनकी गजलें हो या फिर नज्में उनमें तरक्क़ीपसंद रुझान वाजेह तौर पर नजर आते हैं। सच को सच और गलत को गलत कहने की सलाहियत उनमें औरों से कहीं ज्यादा थी। सच बात को कहने से वे कभी नहीं हिचकिचाए। उनके दौर-दौरां में पाकिस्तान के अंदर ज्यादातर समय फौजी हुकूमत रही। फौजी हुकूमत के दरमियान लोकतांत्रिक अधिकार स्थगित हो जाते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पहरे लग जाते हैं। यही वह दौर होता है, जिसमें एक सच्चे अदीब-फनकार की शिनाख़्त होती है। ऐसे माहौल में भी अखतर पयामी सत्ता के खिलाफ खम ठोककर खड़े रहे। उनकी नज्मों ने हुक्मरानों से ललकार कर कहा, "तुम मेरे पांव में जंजीर पहना सकते हो/तुम मेरी फिक्र की परवाज कहां रोकोगे।" (नज्म-'मुजरिम') 'मेरा सफर तवील है', अखतर पयामी का अदबी शाहकार है। यह तवील नज्म उन्होंने बीसवीं सदी के पांचवे दशक में लिखी थी। जिस समय पयामी ने ये नज्म लिखी, तब उनकी उम्र महज अठारह-उन्नीस साल ही थी। उस वक्त ये नज्म जब रेडियो से प्रसारित हुई, तो अखतर उरैनवी और जमील मजहरी जैसे बड़े फनकारों ने इसे उर्दू की मौनुमेंटल रचना बतलाते हुए तस्लीम किया कि विषय-वस्तु और शिल्प के लिहाज से उर्दू में ऐसी कामयाब नज्में नहीं के बराबर है। तंकीद निगार अखतर पयामी की इस नज्म को अली सरदार जाफरी की नज्म 'नई दुनिया को सलाम' और साहिर लुधियानवी की 'परछाइयां' सफ में रखते हैं। बहरहाल, इस लंबी नज्म के इख्तिताम में आदम और हव्वा दोनों कहते हैं, "अगर ये है जहाने तू, तो ऐ खुद्रा-ए-दो जहां/हम इस जमीं पे अपनी फिक्र.के दीये जलाएंगे।"



साल 1996 में अखतर पयामी की पहली किताब 'तारीख' प्रकाशित हुई। साल 1999 में उर्दू मरकज अजीमाबाद से उनकी नज्मों का दूसरी किताब 'कलस' और साल 2004 में कराची से किताब 'आईनाखाने' प्रकाशित हुई। साल 2015 में राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित किताब 'मेरा सफर तवील है' में अखतर पयामी की चुनिंदा नज्में संकलित हैं। जिसका संपादन जाबिर हुसेन ने किया है। किताब में उनकी दीगर नज्मों के अलावा दस्तावेजी ड्रामाई नज्म 'तारीख' भी शामिल है। शायरी के अलावा अखतर पयामी ने अखबारों में कॉलम लिखे। यही नहीं पार्टिशन के तजरबात पर भी उन्होंने एक लंबा आर्टिकल लिखा, जो काफी चर्चा में रहा। अखतर पयामी जब तलक ज़िंदा रहे, हिंद-पाक रिश्तों की बेहतरी के लिए कोशां रहे। इसके लिए उन्होंने जी-जान से कोशिशें कीं। साल 2003 में वे आखिरी बार हिंदुस्तान आए। इस यात्रा में वे अपने जन्मस्थान 'गया' जाना नहीं भूले। अपने वतन से वे कितनी मुहब्बत करते थे,उसे एक कतआत में ढालते हुए उन्होंने कहा,"किस्सा-ए-काकुल-व-रुखसार लिये आया हूं/इश्क की गर्मी-ए-बाजार लिये आया हूं/मुझको सीने से लगा ले मेरे महबूब वतन/अपना टूटा हुआ पिंदार लिये आया हूं।" अपनी इस यात्रा में भी उन्होंने लोगों को जोड़ने का काम किया। उनको अमन और भाईचारे का पैगाम दिया। 8 अप्रैल, 2013 को, कराची में अखतर पयामी का निधन हो गया।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

**वे ढाका के बड़े अंग्रेजी अखबार 'मार्निंग न्यूज' से जुड़ गए। कुछ दिनों उन्होंने पाकिस्तान रेडियो में भी काम किया। इन मसरूफियत के दरमियान उन्होंने अदब से कभी नाता नहीं तोड़ा। अपने मिजाज के मुताबिक इंकलाबी नज्में लिखते रहे। पाकिस्तान की कम्युनिस्ट पार्टी से उनका जुड़ाव रहा। पत्रकारिता की जिम्मेदारियां बढ़ीं, तो अखतर पयामी की अदबी तख़्लीक कम हो गई। इधर पाकिस्तान की सियासत पर फौजी हुकूमत के इकि्तदार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उदारवादी और वामपंथी खयाल के लोग हाशिये पर चले गए।**

**व्यंग्य**



## दो यक्ष प्रश्न

**तीरथ सिंह खरबंदा**

गोपी शादी के लिए ओव्हर-ड्यू हो चला था । ऐसा नहीं था कि कहीं भी उसके रिश्ते की बात न चली हो । बात तो कई जगह चलती पर कहीं भी वह जमती न थी । शादी के लिए वह जब भी किसी लड़की को देखने जाता तब वह अपने साथ अपने खास मित्र को ले जाना कभी न भूलता ।

उसके सामने हर जगह दो यक्ष प्रश्न अक्सर आ खड़े होते । पहला प्रश्न होता -लड़का कहाँ तक पढ़ा है ? जो भी प्रश्न गोपी से पूछे जाते, उनका उत्तर बजाए गोपी के उसका खास दोस्त ही देता । कहते हैं कि वैसे तो गोपी बहुत बोलता था किन्तु जब भी कोई प्रश्न पूछता वह अपने मुंह में दही जमाकर बैठ जाता । तब उसका दोस्त तुरंत उत्तर देता झ जी इसने एम.ए.पास किया है । अब यदि उससे आगे कोई यह प्रश्न कर बैठता कि कौन से कॉलेज से पास किया है ? तब दोनों इधर-उधर ऐसे देखने लगते जैसे कि उन्हें आसपास की दीवार पर कहीं लिखा हुआ उसका उत्तर मिल जाएगा ।

ऐसे में वे चुप रहकर उस प्रश्न को टालने की भरसक कोशिश करते । लड़की वाले समझ जाते कि दाल में जरूर कुछ काला है, वे फिर उस प्रश्न को न दोहराते ।

जब वे दोनों किसी एक अन्य नए प्रस्ताव के साथ कहीं पहुंचे तो वे पूछ बैठे - कौन से विषय में एम.ए. किया है ? वे दोनों तब उस अप्रत्याशित प्रश्न को सुन बगलें झाँकने लगे । ऐसे में उनका दोस्त रुष्ट होकर अत्यंत तल्खी के साथ बोला आप लोग कुछ ज्यादा ही पूछताछ कर रहे हैं ! क्या आपको हमारी बातों पर भरोसा नहीं है ? फिर उसके दोस्त को जो भी विषय तत्काल सूझा, बगैर सोचे समझे वही बताकर, वहाँ से अपना पीछा छुड़ा धीरे से खिसक आए ।

अक्सर हर जगह उनसे अगला प्रश्न होता कि आप काम क्या करते हैं ? तब भी उसका दोस्त तुरंत जवाब देता और कहता - वैसे तो इनके बहुत से काम हैं किन्तु इनका मुख्य काम इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का है, इसीलिए आए दिन इनके विदेश दौरे होते रहते हैं । उनके हाव-भाव, बोल-चाल से लड़की वालों को यह अनुमान लगाने में जरा भी कठिनाई न होती कि उनकी बातों में कितनी सच्चाई है ! किन्तु वे सबकुछ जानकर भी अंजान बने रहते । वे कहते कि झ हमें कुछ समय चाहिए। हम सोच-विचार कर कुछ दिन में आपको जवाब देंगे और फिर वह दिन कभी न आता ।

कहते हैं कि घूरे के भी दिन फिरते हैं, एक दिन गोपी का भाग्य भी अचानक जाग उठा, जब एक लड़की वालों ने उनके पूछे गए प्रश्नों के जैसे भी, जिसने भी उत्तर दिए उन पर आँख बंद कर भरोसा कर लिया तथा भगवान का नाम लेकर अपनी लड़की का हाथ गोपी के हाथ में देने का पक्का वचन दे दिया । लड़की ऐसी भली थी जैसे कि कोई गाय । कभी किसी ने उसे ऊंची आवाज में बोलते नहीं सुना था, सभी उसकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे । लोग कहते कि गोपी के तो जैसे भाग्य खुल गए हैं किन्तु कोई भी उस गाय के भाग्य के बारे में न तो कुछ सोचता और न ही कुछ कहता ।

विवाह वाले दिन एन वक्त पर उस गाय के मन में पता नहीं क्या आया कि वह जिद्द कर बैठी कि लड़के की एम.ए. की डिग्री देखने के पश्चात ही वह विवाह मंडप में बैठेगी । घर के बड़े बुजुर्गों ने मौके की नजाकत को देखकर उसे समझाने की बहुत कोशिश की झ और कहा कि इस वक्त ऐसी जिद्द करना ठीक नहीं है । यदि लड़के वाले बुरा मान गए तो बारात लौट सकती है और फिर तुम्हारी शादी भी खटाई में पड़ जाएगी । किन्तु उस दिन उस गाय में पता नहीं कहाँ से ऐसी शक्ति आई कि वह अपनी बात से टस से मस होने को तैयार न हुई । एक बार जो अपनी बात पर अड़ी तो फिर अंत तक अड़ी ही रही ।

तब नव दूल्हे गोपी के खास दोस्त ने अपना पूरा वाक्चातुर्य दिखाया और हर तरह से घुमा-फिराकर उस लड़की को समझाने की बहुत कोशिश की किन्तु अंततः वह सब व्यर्थ गया । और फिर जिसका डर था वही बात हो गई, बड़ी मुश्किल से पाँच साल बाद दरवाजे तक पहुंची गोपी की बारात बगैर दुल्हन के वापस लौट आई ।

वहाँ ठीक कुछ ऐसा घटित हुआ जैसे पाँच साल में निकले चुनाव के शुभ मुहूर्त में सत्ता रूपी दुल्हन को ब्याहने द्वार तक पहुंची किसी गोपी की बारात को गाय समान जनता ने हिम्मत दिखाकर बैरंग लौटा दिया हो ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आजमगढ़ को मिली कई परियोजनाओं की सौगात

## गृहमंत्री अमित शाह ने 4583 करोड़ की 117 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर किया लोकार्पण व शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम नामदारपुर निकट हरिहरपुर, थाना कन्धरापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 4257 करोड़ की लागत से 1358 पाइप पेयजल परियोजनाओं एवं शास्त्रीय संगीत को समर्पित 22 करोड़ की लागत से हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय सहित कुल 4583 करोड़ की 117 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण/शिलान्यास किया गया।

इसमें हरिऔध कला केन्द्र, शाहगढ़-मुबारकपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तहसील मार्टीनगंज का अनावासीय भवन, पुलिस लाइन में 200 व्यक्तियों की क्षमता हेतु बैरक, कुशलगांव एवं लाटघाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज देवगांव में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट तथा इनोवेशन सेन्टर एवं केयर लैब, राजकीय श्री दुर्गा जी होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, चण्डेश्वर में पार्किंग, औषधि भण्डार, म्युजियम हाल एवं बाउण्ड्रीवाल सहित कुल 61 परियोजनाओं की लागत लगभग 152 करोड़ का लोकार्पण तथा आजमगढ़-बिलरियागंज-रौनापार मार्ग के चैनेज 12.870 से चैनेज 26.00 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तहसील फूलपुर के ग्राम असई-असरफपुर, तहसील सदर के ग्राम रामपुर एवं तहसील निजामाबाद के ग्राम चरहा में वृद्ध गो संरक्षण केन्द्र, रासेपुर तितरा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, ग्राम हरिहरपुर स्थित प्राचीन शिव जी स्थल एवं प्राचीन शीतला माता स्थल का पर्यटन विकास कार्य सहित कुल 56 परियोजनाओं की लागत लगभग 4431 करोड़, का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज आजमगढ़ में हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया।



बटन दबाकर परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते गृहमंत्री अमित शाह

इसके स्थापित होने से गायन, वादन, नृत्य आदि के क्षेत्र में यहां के बच्चों को अपना कैरियर बनाने का मौका मिलेगा, और यह संगीत महाविद्यालय आने वाले दिनों में पूरे उत्तर प्रदेश में ही नही, बल्कि विश्व में अपनी पहचान बनायेगा। आगे उन्होने कहा कि हर घर नल योजना का शुभारम्भ किया गया है। इस योजना के लागू होने से प्रत्येक घर में शुद्ध नल का पानी हर व्यक्ति को उपलब्ध होगा। उन्होने बताया कि फ्लोराइड से प्रभावित क्षेत्रों में नल से पानी पहुंचाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होने कहा कि आज प्रत्येक घरों में बिजली पहुंच गयी है। उन्होने कहा कि वर्तमान में 5 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वाला प्रदेश, उत्तर प्रदेश बन गया है। आज उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराधमुक्त एवं भयमुक्त बनाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नये रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत हुआ है। आज उत्तर प्रदेश विकास की ऊंचाइयों का नया प्रतिमान स्थापित कर रहा है। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत नये भारत के रूप में उभरा है। और उन्ही का अनुसरण करते हुए उ.प्र. उभर रहा है। पहले जाति के नाम पर यहां के विकास को अवरुद्ध किया गया था। 17 से पहले यहां का नौजवान कहीं जाता था तो उसे किराया पर मकान नहीं मिलता था। पहले लखनऊ जाने में 7 से 8 घण्टे लगते थे लेकिन पूर्वांचल एक्सप्रेस बन जाने से 2 से 3 घण्टे में लोग पहुंच रहे हैं। पहले आजमगढ़ का नाम बम विस्फोट में जरुर आता था। लेकिन इस समय कहीं पालीटेक्निक कालेज बन रहे है तो कहीं महाविद्यालय बन रहा है हर घर जल योजना के अन्तर्गत कार्य प्रगति पर है। कोरोना काल से अबतक लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। वहीं पाकिस्तान में रोटी के लाले पड़े है। जब अच्छा नेतृत्व होता है तो विकास होता है और अच्छा नेतृत्व नहीं होता है तो रोटी के लाले पड़ते हैं।

सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजमगढ़ को गढ़ कहा जाने वाले लोग सड़को गड्ढा बना दिये थे लेकिन अब वह सड़के भर रही हैं इसी तरह देश को चकमाना है तो कमल का बटन दबाना है। कश्मिर से 370 धारा हटने व गृहमंत्री अभिभाषण का तर्क देते हुए निरहुआ ने कहा कि रुकने वाला ये भारत का बेटा नहीं झुकने वाला ये भारत का बेटा नहीं अब तो दुनिया कहा रही है कि अमित शाह जैसा कोई नेता नहीं।

इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति, जयवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सांसद दिनेश लाल यादव, विधान परिषद सदस्य यशवन्त सिंह, विजय बहादुर पाठक, विक्रान्त सिंह रिशु, सहजानन्द राय क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, लालगंज ऋषिकान्त राय, नीलम सोनकर, वन्दना सिंह, मण्डलायुक्त मनीष चैहान, आईजी अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, आईएएस प्रशिक्षु प्रखर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



गृहमंत्री अमित शाह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ



जनता का अभिवादन करते गृहमंत्री व मुख्यमंत्री

# ब्राह्मण समाज ने गृह मंत्री और सीएम को भेजा पत्रक

**मांग**

### परशुराम जयंती के अवकाश को निरस्त करने से ब्राह्मण समाज आहतः ब्रजेश नंदन पाण्डेय



ज्ञापन देते ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के लोग।



सभा में उपस्थित भीड़

आजमगढ़। ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के अध्यक्ष ब्रजेश नंदन पांडेय के नेतृत्व में संगठन के लोग भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा गुड्डू से मिलकर गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी को संबोधित पत्रक सौंप कर परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की।

अध्यक्ष ब्रजेश नंदन पांडेय ने बताया कि पूरे विश्व का ब्राह्मण पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम को अपना आराध्य मानकर उनका जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता रहा है। हमारे अटूट आस्था के सम्मान में पूर्ववर्ती सरकारें भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करती चली आई है। लेकिन वर्तमान की सरकारों में भगवान परशुराम को महापुरुषों की श्रेणी में शामिल कर लिया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि भगवान परशुराम जयंती दिवस के अवकाश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से ब्राह्मण समाज को भावनात्मक ठेस पहुंची है। ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के साथ साथ अन्य ब्राह्मण संगठन के लोग भी पुरजोर अवकाश की मांग करते चले आ रहे है लेकिन अब तक कोई भी सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। परशुराम जयंती के दिन पूर्व की तरह सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाए ताकि हम तमाम ब्राह्मण समाज के लोग आगामी 22 अप्रैल अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती धूम धाम से मना सकें। इस दौरान महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी, भागवत तिवारी, वैभव पांडेय आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अवैध असलहा संग एक गिरफ्तार

लालगंज/मोहम्मदपुर (आजमगढ़)। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गंभीरपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गंभीरपुर पुलिस अपराधियों की तलाश में फरिहां मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध असलहा लिये मसूदपट्टी मडैया तिराहे पर खड़ा है। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान मसूदपट्टी मोड़ से फरिहां की तरफ से आ रहा एक व्यक्ति तेज कदमों से पुनः पीछे मुड़कर मसूदपट्टी मडैया मोड़ की तरफ भागने लगा लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अबुल कैश पुत्र नन्हे कंकाली निवासी मोहम्मदपुर भिटिया थाना गम्भीरपुर बताया। जामा तलाशी में उसके पास से एक अदद तंमचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद हुआ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जली विवाहिता

फरिहा (आजमगढ़)। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फत्तनपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता आग से झुलस गयी। आनन फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फत्तनपुर गांव निवासी नन्हे की पत्नी मुस्कान संदिग्ध परिस्थितियों में आग से बुरी तरह से जलकर झुलस गयी। चीख पुकार सुनकर लोग घर के अन्दर गये तो मुस्कान आग की लपटों में जल रही थी। लोगो ने किसी तरह से आग को बुझाया। बताया जाता है कि घर पर सास बहू में अक्सर विवाद होता रहता था। मुस्कान संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आकर जल गई। मुस्कान का पति नन्हे दो शादियां कर रखा है। मुस्कान की शादी करीब 18 महीने पहले हुई थी। जलने के बाद लोगों ने आनन-फानन में एंबुलेंस से सदर अस्पताल ले गए वहां से फिर शहर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है लेकिन स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### विद्युत चिंगारी से गेहूं की फसल राख

पटवध (आजमगढ़)। विद्युत ट्रांसफार्मर से गिरी चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गयी जिससे फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के अथक परिश्रम से आग पर काबू पाया जा सका। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर निवासी सुरेंद्र पाठक के खेत में बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिससे बिजली आपूर्ति की जाती है। शुक्रवार की दोपहर तेज हवा के चलते ट्रांसफार्मर पर लगा जंपर वायर टूट कर दूसरे तार से शॉर्ट सर्किट हो गया जिसकी वजह से चिंगारी नीचे गेहूं के खेत में गिरी और गेहूं धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटों को देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना होने से टल गई फिर भी लगभग 3-4 विस्वा गेहूं जलकर खाक हो गया। पवई संवाददाता के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के बागबहार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में जगन्नाथ आदि काश्तकारों का 10 बीघा गेहूं देखते ही देखते जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

पटवध (आजमगढ़)। बिलरियागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शहाबुद्दीनपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक महिला का शव उसके घर में फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव निवासी लक्ष्मीना यादव 22 वर्ष पत्नी उमेश यादव का शव उसके घर में ही फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई तो वहीं मायके पक्ष से मृतका के चचेरे भाई अजय यादव उर्फ साधु पुत्र स्व.धनई यादव निवासी सहुवारी थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ ने ससुराल पक्ष के मृतका के पति उमेश यादव, ससुर श्याम लाल यादव, देवर हरिश्चंद्र यादव, सास मीना यादव पर दहेज उत्पीड़न कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और घटना की छानबीन में जुट गई।

### धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

पटवध (आजमगढ़)। मां कमला देवी इंटर कॉलेज बरोही फतेहपुर के प्रांगण में स्थित हनुमान और भगवान राम जानकी मंदिर पर हनुमान जी के जन्मोत्सव पर धूमधाम से अखंड रामायण का पाठ कराया गया और दूसरे दिन शाम को वृहद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरे इलाके व दूरदराज के लगभग हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक हवलदार सिंह और संजय सिंह रहे। राजन सिंह एवं समस्त ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों की श्रद्धा से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा क्षेत्र भजन संगीत से गुंजायमान रहा।

# अगलगी से 6 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख

अतरौलिया आजमगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहरा तेजापुर गांव में सड़क के किनारे अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गयी। आग की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों आग की सूचना फयार बिग्रेड को लेकिन जब दमकल आता ग्रामीण आग पर काबू पा लिये थे।

अतरौलिया थाना क्षेत्र के लोहरा तेजापुर सड़क के किनारे अज्ञात कारणों से दिन में लगभग 1रू30 बजे गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया और धू-धू कर गेंहू की फसल जलने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन के साथ ही फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पुलिस व राजस्व कर्मचारी पहुंचे तब तक ग्रामीणों ने मिलकर किसी तरह आग पर नियंत्रण पाया ,वहीं फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी जिसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। आग लगने से चंद्र प्रकाश सिंह पुत्र रण बहादुर सिंह, दिनेश अग्रहरि पुत्र शिवराज, चंडी प्रसाद पुत्र राम नयन आदि कई किसानों का लगभग 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई, वहीं स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कहीं भी आग लगने की घटना पर फायर ब्रिगेड की टीम समय से मौके पर नहीं पहुंचती। फोन करने के बाद भी फायर ब्रिगेड कर्मी समय से नहीं पहुंच पाते जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



आग से जली फसल

### समर सिंह की गिरफ्तारी से जनपद में हलचल

आजमगढ़। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी भोजपुरी गायक समर सिंह को पुलिस ने शुक्रवार सुबह गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। समर सिंह की गिरफ्तारी के बाद उसके पैतृक आवास जिले के मेंहनगर कस्बे में हलचल है। चैक-चैराहों से लेकर पान की गुमटी तक केवल समर सिंह की ही चर्चा है। कई लोग समर्थन में तो कई लोग फर्जी मामले में फंसाने का आरोप लगा रहे हैं। इधर, समर सिंह के पैतृक आवास में ताला लगा है। उसके परिजन कहां हैं, यह किसी को पता नहीं है। मेंहनगर कस्बा निवासी समर सिंह भोजपुरी गायक है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के समर्थन में गीत गा कर समर सिंह ने काफी सुर्खियां बटोरी थी। वह भोजपुरी गायन के साथ ही फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा था। फिल्मी दुनिया में उतरने के बाद से ही उसका घर से कोई खास संबंध नहीं रह गया था। चार-छह माह में घंटा दो घंटा के लिए ही उसका घर आना जाना होता था। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे 26 मार्च को सारनाथ स्थित एक होटल में संदिग्धावस्था में मृत मिली थीं। आकांक्षा की मां ने समर सिंह व उसके सहयोगी संजय सिंह पर आकांक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा जर्ज कराया था। घटना के बाद से ही समर सिंह व संजय सिंह फरार चल रहे थे। इस बीच यूपी एसटीएफ की टीम ने समर सिंह के पैतृक आवास मेंहनगर कस्बा पर दो बार दबिश दी। घर पर रहने वाले बड़े भाई कल्लू से पूछताछ भी किया। इसके बाद से ही समर सिंह के बड़े भाई घर पर ताला बंद कर परिवार के साथ फरार हो गए। समर की गिरफ्तारी के बाद भी उसके मेंहनगर कस्बा स्थित पैतृक आवास पर ताला लटका हुआ है और परिवार के लोग फरार है।

### अभाविप ने डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना



आजमगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में धरना दिया। डीआईओएस मनोज मिश्रा को 10 सूत्रीय ज्ञापन देकर हर साल ड्रेस कोड बदलने पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष कक्षाओं में प्रवेश के नाम पर वसूले जा रहे शुल्क पर रोक लगे। वैकल्पिक शुल्क मेस, टूर के नाम पर वसूले जा रहे शुल्क पर रोक लगे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत गौरा, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौरा विकास खण्ड मेंहनगर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM)/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, पंचायत भवन हेतु अतिरिक्त कक्ष, अन्त्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 15.04.2023 समय अपराह्न 04.00 बजे। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.2023

(प्रेम देवी) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं.गौरा, वि.खं. मेंहनगर, आजमगढ़
(अनिल कुमार) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं.गौरा, वि.खं. मेंहनगर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत कटात चक कटात, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटात चक कटात विकास खण्ड मेंहनगर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM)/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, पंचायत भवन हेतु अतिरिक्त कक्ष, अन्त्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 15.04.2023 समय अपराह्न 02.00 बजे। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.2023

(मुराही देवी) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं.कटात चक कटात, वि.खं. मेंहनगर, आजमगढ
(अनिल कुमार) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं.कटात चक कटात, वि.खं. मेंहनगर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत लौदह इमादपुर, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लौदह इमादपुर विकास खण्ड मेंहनगर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM)/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, पंचायत भवन हेतु अतिरिक्त कक्ष, अन्त्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 15.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.2023

(प्रतिभा देवी) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं.लौदह इमादपुर, वि.खं. मेंहनगर, आजमगढ
(अनिल कुमार) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं.लौदह इमादपुर, वि.खं. मेंहनगर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत नेवरही, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नेवरही विकास खण्ड रानीकीसरा? में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM)/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 15.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.2023

(जितेन्द्र कुमार) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं.नेवरही, वि.खं. रानीकीसराय, आजमगढ
(आनन्द प्रकाश राय) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं.नेवरही, वि.खं.रानीकीसराय, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत रेवरा परवेजपुर, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(जगदीश यादव) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. रेवरा परवेजपुर, वि.खं.मिजार्पुर, आजमगढ़
(संजय यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं. रेवरा परवेजपुर, वि.खं. मिजार्पुर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत नेवादा, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(कुन्ती देवी) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. नेवादा, वि.खं.मिजार्पुर, आजमगढ़
(रेनू भारती) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं. नेवादा, वि.खं. मिजार्पुर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत मोलनापुर, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(चन्द्रशेखर यादव) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. मोलनापुर, वि.खं.मिजार्पुर, आजमगढ़
(रेनू भारती) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं. मोलनापुर, वि.खं. मिजार्पुर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत इसरौली, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(साजिया परवीन) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. इसरौली, वि.खं.मिजार्पुर, आजमगढ़
(परविन्द मौर्या) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं. इसरौली, वि.खं. मिजार्पुर, आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत कोरौली खुर्द, वि0ख0 मिजार्पुर, आजमगढ़
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेत्रु स्वतंत्र है।

पत्रांक- मेमो/2023-24 दिनांक 07.04.23

(आसिया) ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. कोरौली खुर्द, वि.खं.मिजार्पुर, आजमगढ़
(परविन्द मौर्या) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव, ग्रा.पं. कोरौली खुर्द, वि.खं. मिजार्पुर, आजमगढ़

# विंध्याचल मंदिर की शुद्धि के लिए गंगाजल से हुई धुलाई

जनसंदेश न्यूज

परंपरा

**गंगा घाट से मंदिर तक लगा घट और गगरा लिए भक्तों का ताता**

**दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए चली आ रही परम्परा**


घटाभिषेक के लिए गंगा जल लाते भक्त

**मीरजापुर।** नवरात्रि मेले के बाद माता विंध्यवासिनी के धाम की शुक्रवार को गंगाजल से धुलाई की गई। वैशाख माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गंगाजल से मंदिर को धोने की परम्परा चली आ रही हैं। विंध्य पंडा समाज के साथ ही क्षेत्रवासी आज के ही दिन माता का वार्षिक पूजन और निकासी करते हैं। नवरात्र मेला के दौरान आने वाले विभिन्न समाज के लाखों भक्त माता की कृपा पाने के लिए पूजन अर्चन करते हैं। जबकि तमाम साधक सिद्धि पाने के लिए तंत्र मन्त्र की साधना कर भूत प्रेत, योगिनी एवं यक्षिणी का आहवान करते हैं।

जिन्हें माता के धाम से विदा करने के लिए गंगाजल से धुलाई की जाती हैं। विन्ध्याचल धाम के शुद्धिकरण परम्परा में तीर्थ पुरोहित भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्र ने भक्तों के साथ गंगा जल से धाम की धुलाई की। मान्यता है कि गंगाजल से मंदिर का शुद्धिकरण करने से भूत, प्रेत लंकिनी - डंकिनी, योगिनी व दुष्ट आत्माओं से मुक्ति मिलती है। हजारो की तादात में भक्त गंगा स्नान कर पवित्र जल को घड़े में भर कर मंदिर की धुलाई कर धाम में विराजमान सभी देवी देवताओं का घटाभिषेक किया।

आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी के धाम में तंत्र - मन्त्र के साधक आकर साधना में लीन होकर माता रानी की कृपा पाते है। धाम में किये गये तंत्र मन्त्र की क्रिया के बाद वैशाख माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को मंदिर से जीविकोपार्जन करने वाले पण्डा, नाई व धईकार समाज के साथ ही स्थानीय नागरिक और भक्तगण मिलकर मंदिर की गंगाजल से धुलाई करते है। ताकि दुष्ट आत्माओं से समाज को मुक्ति मिले। चहुंओर खुशहाली रहे।

नवरात्रि मेला खत्म होने के बाद विन्ध्याचल धाम की गंगा जल से धुलाई करते है। अनादि काल से चली आ रही परम्परा के तहत भक्त घड़ा की पूजा करने के बाद गंगा स्नान करते है। इसके बाद घड़े को गंगा जल से भरकर माता के धाम की सफाई करते है। माता के धाम में आस्था से विभोर भक्तों का घड़ा के साथ ताँता लग जाता है। श्रीविन्ध्य पंडा समाज के पूर्व अध्यक्ष राजन पाठक ने बताया कि माता विंध्यवासिनी के धाम में अभिषेक में शामिल होने वाले भक्त सेवा कर शांति महसूस करते है। माता के मंदिर में धुलाई व निकासी से इलाके के लोग खुश रहते है।

## बांस की कोट में लगी आग

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड के सामने स्थित हनुमान मंदिर के पीछे अज्ञात स्थिति में बांस के कोठी में आग लग गई। आग लगने के बाद अगल बगल के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के प्रयास से आग बुझाते बुझाते बांस की आधी कोट जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया फायर ब्रिगेड के पहुंचते-पहुंचते ग्रामीणों ने आग को काफी हद तकबुझा लिया गया था। शेष बचे आग को फायर ब्रिगेड ने बुझाया। हनुमान मंदिर के पीछे शुक्रवार शाम मंदिर के पीछे मंदिर का ही बांस का कोट स्थित है। बताया गया कि मंदिर पर गजेडियो का जमावड़ा होता है। गजेड़ियों के ही द्वारा गांजा पीकर फेंक दिया गया। जिससे वहां पर आग लग गई। आग लगते ही आग विकराल रूप रूप ले लिया अगल-बगल के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई फायर ब्रिगेड पहुंचते-पहुंचते ग्रामीणों ने अथक प्रयास से आग को बुझाने में काफी हद तक सफल हो चुके थे। जो कुछ बचा था वह फायर ब्रिगेड ने बुझाया। हालाकी बांस की आधी कोर्ट जलकर नष्ट हो गई अगल बगल किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## संक्षेप

### भेड़ी में जेसीबी मशीन से हो रही है तालाब की खुदाई



**मीरजापुर।** सरकार की महत्वांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत गांवों में पानी की कमी न हो। मनरेगा श्रमिको को गांवों में रोजगार मिले। इसके लिए सरकार ने गांवों में दो दो तालाब की खुदाई कराना सुनिश्चित किया। वही मनरेगा श्रमिकों को गांव में अधिक से अधिक रोजगार मिले। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भेड़ी विकास खंड राजगढ़ में ग्राम प्रधान ने मनमाने तरीके से जेसीबी मशीन लगाकर तालाब की खुदाई करा रहे हैं जिससे मनरेगा श्रमिकों में मायूसी छाई हुई है। वही तालाब की खुदाई में निकले मिट्टी को बाहर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। जबकि तालाब की खुदाई से निकल रहे मिट्टी को तालाब के भिठे पर ही रखना है। प्रदेश सरकार ने मनरेगा श्रमिकों को गांव में ही रोजगार देने की बात को संबंधित विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, सचिव आदि ने खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। मनरेगा श्रमिक व ग्रामीणों ने इसकी जांच करा कर कार्यवाही किए जाने की मांग किया हैं।

### सीडीओ ने क्रॉप कटिंग कराकर परखी फसल की उत्पादकता



**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस विकास खंड सिटी के ग्राम पंचायत धानीपट्टी में राजस्व कार्मिकों के साथ क्राप कटिंग कराकर जनपद में फसल उत्पादकता को परखा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपनी देख रेख में काश्तकार राजकुमार पुत्र मुन्नीलाल के खेत का कराया गया। खेत के दक्षिण पश्चिम कार्नर से 14 कदम लंबाई, 7 कदम चैड़ाई की फसल छोड़कर छोड़ कर 10ग10ग10 मीटर त्रिकोणीय प्लाट (7 धूर, 43.3 वर्ग मीटर) की कटाई कराया गया। फसल का वजन 14.150 किग्रा पाया गया।

### प्रोजेक्टर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** प्रधानाध्यापक प्रा0वि0 कटका थाना कछवां द्वारा अनिल कुमार पुत्र नन्दलाल प्रा0वि0 में चोरी होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कछवां को निर्देश दिए गये थे। जिसके क्रम में गुरुवार को व0उ0नि0बजरंग बली चौबे मय हमराह द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी जिलाजीत बनवासी पुत्र खिलोधर निवासी ग्राम सरबतखानी थाना चौरी जनपद भदोही को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्रोजेक्टर को बरामद करते हुए जेल भेज दिया गया।

### नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बीते 25 फरवरी को एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी व अपहृता की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरी0 मड़िहान को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 सुरेश यादव मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी विकाश उर्फ बादल पुत्र रामविलाश निवासी ग्राम अधवार थाना पड़री को गिरफ्तार करते हुए पॉक्सो एक्ट में कार्यवाही पूर्ण करते हुए जेल भेजा गया। अपहृता की बरामदगी पूर्व में की जा चुकी है।

### 10 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 हरिकेश राम आजाद मय टीम द्वारा थाना हलिया क्षेत्र से अभियुक्त कमलेश पुत्र रामखेलाबन निवासी बडोहा थाना हलिया को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हलिया पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### बल्कर ट्रक व हार्वेस्टर में हुई भिड़ंत, बाल-बाल बचे चालक

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हिनौता ग्राम सभा अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के ओवरब्रिज के समीप सोनभद्र से राखड़ लादकर वाराणसी की तरफ जा रही हाइवा बल्कर ट्रक आगे चल रही हार्वेस्टर अचानक सड़क के दूसरी लेन में आ जाने से बलकर से भिड़ंत हो गई। जिसमें बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। वही हार्वेस्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ। यह तो संयोग रहा कि उस पर सवार चालक समेत अन्य लोगों को किसी भी तरह का कोई चोट नहीं आयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पलटी वाहनों को हटवा कर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। वहीं हार्वेस्टर के चालक व अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

### पुलिस ने दो के खिलाफ की गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**अहरौरा।** स्थानीय पुलिस ने धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी कार्य करने के आरोप में दो के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की तहत कार्रवाई किया। जय प्रकाश पांडे स्वर्गीय राम बदन पांडे निवासी पाली थाना कासिमाबाद गाजीपुर, मनीष राय पुत्र स्वर्गीय पारसनाथ पाली थाना कासिमाबाद गाजीपुर पूर्व में 26 मार्च 2022 को 55 किलो 475 ग्राम गांजा के साथ यह दोनों आरोपी पकड़े गए थे जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया था। इनके क्रियाकलाप को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने इन दोनों गाजा तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

### कूप में गिरा लावारिस पशु, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

**हलिया।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत नदना में एक लावारिस पशु कूप में गिर गया। सुबह जब ग्रामीण पानी के लिए गए तो देखा कूप में एक लावारिस पशु पड़ा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान के सहयोग से पशु को बाहर सुरक्षित निकाला गया। नदना गांव में शुक्रवार की रात श्यामा कोल के कूप में एक लावारिस पशु रात्रि में गिर गया। सुबह जब लोग पानी के लिए गए तो कूप में लावारिस पशु दिखाई दिया। जिसकी सूचना श्यामा कोल ने ग्राम प्रधान मनोज शर्मा को दी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ग्रामीणों के सहयोग से लावारिस पशु को कूप से सुरक्षित बाहर निकाला।

### सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, दो घायल

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के बघौड़ा बाजार के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरे बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया तथा अन्य का प्राथमिक इलाज कर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के पचोखरा गांव निवासी आदर्श पटेल उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र राजेश कुमार राजगढ़ की ओर से पचोखरा गांव जा रहे थे इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार राजा करवल पुत्र शेखर 29, निवासी राजगढ़ तथा कल्लू विश्वकर्मा पुत्र नारद निवासी नदिहार 46, की बघौड़ा बाजार के पास आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें तीनों को गंभीर चोटें आईं। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और तीनों घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आदर्श पटेल के सिर पर लगी चोट के चलते अत्यधिक रक्तस्त्राव हो रहा था। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं राजा करवल व कल्लू विश्वकर्मा की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने मण्डलीय चिकित्सालय के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद परिजनों में अफरातफरी मच गई तथा मृतक युवक के परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परिक्षण के लिए भेज दिया।

### मच्छरों के आतंक से नगर के लोगों का हो गया है जीना हराम

**अहरौरा।** तेज गर्मी बदलते मौसम होने के कारण मच्छरों की जनसख्या में काफी इजाफा हो रहा है। यह मौसम मच्छरों के प्रजनन काल भी होता है। रात को छोड़िए दिन में ही काट रहे है। गन्दे नाले से निकल कर मच्छर नगर पालिका परिषद अहरौरा की तरफ से मच्छरों से निजात दिलाने के लिए अभी तक कोई ठोस उपाय नही किया गया है। मच्छरों के प्रकोप से लोगों का नींद हराम हो गई है। रात को कौन कहे दिन में ही हजारों की सख्या में मच्छरों की झुंड की भनभनाहट से लोग सदमें में पड़ जा रहे है। गंदगी मलेरिया डेंगू जैसे रोग को दावत दे रहा है। जिससे नगर के लोग बहुत परेशान है। नगर पालिका की तरफ से मच्छर रोधी जैसे दवाओं का छिड़का नही किया जा रहा है।

# शिक्षा के नाम पर मनमानी फीस वसूली से भड़का अभाविप

रोष

**मनमाने प्रवेश शुल्क की हो रही है वसूली : जिला संयोजक**

**डीआईओएस को सौंपा पांच सूत्री पत्रक**

जनसंदेश न्यूज


डीआईओएस को ज्ञापन देते अभाविप

**मीरजापुर।** जिले में विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस एवं प्रवेश शुल्क समेत 5 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को 5 सूत्रीय पत्रक सौंपा। पत्रक में कहा गया है कि राइट टू एजुकेशन का जिले में मखौल उड़ाया जा रहा है।

कोचिंग के नाम पर कायदे कानून को परे ढकेल कर लूट मची है। जिस पर 15 दिन में ठोस कार्रवाई न किए जाने पर वृहद आंदोलन की चेतावनी दी गई है। मांग पत्र पर अधिकारी ने कारवाई का भरोसा दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला इकाई संयोजक अतुल गुप्ता ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही छात्र एवं समाज के हित के लिए कार्य करता चला आ रहा है। जिले के तमाम विद्यालयों में प्रवेश शुल्क के नाम पर धन वसूली की जा रही है। जिले में इस समय अवैध कोचिंग बेरोकटोक संचालित है। जिनका रजिस्ट्रेशन मानक पूरा नहीं है। प्रवेश शुल्क के नाम पर वसूली करने वाले विद्यालयों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। अवैध कोचिंग सेंटरों को जल्द से जल्द बंद करवाया जाए। विद्यालयों में साफ सफाई, कीटनाशक दवा का छिड़काव के साथ ही छात्रों के लिए हेल्थ कैंप एवं व्यवस्थित शौचालय की व्यवस्था किया जाय। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का किसी भी विद्यालय द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही किया जाए। परिषद् के कार्यकर्ताओं ने मांगों को 15 दिन के अंदर पूरा नहीं किए जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रदर्शन करने वालों में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रांशू साहू, नगर मंत्री शुभम यादव, अंकित तिवारी, श्रेयांश सिंह, जिला संगठन मंत्री सागर, दिव्यांश अवस्थी, आयुष त्रिपाठी, रवि सेठ एवं अभय गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

## मृतका के पिता ने दहेज का मुकदमा कराया दर्ज

जनसंदेश न्यूज



**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत तेंदूहनी गांव निवासिनी कलावती देवी उम्र 28 वर्ष ने गुरूवार की रात अपने कच्चे मकान में बड़ेर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसके 3 वर्ष के बच्चे की रोने की आवाज सुनकर परिजनों ने दरवाजे के पास जाकर लगायी अंदर से दरवाजा बंद था।

किसी तरह अंदर झांककर देखा तो कलावती घर के अंदर फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों द्वारा दुबार कला चौकी पुलिस को सूचना दिया गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का मायका हलिया थाना क्षेत्र के सगरा गांव में बताया गया। बताया गया कि 6 वर्ष पूर्व मृतका की शादी रामदुलार के लड़के राजेश के साथ हुई थी। राजेश इस समय मुंबई कमाने गया है। मृतका के पिता द्वारा सास, देवर, जेठ व जेठानी समेत 5 लोगों के विरुद्ध दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# एनएसए अजीत डोभाल ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन


दर्शन करने पहुंचे अजीत डोभाल

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपनी पत्नी अनु डोभाल के साथ मां विंध्यवासिनी का विधिवत मंत्रोच्चार सहित चरण पूजन किया। शुक्रवार की अपराह्न करीब चार बजे वाराणसी से सड़क मार्ग द्वारा मां विंध्यवासिनी दरबार पहुंचे डोभाल ने पुरानी व्हीआईपी पर मंदिर के नीचे अपने ऊपर धारण काला कोट उतार कर मंदिर में प्रवेश किया। विधि विधान से दर्शन पूजन करने के पश्चात जिलाधिकारी से लगभग एक मिनट तक कुछ आवश्यक बातचीत की। बातचीत के बीच कोरिडोर निर्माण की तारीफ करते भी सुनाई दिए। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल उनको तन्मयता के साथ कोरिडोर तथा अन्य अपेक्षित जानकारियां देती नजर आई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र, अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला, पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेश त्रिपाठी, एसडीएम सिद्धार्थ यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## खंडहर में तब्दील शवदाहगृह ग्रामीणों में आक्रोश

**कलवारी।** विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा गोपालपुर स्थित शवदाहगृह खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों की लागत से बना शवदाह गृह बदहाली का दंश झेल झेल रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं पर ग्रहण लग चुका है। ग्राम पंचायत की योजनाओं में लगी लागत का बंदरबांट किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत में कराए गए कार्य मानक पर खरे नहीं उतरते हैं। शवदाह गृह मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। अंत्येष्टि स्थल पर आने वाले परिजनों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। वही रात में दाह संस्कार करने आने वाले परिजनों को अंधेरा होने से दिक्कतें होती हैं। ग्रामीण क्षेत्र ना होने के नाते असमर्थ परिजन शव का अंतिम संस्कार शवदाह गृह पर करते हैं, लेकिन शवदाह गृह खुद मुखाग्नि के इंतजार में है तो शव का दाह संस्कार कैसे हो ग्रामीण रमेश, साजन, अखिलेश, अनिल, रिंकू अजीत, पंकज मुन्नी, अखिलेश अन्य जल्द से जल्द शवदाहगृह मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में सचिव पुष्पराज ने बताया कि शवदाहगृह की अव्यवस्थाओं को दूर कराया जायेगा। जिससे शवदाह गृह पर अंतिम संस्कार करने आने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो।

# अवैध अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

कई मकान व दुकान धराशाई

**पाइप लाइन में बाधा उत्पन्न कर रहा था अतिक्रमण**

जनसंददेश न्यूज


अतिक्रमण हटवाते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** एनएचएआई अधिकारियों के साथ एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, एसडीएम भरत लाल सरोज, सीओ दीक्षांत राज, नायब तहसीलदार मधु जैन और पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा के बीच बामी और लहंगपुर में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

नमामि गंगे द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में फोरलेन के पूरब साइड सर्विस रोड के बगल में बामी से लहंगपुर तक स्थाई और अस्थाई निर्माण को हटाया गया। इस अभियान में दो दर्जन से अधिक पक्का निर्माण भी ढहा दिया गया। इस पक्का निर्माण लोगो द्वारा अपने मकान के सामने अवैध रूप से बनाया गया था। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बामी के दुबरीपुर मोहल्ले से लहंगपुर पड़ने वाली दुकानों और मकानों पर स्थापित अवैध तथा अस्थाई वाहन पड़ाव को हटा दिया गया। कई दुकानों और घरों के सड़क पर बनी सीढ़ियों को भी जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। बतादें अतिक्रमण से लहंगपुर गंगहरा रोड चौराहे पर जाम की समस्या आम हो गई थी। सड़क पर अतिक्रमण की वजह से सुबह से शाम तक वाहन चलाना दूर निर्बाध रूप से पैदल चलना भी मुश्किल होता है। नमामिगंगे एडीएम अमरेंद्र वर्मा ने बताया इस तरह का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर हर-घर-नल-जल योजना कार्य में तेजी आएगी और पाइप लाइन कार्य बिना किसी रुकावट के हो सकेगा। उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने अतिक्रमण कर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण करते पाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नियमित दिनचर्या आरोग्य की है गारंटी

सलाह

**जनजागरूकता शिविर का किया गया आयोजन**



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते वक्ता

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मण्डलीय जिला चिकित्सालय में बच्चों व माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के प्रति जागरूकता शिविर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज, एफटीसी सचिव लाल बाबू यादव, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आरबी कमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव लाल बाबू यादव ने उपस्थित विशेषज्ञ, वरिष्ठ डाक्टर्स, वरिष्ठ सर्जन, एनम, नर्स, आशा संगिनी एवं मण्डलीय अस्पताल के कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की 75 वीं वर्षगांठ पर बताया कि डाक्टर्स ईश्वर का ही एक रूप है वह बधाई के पात्र है। बच्चों व माताओं और हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व सजग रहने की आवश्यकता है। इस भाग दौड़ व तनावपूर्ण जीवन से मुक्ति के लिए स्वच्छ पेयजल, शुद्ध खानपान, शुद्ध हवा के लिए पर्यावरण के साथ साथ योगा को अपनाना अत्यन्त जरूरी है और अपने दिनचर्या को सही एवं सुचारू तौर पर करना आवश्यक है तभी हम सब स्वस्थ्य रहेगें। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आरबी कमल ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए तनाव मुक्त होना जरूरी है, जिसके लिये स्वच्छ पेयजल, शुद्ध हवा, शुद्ध खान पान, योगा, मार्निंग वाक, को जो मनुष्य अपने दिनचर्या में अपनाता है, वह हमेशा स्वस्थ्य रहेगा। विश्व स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में डाक्टर उमेश कुमार श्रीवास्तव, डा0 अखिलेश कुमार दूबे, डा0 आनन्द कुमार सिंह, दीपक कुमार श्रीवास्तव, व मण्डलीय जिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक से कर्मचारी की मौत

**चुनार।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी की गुरुवार सुबह 5 बजे मौत हो गयी। मृत कर्मचारी गणेशदत्त त्रिवेदी उम्र 60 वर्ष निवासी गांव मौधा जनपद गाजीपुर लगभग 15 से वर्षो से चुनार जेपी सीमेंट फैक्ट्री में लोको पायलट के पद कार्यरत थे। रिटायरमेंट होने के बाद भी फैक्ट्री के उच्च अधिकारियों ने इनको 6 माह का सेवा विस्तार दिया था।

## गर्मी आते ही पेयजल की बढ़ी किल्लत

**लालगंज।** विकासखंड क्षेत्र में दर्जनों ग्रामों ने पेयजल समस्या को लेकर लोग परेशान दिख रहे हैं। गांव पहाड़ी इलाका होने की वजह से गांव में लगे हैंडपंप का पानी गर्मी के शुरूआत में ही सुख जाता है। पेयजल के लिए जनता अभी से पानी स्टोर करने के लिए अगल बगल के गांव का चक्कर लगाना शुरू कर दिए हैं। लालगंज क्षेत्र के अमहा, नेवढिया, घुर्मा, मानिकपुर, बभनी खुर्द, सहिरा, रानी वारी, बनकट, तुलसी, नंदिनी, जयकर कला, पतार कला आदि दर्जनों ग्राम पहाड़ी इलाका होने के वजह से गर्मी के शुरूआत में ही हैंडपंप पानी देना छोड़ दिए हैं तथा प्रतिष्ठापित कूप में पानी सूख चुके जाने की वजह से ग्रामीण जनता पेयजल के लिए अगल बगल के गांव का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। ग्रामीण अपने लिए तो किसी तरह पेयजल स्टोर कर लिया जा रहा है किंतु मवेशियों को पेयजल इकठ्ठा करना भारी पड़ रहा है ।इन गांव में हर वर्ष सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत नए बोर भी कराए जाते हैं किंतु गर्मी के पहले ही बोर से पानी सूख जाता है और समस्या का समाधान जस का तस बना हुआ है कोई ठोस समाधान नहीं निकल पा रहा है। जिससे ग्रामीण जनता गर्मी के महीने में पानी स्टोर करने के लिए काफी मशक्कत कर जीवन निर्वाह करने के लिए मजबूर रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल के लिए कोई ठोस उपाय किया जाए।

# जिस पर लगा आरोप उसी ने कर दिया शिकायत का निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** क्षेत्र के पवांरी कलां गांव निवासी राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बीते 2 अप्रैल को सीएम पोर्टल पर ड्रमंडगंज वनरेंज में अतिक्रमण वनों की सुरक्षा में लापरवाही व वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। मामले की बिना जांच किए ही शिकायत का निस्तारण करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को जांच अधिकारी के विरुद्ध सीएम पोर्टल पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत में आरोप लगाया कि ड्रमंडगंज वनरेंज में अतिक्रमण वनों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने और पौधों के संरक्षण के नाम वित्तीय अनियमितता की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत का निस्तारण स्वयं ड्रमंडगंज रेंजर वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने दो दिन में ही 4 अप्रैल को बिना मौके पर जांच पड़ताल किए ही कर दिया जबकि रेंजर के ऊपर भी आरोप लगाया था। शिकायत में रेंजर के आरोपी होने के बावजूद उन्होंने स्वयं शिकायत का मनमानी तरीके से निस्तारण कर दिया। रेंजर ने अपने निस्तारण में बताया कि राघवेन्द्र सिंह द्वारा कोई शिकायत दर्ज नही की गई है जबकि मैंने इसकी शिकायत दर्ज की थी और रेंजर से दूरभाष पर हुई बात में शिकायत दर्ज नही किए जाने के संबंध में कोई बात नही कही गई थी। इसके बावजूद रेंजर ने मनगढ़ंत निस्तारण कर दिया और बताया कि राघवेन्द्र सिंह ने कहा था कि उनके द्वारा कोई शिकायत नही की गई है। शिकायत का निस्तारण पूरी तरह से गलत है। ड्रमंडगंज वनरेंज के पूर्व में कराए गए पौधारोपण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो सारी हकीकत खुलकर सामने आ जाएगी। वनभूमि पर अतिक्रमण की भी जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर अतिक्रमण मिल जाएगा। निस्तारण में उन्होंने उल्लेख किया है कि ड्रमंडगंज वनरेंज कार्यालय पर इस संबंध में कभी शिकायत नही की गई रेंजर वीरेन्द्र कुमार तिवारी पूर्व में मारपीट और गोली मारने की धमकी देते हुए खबर कवरेज करने गए एक स्थानीय पत्रकार से उलझ गए थे और मारपीट की थी। रेंजर के इस व्यवहार के चलते आमजन को रेंज कार्यालय पर जाने में डर बना रहता है। मेरे द्वारा वन संपदा तथा पर्यावरण को बचाने के लिए उठाई गई आवाज से वनविभाग द्वारा मुझे फर्जी मुकदमे में फंसाने की साज़िश भी रची जा रही है।

# 20 हजार प्रति गाड़ी दो फुल स्टीम कोयला लो

## ककरी परियोजना में चल रहा जी 10 कोयले को जी 7 कर बेचने का गोरखधंधा

जनसंदेश न्यूज

**अनपरा।** एनसीएल की ककरी परियोजना में कोयला लोडिंग में व्यापक पैमाने पर हेराफेरी की जा रही है। आलम यह है कि 12 चक्का गाड़ी से 12000 और 14 चक्का गाड़ी से 14000, 16 चक्का गाड़ी से 16000 लाइजनिंग और लोडिंग के नाम पर वसूला जा रहा है।

परियोजना के अधिकारियों से लेकर नीचे तक के कर्मचारी इस लोडिंग के खेल में मिले हुए है। दर्जनों की संख्या में प्रतिदिन मजदूर अवैध तरीके से खदान में प्रवेश कर हैंड लोडिंग कर रहे हैं। डिस्पैच में शामिल अधिकारियों और प्रबंधकों की सह पर कुछ चहेतों को लोडिंग के लिए 4 से 5 पीलोडर आवंटित किए गए हैं। यही नहीं उनके लिए अलग से यार्ड भी बना दिया गया है, ताकि वहां वह और उनके मजदूर बेखौफ होकर स्टीम कोयले की लोडिंग कराकर मोटा मुनाफा कमा सकें। ककरी परियोजना में जो जितना पैसा खर्च करता है, अधिकारियों को मैनेज करता है, उस आधार पर उन्हें स्टीम कोयला लोड करने की छूट दी जाती है।

इस काम में लगे सूत्रों का कहना है कि इंटरनल ट्रांसपोर्ट करने के लिए जो होलपैक (एक प्रकार का डंपर) लगाए गए हैं, वो भी चहेतों को स्पेशल कोयला लेकर आती है, क्या मजाल कि दूसरा कोई उसे लोड करा ले। स्पेशल लोडिंग के नाम पर ककरी परियोजना डिस्पैच के अधिकारी और उनके पाले हुए गुर्गे प्रतिदिन लाखों करोड़ों रुपए का वारा न्यारा कर रहे हैं, जबकि एनसीएल को करोड़ों का चूना लग रहा है। ऊर्जांचल ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष आद्या प्रसाद मिश्रा ने इसे बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि इस वाकए से मौखिक रूप से परियोजना प्रबंधन को कई बार सचेत कर चुके हैं, बावजूद इसके लोडिंग भ्रष्टाचार में कोई कमी नहीं आ रही है, एक गाड़ी को लोड होने में तीन-तीन दिन खड़ा होना पड़ रहा है, उससे लोडिंग के नाम पर पांच से 7000 वसूला जा रहा है, ऐसे में वह भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के लिए एनसीएल सीएमडी को बाध्य करेंगे। इसका आडियो वीडियो सीबीआई तक भेजेंगे, नहीं तो अंत में सड़क पर उतर कर आंदोलन करने से भी बाज नहीं आएंगे।

**मनमानी**

**सीएचपी बना शो पीस खेल जारी**

**बोले एनसीएल महाप्रबंधक सेल्स**

इस संबंध में नार्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के महाप्रबंधक सेल्स सुनील कुमार राय का कहना है कि इस तरह का वाकया चिंता जनक है, इसके लिए जीएम ककरी से तहकीकात करेंगे, जरूरत पड़ेगी तो निदेशक स्तर पर वार्ता कर इस समस्या का निदान गंभीरता पूर्वक करेंगे।

## फर्जी लाइसेंस व दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

### लैपटॉप, मुहर, तीन दर्जन डीएल, मोबाइल समेत कई उपकरण बरामद

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने फर्जी ड्राइवरी लाईसेंस एवं वाहन सम्बन्धी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि तीनों



पकड़े गये जालसाज

एआरटीओ दफ्तर के समीप एक दुकान में बैठकर अवैध कार्य करते थे। क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को लोढ़ी चौकी इंचार्ज संजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार फोर्स के साथ उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी के शिकायत प्रार्थना पत्र के जांच के क्रम में एआरटीओ कार्यालय पहुंचकर कार्यालय के पास स्थित सीएससी/ जनसेवा केन्द्र की जांच के दौरान एक कटरा में जय गुरुदेव फोटो स्टेट की दुकान को चेक किया गया तो दुकान पर बैठे आकाश यादव पुत्र जय कुमार यादव निवासी जैत (परासी पाण्डेय), राबर्ट्सगंज, संजय यादव पुत्र बचाऊ यादव निवासी जैत व अवधेश बियार पुत्र भगवानदास बियार निवासी जिला अस्पताल के पीछे लोढ़ी, राबर्ट्सगंज के पास से अवैध 36 डीएल व मुहर तथा मोबाइल व लैपटाप बरामद किया। वहीं अवैध ड्राईविंग लाईसेंस, मोटर गाड़ियों के फर्जी कागजात बनाने का सामान बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि तीनों का संगत धाराओं में चालान कर दिया गया।

## बालिका के शोषण की सूचना पर टीम ने की छापेमारी

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका को घर में बंधक बनाये जाने का मामला प्रकाश में आया। जिसकी शिकायत पर जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार द्वारा टीम का गठन करते हुए स्थलीय निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस क्रम टीम में शामिल जिला बाल संरक्षण इकाई से अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वय साधना मिश्रा ने पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए टीम के साथ ग्राम अहिरबुढवा में जाकर स्थलीय जांच किया गया, लेकिन मौके पर नाबालिग बालिका बरामद नहीं हुयी और न ही लड़का ही उपस्थित पाया गया। दोनों के उम्र के सम्बन्ध में टीम द्वारा साक्ष्य चाहा गया, परन्तु लड़के के माता पिता द्वारा कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। टीम ने माता-पिता का बयान अंकित दर्ज कर स्थानीय लोगों से पूछताछ की। टीम ने बताया कि जांच की जा रही है, अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# संदिग्ध हाल में लगी आग, चार दुकानें जलकर खाक

**नुकसान**

**पीड़ित दुकान स्वामियों ने प्रशासन से लगायी आर्थिक मदद की गुहार**

**अगलगी से रेलवे क्रासिंग का सिग्नल केबल जला, घंटों ठप रहा ट्रेनों का संचालन**

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के मुर्धवा में हाईटेक रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुक्रवार की तड़के अज्ञात परिस्थितियों में लगी आग की वजह से चार दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग बुझाई, लेकिन तब तक सारा कुछ जल चुका था। अगलगी में बगल में ही स्थित रेलवे क्रॉसिंग के सिग्नल का केबल भी जल गया, जिससे ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ, सुबह होने पर रेलवे कर्मियों ने जले हुए केबल को ठीक किया तब जाकर रेल यातायात सही हुआ।



अगलगी में जलकर खाक हुई दुकानें

बताया गया कि नगर में हाईटेक रेलवे क्रॉसिंग के समीप रामराज यादव, मुन्ना यादव, राजू यादव और राकेश की लकड़ी की झोपड़ी में बनी हुई दुकानें हैं। इसमें दूध-दही की दुकान चलाने वाले रामराज यादव ने बताया कि वह अपनी दुकान में ही सोते हैं, बाकी दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर-के चले जाते हैं। रामराज ने बताया कि शुक्रवार की भोर में जब वह सो रहे थे तो अचानक उन्हें आग की वजह से तेज गर्मी लगने लगी, जिससे वे उठ कर बैठे तो देखा कि तेज आग जल रही थी।

आग देखकर वह बाहर की ओर भागे और नजदीक ही टंकी में पड़े पानी को फेंककर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जिससे वह थोड़ा बहुत जल भी गए। आग तेज होने की वजह से उनका प्रयास सफल नहीं हो सका और उन्होंने शोर मचा कर आसपास के लोगों को बुलाया, लेकिन तेज आग की वजह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पुलिस को दी गई सूचना पर लगभग एक घण्टे बाद हिंडालको की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जल कर राख हो चुका था। रामराज ने बताया कि अगलगी की वजह से लाखों का नुकसान हुआ है। दुकान में रखे लगभग 20 हजार नगद के साथ-साथ फ्रीजर व अन्य सामान जल गए हैं। अन्य दुकानदारों ने भी बताया कि इस आपदा में उनका भी दुकान में रखा सारा कुछ जलकर राख हो गया। दुकानदारों ने प्रशासन से राहत देने की मांग की है।

## रजखड़ जंगल में लगी आग पर घंटों मशक्कत कर पाया गया काबू

**दुद्धी।** शरारती तत्वों द्वारा रजखड़ घाटी के जंगल में लगाई गई आग पर रात्रि तक कड़ी मशक्कत के बाद वन कर्मियों ने काबू पाया। रेंजर संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आधे दर्जन वनकर्मियों ने आग को बुझाने में परिश्रम किया। रेंजर ने बताया कि जंगल में आग लगाने वाले शरारती तत्वों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन ग्रामीणों में जागरूकता फैलायें कि महुआ चुआने के लिए आग लगाने से यह आग कभी कभी विकराल रूप ले लेती है, जिससे अनमोल वन संपदा राख हो जाती है, साथ ही जंगल में रहने वाले जीव जंतु भी जल जाते हैं। इसलिए राहगीर भी बीड़ी, सिगरेट पीकर सड़क किनारे जंगलों में ना फेंके। उन्होंने जंगल किनारे रहने वाले लोगों से अपील किया कि जंगल में आग न लगने दें और अगलगी की स्थिति में उसे बुझाने का प्रयास करने के साथ वनकर्मियों को भी सूचित करें, जिससे जंगल की बर्बादी रोकी जा सके।

## गैरइरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**सोनभद्र।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पा से घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि बीते 5 मार्च को सुकन यादव पुत्र स्व रामकरन यादव निवासी पकरी, विण्ढमगंज ने थाना में लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी भागीरथी यादव पुत्र रामबृक्ष यादव निवासी ग्राम टेढ़ा, दुद्धी द्वारा मेरे लड़के कामश्वेर यादव को किसी वाद-विवाद को लेकर उसके सिर पर लाठी से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया। इलाज के दौरान कामेश्वर यादव की मौत हो गयी थी। इस संबंध में संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस क्रम में शुक्रवार को घटना में संलिप्त भागीरथी यादव पुत्र रामबृक्ष यादव को कनहर नदी पुल से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

## संदिग्ध हाल में निजी कम्पनी के सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत भलुआ माइंस में शुक्रवार को एक निजी कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गार्ड का शव माइंस के सुरक्षा पोस्ट पर तार के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मौके पर मौजूद अन्य कर्मियों ने घटना की सूचना सिक्योरिटी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह को दी। सिक्योरिटी इंचार्ज की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को उतारकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि संतोष राय पुत्र कांता प्रसाद निवासी चूड़ी गली डाला का शव माइंस के क्रशर बाउंड्री सुरक्षा पोस्ट पर अल्युमिनियम तार के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मृतक संतोष राय पिछले पांच वर्षों से कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम कर रहा था। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पायेगा।

# हनुमान भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

**धर्म कर्म**

**बधाई उत्सव का हुआ आयोजन**

**निशान यात्रा में लगे जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे**

**बधाई उत्सव में एक से बढ़कर एक भजनों ने मोहा मन**

**सोनभद्र।** नगर के उत्तर मोहल स्थित अवतार उपवन के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन हनुमान मंदिर द्वारा भव्य निशान यात्रा निर्मल कुमार केडिया के नेतृत्व में शीतला मंदिर चौराहे से निकाली गयी। जिसमें हनुमान भक्त हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम हनुमान के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे, तो वही यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर युवक युवतियां थिरक रहे थे।

निशान यात्रा शीतला मंदिर चौराहे से प्रारंभ हुई और नगर का भ्रमण करते हुए अवतार उपवन में स्थित हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम के दूसरे दिन



बधाई उत्सव में भजन प्रस्तुत करते गायक

हनुमान मंदिर द्वारा भव्य निशान यात्रा निर्मल कुमार केडिया के नेतृत्व में शीतला मंदिर चौराहे से निकाली गयी। जिसमें हनुमान भक्त हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम हनुमान के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे, तो वही यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर युवक युवतियां थिरक रहे थे। यात्रा शीतला मंदिर चौराहे से प्रारंभ हुई और नगर का भ्रमण करते हुए अवतार उपवन में स्थित हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।

जहां पर बजरंगबली की भव्य आरती अनुज केडिया व हरीकिशोर केडिया द्वारा की गई। भक्तजनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात बधाई उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गायक संजीव शर्मा व उनके टीम द्वारा हनुमान जन्मोत्सव से संबंधित एक से बढ़कर एक भजनों को गाया गया। पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने सोहर गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में सभी श्रद्धालुओं को हनुमान जन्मोत्सव का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर निर्मल केडिया, अनुज केडिया, हरिकिशोर केडिया, धर्मवीर तिवारी, विजय जैन, दीपक कुमार केसरवानी, हर्षवर्धन, शिखर केडिया, संकल्प, तरुण, राघव, अंजू केडिया, सीमा, दीप्ति समेत तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हेल्थ एटीएम मशीन का सदर विधायक ने किया उद्घाटन

**रामगढ़।** चतरा ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तियरा पर शुक्रवार को हेल्थ एटीएम मशीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने किया। इंडियन बैंक की तरफ से लगवाए गए हेल्थ एटीएम मशीन से विधायक ने स्वयं चेकअप कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हेल्थ एटीएम मशीन से गरीब रोगियों को सुविधाएं मिलेगी। शुगर, आक्सीजन लेवल, बीपी, हाइट आदि की निःशुल्क जांच उपरोक्त मशीन से की जाएगी। तत्पश्चात भाजयुमो चतरा मंडल द्वारा लगवाए गए स्वास्थ्य मेले में लगे स्टाल का निरीक्षण अतिथिगणों ने किया। इस मौके पर प्रभारी सीएमओ डा. आरजी यादव, डिप्टी सीएमओ डा. सुमन, अरुण कुमार पांडेय, प्रेम निरंजन समेत, डा. कीर्ति आजाद बिंद, राज बहादुर सिंह, राहुल मिश्रा, विनय श्रीवास्तव, आशा, एएनम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



हेल्थ एटीएम का उद्घाटन करते सदर विधायक भूपेश चौबे



फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख

### पुलिस लाइन में लगा मेडिकल कैम्प

**सोनभद्र।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के कल्याणार्थ स्वास्थ्य के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकीय टीम द्वारा चेक अप कर बीमारी से सम्बन्धित दवाईयां दी गयीं। वहीं लोगों को स्वयं को स्वस्थ्य रखने तथा खान-पान के सम्बन्ध में सुझाव दिये गये। इस मौके पर डा. अनिल चौहान, डा. सत्येन्द्र सिंह, डा. सुभाष यादव, प्रतिसार निरीक्षक राजेन्द्र कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मेले में सैकड़ों का हुआ परीक्षण

**रेणुकूट।** विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर पिपरी में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में सैकड़ो लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. श्रुति आर्या और उनके टीम को सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहें और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराते रहें।

### ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

**म्योरपुर।** स्थानीय सीएचसी परिसर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मान सिंह गोंड़ ने फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। प्रमुख ने कहा कि सरकार ग्रामीण जनता के लिए अनेक स्वास्थ्य योजनाएं चला रही है। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सम्बन्धी सभी सुविधाएं उपलब्ध है। सरकारी अस्पतालों में जाकर ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठायें। अधीक्षक डा. राजन सिंह ने लोगो को संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी देते हुए टीकाकरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सीएचसी में निःशुल्क जांच की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार की बीमारी सम्बन्धी समस्या होने पर सरकारी अस्पताल आकर चिकित्सक से मिलें। इस दौरान शिविर में मलेरिया, टाइफाइड, शुगर, ब्लडप्रेशर की जांच कर दवाइयां भी बांटी गई। इस मौके पर डा. अंकित राज सिंह, डा पल्लवी सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, सुजीत सिंह, बबई सिंह मरकाम, आशीष अग्रहरी, संतलाल, संतु राम मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेले में 350 मरीजों की हुई जांच

**दुद्धी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वृहद स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री दिलीप पांडे ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले का आयोजन अधीक्षक शाह आलम के नेतृत्व में किया गया। जिसमें लगभग 350 से ज्यादा मरीजों ने अपनी जांच कराकर परामर्श प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पूरे भारत में मनाया जा रहा है। कई मरीजों ने अपने बीमारियों को लेकर परामर्श प्राप्त किया और जांच व परीक्षण भी कराया। उन्होंने अपील किया कि आप अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान दें। व्यायाम कर शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग करें। इस मौके पर डॉ संजीव कुमार, डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ प्रवीण सिंह, डॉ गौरव सिंह, डॉ मिथिलेश, डॉ संजय, विष्णु दयाल, महेंद्र मौर्य, जितेंद्र मौर्य, राजेश्वर श्रीवास्तव, एसके गुप्ता, किरण भारती, सुमित सोनी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, जवानों से लगवाई दौड़



जवानों से दौड़ लगवाते एसपी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से परेड की दौड़ लगवाई। यूपी 112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन संजीव कटियार समेत तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजयुमो ने चलाया स्वच्छता अभियान, लगवाया स्वास्थ्य शिविर

**चोपन।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती तक चलने वाले सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को चोपन मंडल युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चला व स्वास्थ्य शिविर लगाकर सामाजिक न्याय सप्ताह मनाया। सर्वप्रथम थाना परिसर में अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। जिसमें दूरदराज से आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज किया गया। कैंप की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने किया। वहीं मंडल अध्यक्ष एवं संजीव तिवारी ने अपने विचार रखे। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. सुभाष एवं उनके सहयोगी डा. अभय अपनी पूरी टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर को संपन्न कराने में लगे रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पार्टी प्रत्येक दिन सामाजिक न्याय एवं सेवा के विविध कार्यक्रम करेगी। कार्यक्रम में सत्येंद्र आर्य, प्रदीप अग्रवाल, संजय जैन, सत्य प्रकाश तिवारी, मनोज चौबे, राजन जायसवाल, घनश्याम चौधरी, अरुण सिंह, लवकुश भारती, विकास सिंह, राम कुमार सोनी, हिमांशु प्रियदर्शी, कार्तिकेय मिश्रा, पुनीत पाठक उपस्थित रहे। संचालन राजेश अग्रहरी ने किया।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का दिया संदेश

**ओबरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में स्थित संकट मोचन मंदिर के इर्द-गिर्द साफ सफाई की गयी। रहवासियों से भी अपील किया कि अपने आसपास स्वच्छता को बनाए रखें। साथ ही स्वच्छता के संदेश को घर घर पहुंचाते हुए स्वच्छ भारत मिशन में अपनी अहम भूमिका अदा करें, ताकि किसी प्रकार की महामारी की आशंका रहवासी क्षेत्र में नहीं फैले और लोग जागरूक हों। नियमित साफ सफाई करते हुए कूड़े का निस्तारण अवश्य करें। जिससे परिवेश को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके। इस मौके पर संदीप सिंह, पंकज गौतम, अरविंद सोनी, । मनीष विश्वकर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, रिजवान अहमद, नीरज कुमार, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### ओवर लोडिंग में 66 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 4, 5 व 6 अप्रैल को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया, जिसमें 66 वाहनों के ओवरलोड होने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 24 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया तथा 42 वाहन स्वामियों द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया।

### पंजीकृत क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल कल

**ओबरा।** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पंजीकृत क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल कराया जा रहा है। इसके तहत जनपद क्रिकेट एसोसिएशन से पंजीकृत आयु वर्ग अंडर-14, 16, 19, 25 व सीनियर वर्ग का ट्रायल 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे से डा भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में होना सुनिश्चित किया गया है। यह जानकारी सोनभद्र क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अजीज खां ने देते हुए बताया कि क्रिकेट ट्रायल में सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड, सफेद किट में एवं अपना क्रिकेट किट बैग साथ में लेके आना अनिवार्य है। बताया कि सभी खिलाड़ियों को समय से उपस्थित होना आवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में वह ट्रायल से वंचित हो सकते हैं।

### एआरटीओ ने प्रपत्र के अभाव में प्राइवेट बस किया सीज

**दुद्धी।** एआरटीओ प्रवर्तन ने गढ़वा से वाराणसी जाने वाली एक प्राइवेट बस को गुरुवार को पकड़ कर सीज कर दिया ,दुद्धी से साढ़े 11 बजे दिन में वाराणसी को जाने वाली बस यात्रियों से खचाखच भरी थी ,कार्रवाई के बाद सभी सवारियों को बस से उतार दिया गया और बस को रजखड़ कोतवाली में खड़ा करा दिया गया ,उधर बस से उतरे यात्री अपने गंतव्य को जाने के लिए काफी परेशान दिखे। एआरटीओ ने बताया कि झारखण्ड से वाराणसी की ओर अन्तर्राजिय परिवहन कर रही बस सेंगर को सीज कर दिया गया है वाहन के फिटनेस समेत सभी प्रपत्र फेल हैं। बताया कि आगे भी अवैध सवारी ढोने वाले वाहनों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पाक्सो एक्ट मे वांछित चल रहा आशीष जायसवाल पुत्र स्व. संजय जायसवाल निवासी ग्राम बढ़ौली, गैंगेस्टर एक्ट में राजेश उर्फ शेरु पुत्र सतीश केशरी निवासी पूरब मोहाल व वारण्टी प्रेमनाथ पुत्र खरपत्तू निवासी ऊंचडीह, राबर्ट्सगंज को गिरफ्तार कर लिया।


### पिकअप से सात पशु बरामद, तस्कर फरार

**खलियारी।** रायपुर थाना क्षेत्र के सरईगाढ़ चौकी पुलिस ने गुरुवार की रात घेराबंदी कर पशुओं से लदी पिकअप को बिहार बार्डर के पास से पकड़ लिया। हलांकि इस दौरान तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। पिकअप से सात प्रतिबंधित मवेशी बरामद किये गये। तस्करों की तलाश में पुलिस जुट गयी है। कहा जा रहा है कि पशुओं को सोनभद्र से बिहार वध के लिए ले जाया जा रहा था।

### अपहृता बरामद, परिजनों को सुपुर्द

**करमा।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को पुलिस द्वारा अपहृता की बरामदगी कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**आजमगढ़।** बाबू केदारनाथ स्मारक जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद में अन्तरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कुश्ती दौड तथा कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि हमारे देश की ज्यादा आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है इसलिए ऐसे अवसरों पर ऐसे ही कार्यक्रमो के माध्यम से जागरूकता अभियान को बल मिलता है तथा ग्रामीण युवा खेल से जुडते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे पुराना खेल कुश्ती है। ऐसे खेलों से जुडने से बच्चों में अनुशासन का विकास होता है और बालक तथा बालिकाओं के समय के सदुपयोग के साथ ही बच्चे अच्छे खिलाड़ी बनकर अपने साथ देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का कार्य करते हैं। डा.सरोज सिन्हा ने बच्चों को खेल किट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अमरजीत यादव ने कहा कि बालको के साथ जब बालिकाओं को खेल में जगह दिया जाएगा तो खेलों के विकास के साथ साथ बच्चों में खेल भावना व अनुशासन का विकास होगा। इस अवसर पर डॉ.आदित्य सिंह, सन्तोष, रामप्रवेश, मिथिलेश, मनोज, स्वतन्त्र, हंसराज यादव आदि उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक मार्ग रोकने से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस चौकी को घेरा



मंडी समिति में पुलिस चौकी का घेराव कर नारेबाजी करते ग्रामीण।

**चंदौली।** क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी हाईवे मंडी को शुक्रवार को जसौली गांव के ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीण गांव स्थित बस्ती तक जाने वाले सार्वजनिक रास्ते को रोके व अवरूद्ध किए जाने से खफा थे।

ग्रामीणों ने बताया कि कई पुस्तों से चले आ रहे मार्ग को कतिपय व्यक्ति द्वारा रोका जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग से सैकड़ों घरों के लोगों का आना जाना है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक मार्ग को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। राजू कुमार ने कहा कि कई वर्षों से आवागमन हो रहा है यही नहीं पक्की सड़क मार्ग पीडब्ल्यूडी की तरफ से बीच रोड भी बनाई गई, लेकिन उसे उखाड़ कर निर्माण कराया जा रहा है जो यह न्याय उचित है। जसिया ने कहा कि पूरे दलित बस्ती का और गांव के लोगों का पूरा आगमन होता है लेकिन कुछ लोगों द्वारा इसे अवरूद्ध किया जा रहा है जो पूरी तरह से अनुचित है। चौकी प्रभारी अखंड प्रताप ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है इसमें जो होगा आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

**आक्रोश**

**आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस चौकी हाईवे मंडी का किया घेराव**

## मंदिर जीर्णोध्दार को लेकर दो समुदायों में तनाव

**बबुरी।** बबुरी थाना क्षेत्र के बौरी गांव में शुक्रवार की दोपहर एक पक्ष द्वारा अपने जमीन पर निर्माण कार्य बता कर, मंदीर का जीर्णोध्दार कार्य रोके जाने पर जमकर बवाल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बबुरी पुलिस व राजस्व विभाग को दी। जिस पर राजस्व विभाग व बबुरी पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जानकारी के अनुसार बौरी गाव मे सैकडो वर्ष पुराना शिव मंदिर है। जिसका ग्रामिणो की सहयोग से शुक्रवार को जीर्णोध्दार कार्य चल रहा था। इसी बीच दूसरे समुदाय के तीन व्यक्तियो ने मौके पर पहुंच कर जमीन को अपना बता कर कार्य रुकवाने का प्रयास करने लगे। जिसपर दोनों पक्षों में कहासूनी होने लगी। मामला बढता देख ग्रामिणो ने इसकी सूचना बबुरी पुलिस को दी। इस पर डीडीयू क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष बबुरी ने भारी फोर्स के साथ पहुंचकर विवाद समाप्त कराने का प्रयास किया। सूचना पर पहुची पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर शांति व्यवस्था कायम करने के लिए कार्य का विरोध करने वाले तीन लोगों को थाने ले आई तथा सम्बन्धित धाराओ मे चालान कर दिया। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर मंदीर जीर्णोद्धार कार्य को अनुमति दी। सुरक्षा की दृष्टि से स्थल पर पुलिस फोर्स लगाई गई है।

# अधिकारी मुकम्मल कर लें नगरीय निकाय चुनाव से जुड़ी तैयारियां: डीएम

**चंदौली।** डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की तैयारियों के दृष्टिगत नियुक्त प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नगरीय निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु समस्त प्रभारी अधिकारीगण सौंपी गई जिम्मेदारियों के अनुसार अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें। अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर टीम भावना के साथ कार्य करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

डीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य व पोलिंग पार्टियां हेतु आवश्यकतानुसार भारी एवं हल्के वाहनों का प्रबंध अविलंब सुनिश्चित कर लिया जाय। मतदान एवं मतगणना हेतु लेखन सामग्री, निर्वाचन सामग्री, बैलेट बाक्स आदि की तैयारी सुनिश्चित रहे। मतपत्रों के मुद्रण, निर्धारित प्रपत्रों की छपाई, मतदान कर्मियो की नियुक्ति, मतदान कर्मियो के प्रशिक्षण आदि की तैयारी पूर्ण रहे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त साफ सफाई, विद्युत, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर आदि मूलभूत व्यवथाऐं सुनिश्चित रहे। संबंधित एसडीए एवं अधिशासी अधिकारीगण मतदान समस्त मतदान बूथों का भ्रमण कर वहां समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं अविलंब सुनिश्चित करा लें। समस्त मतदान स्थलों व बूथों पर मूलभूत सुविधाओं के साथ ही पर्याप्त प्रकाश एवं पेयजल भी व्यवस्था रहनी चाहिए। संबंधित अधिशासी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएंगे। मतदान केंद्रों पर ही पोलिंग पार्टियों के लिए नाश्ते एवं खाने का भी प्रबंध रहे। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान व मतगणना कार्मिकों हेतु प्रशिक्षण स्थलों, पार्टी रवाना आदि निर्धारित स्थलों पर पर्याप्त हेल्पडेस्क, एंबुलेंस, मतदान कार्मिकों हेतु मेडिकल किट की व्यवस्था समय से सुनिश्चित रहे। डीएम ने कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु जैसे ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी होती है, संबंधित एसडीएमगण निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित अवधि के अंदर होर्डिंग व बैनर आदि प्रचार सामग्री अविलंब हटवाना सुनिश्चित करेंगे।

# स्वास्थ्य शिविर में 125 लोगों ने कराया अपना रजिस्ट्रेशन



**सकलडीहा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्साधिकारी और ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने शासन की ओर से मिल रही स्वास्थ्य व चिकित्सा सुविधा लाभ का विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर भाजयुमों की ओर से स्थापना दिवस की उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय सप्ताह के तौर पर ग्रामीणों को जागरूक करने का पहल किया गया।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के टेबल लगाए गए थे जिसमें विभिन्न तरह की जांच कराते हुए 125 लाभार्थियों ने अपना-अपना रजिस्ट्रेशन कराया। वही मुख्य अतिथि अवधेश सिंह ब्लॉक प्रमुख सकलडीहा ने कहा कि डबल ईंजन की सरकार में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से लेकर विभिन्न प्रकार की चलायी जा रही चिकित्सकी व स्वास्थ्य सुविधा का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।वही सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव बगैर भेदभाव से सबको सरकार की योजना का लाभ दिलाने के लिये स्वास्थ्य विभाग दृढ़ संकल्पित है। अंत में विशिष्ट अतिथि अमीत तिवारी भाजयुमो जिलामंत्री ने भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित सामाजिक सप्ताह के तौर कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा.संजय यादव, डा.एलबी शर्मा, डा.बीके प्रसाद, डा.संजीव जायसवाल, डा.श्वेता गौतम, डा.मनोज सिंह, बीसीपीएम शाहिद अंसारी ,वीपीएम उपेंद्र कुमार सिंह, संतोष राय, पूनम देवी, सोनम, ज्योति, अमन रघुवंशी, डीके सिंह, प्रशांत सिंह, रितेश तिवारी, अनूप सिंह, गुड्डू सिंह, पवन चौहान, प्रीति पांडेय, अलका राय, मनोज सेठ, शशांक जायसवाल मौजूद रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य मेला आयोजित

**डीडीयू नगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नियमताबाद ब्लॉक परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रमेश जायसवाल व सीएमओ वाई के राय ने किया। इस दौरान 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, मजदूर, किसानों का स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर उनका निशुल्क जांच कर दवा का वितरण किया जा रहा है। जिससे दवा के अभाव में किसी भी गरीब को परेशानियों का सामना न पड़े। स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान कार्ड भी बनाकर लोगों में वितरण किया गया। इस दौरान टाइफाइड, मलेरिया, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि लोगों का जांच किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक डा.कुमार विमल, डॉक्टर संदीप कुमार, डा.अनिल पटेल, डॉ आशुतोष, फार्मासिस्ट अशोक यादव, शिवलाल, जितेंद्र, रवि, किरण देवी, रागिनी देवी आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य दिवस पर 102 मरीजों का हुआ उपचार

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** जिला मुख्यालय स्थित हरिओम हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। चिकित्सा शिविर में कुल 102 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं सभी मरीजों को मुफ्त दवा एवं परामर्श देने का भी कार्य किया गया।

बता दें कि चंदौली जिला अस्पताल के समीप हरिओम हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ चिकित्सा शिविर में आसपास तथा दूर दराज के कुल 102 मरीजो इस शिविर में भाग लिए जिन का इलाज के साथ ही साथ उन्हें उचित परामर्श जाँच एवं मरीजों को दवा भी वितरित किया गया।

इसके साथ ही साथ आयुष्मान कार्डधारक जिनका सूची में नाम था उनका गोल्डन कार्ड बनाया गया मरीजों का निशुल्क चेकअप के साथ-साथ उनके स्वास्थ संबंधी जानकारी भी दी गयी। इस दौरान हॉस्पिटल के संचालक डा.विवेक कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टरों की टीम द्वारा शिविर में आए हुए कुल 102 मरीजों का चेकअप किया गया और उनके रोगों के अनुरूप डाक्टरों द्वारा परामर्श दिये। उन्हें उचित दवा करने की सलाह दी।

महिला मरीजो को डा. ममता राय द्वारा परामर्श दिया गया, जिससे की महिला मरीजो को गर्भावस्था में खान पान, रहन-सहन और साफ-सफाई के बारे में बताया गया। महिलाओं का ब्लड जांच कर उसमे खून की कमी की भी जांच की गई और आयरन कि दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में सम्मिलित हॉस्पिटल के मैनेजिंग डा.वैभव सिंह की देख रेख में चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर राजेश तिवारी, करन यादव, विकास चौहान, अमरेन्द्र, संदीप, अमरेंद्र कुमार, शालिनी कुमारी उपस्थित रहे।



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मरीजों का उपचार करते डॉ. विवेक सिंह।

# खेल से होता है शरीर व मस्तिष्क का विकास : डॉ. आनंद



कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न होने के बाद चैम्पियन ट्रॉफी के साथ विजयी टीम।

**डीडीयू नगर।** क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस पर जीटी रोड स्थित राज गार्डन में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आर्य स्पोर्ट्स क्लब तथा अमित स्पोर्ट्स क्लब के बीच कबड्डी मैच खेला गया, जिसमें आर्य स्पोर्ट्स क्लब 44 अंक लेकर विनर घोषित हुई। वही अमित स्पोर्ट्स अकैडमी 8 अंक लेकर रनर रहा।

मुख्य अतिथि रामकिशोर पोद्दार ने कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर हनुमान चालीसा के पाठ के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रीड़ा भारती स्थापना का उद्देश्य खेल को जन-जन तक पहुंचाना है। कीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे शरीर और मस्तिष्क का विकास के साथ-साथ संतुलन भी स्थापित होता है। उपाध्यक्ष शरद प्रताप राव कीड़ा भारती का परिचय देते हुए कहा कि संस्था सन 1992 से खेल खिलाड़ियों को एक खेल पूर्ण माहौल देने का कार्य कर रहा है जिस से आने वाली पीढ़ियों को भी खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके।

विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि रामकिशोर पोद्दार, सतीश जिंदल, मुनीर जी, संतोष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से मेडल विजेता व उप विजेता ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में शालिनी सिंह, केश कुमार यादव, गोविंद कुमार ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कांत गुप्ता, सत्य प्रकाश यादव, अशोक केसरी, शालिनी सिंह, मुकेश कुमार यादव, गोविंद कुमार, नवीन कुमार, आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिला और पुरुष के लिये तहसील में बनेगा सामुदायिक शौचालय

**सकलडीहा।** लम्बे समय से तहसील परिसर में महिला और पुरुष का संयुक्त रूप से सामुदायिक शौचालय बनवाने की अधिवक्ता सहित वादकारी एसडीएम से मांग कर रहे थे। एसडीएम मनोज पाठक की पहल पर जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर में शौचालय और फिल्टर युक्त शीतल पेयजल उपकरण के लिये 12 लाख 42 हजार रूपया जारी कर दिया है। इसके निर्माण से तहसील के अधिवक्ता सहित राजस्व कर्मियों को काफी राहत मिलेगा। तहसील में शौचालय के अभाव में राजस्व कर्मियों से लेकर अधिवक्ताओं को काफी परेशानी होती है। यहां तक तहसील में आने वाली महिलाओं को भी काफी समस्या होती है। बीते दिनों ग्राम सभा की ओर से तहसील परिसर में संचालित शौचालय का सुंदरीकरण के नाम पर कोरमपूर्ति किया गया। शौचालय बंद होने व पानी गिरने के कारण अधिवक्ता भवन के समीप जलभरॉव की स्थिती हो जाती है। एसडीएम के पहल पर जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर में महिला और पुरुष के लिये शौचालय और फिल्टर युक्त शीतल पेयजल उपकरण के लिये 12 लाख 42 हजार रुपया जारी कर दिया है।

# घर पहुंचा व्यापारी, परिजनों ने पुलिस प्रशासन का जताया आभार

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** कस्बा के पूर्व प्रधान व व्यापारी नेता प्रेमशंकर रस्तोगी का 32 वर्षीय पुत्र सुमित रस्तोगी बीते सात दिन पूर्व तगादा के दौरान घर से लापता होगया था। जिसे लेकर व्यापारियों ने दुकाने बंद कर धरना प्रदर्शन दिया। धरना के दूसरे दिन बुधवार की देर रात बबुरी थाना क्षेत्र के मवैया गांव के समीप अचेत अवस्था से व्यापारी को पुलिस ने बरामद किया। पूछताथ के बाद गुरूवार की देर रात व्यापारी को कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सुर्पुद कर दिया। व्यापारी के देर रात घर पहुंचने पर परिजनों ने केन्द्रीय मंत्री व सांसद और पुलिस प्रशासन व व्यापारियों का आभार जताया।

कस्बा के व्यापारी प्रेमशंकर रस्तोगी के दो पुत्र सुमित रस्तोगी और गोलू रस्तोगी है। गोलू रस्तोगी कपड़े का कारोबार देखता है। वही बड़ा भाई सुमित रस्तोगी कोल्ड ड्रिंक सहित विभिन्न कंपनी का पेयजल सप्लाई करता है। बीते बुधवार को शाम को घर से तगादा पर निकला हुआ था। रात तक वापस घर नहीं आने पर परिजन परेशान थे। गुरूवार को सुबह टिमिलपुर एक दुकान से मोबाइल और संघती रिंग रोड के पास बाइक बरामद हुई। जिसे लेकर परिजन परेशान हो गये थे। परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस की टीम युवक का लोकेशन व बरामदगी को लेकर जुट गयी। छह दिन बाद भी युवक का पता नही होने पर व्यापारियों ने दुकाने बंद कर धरना प्रदर्शन किया। धरना के दूसरे दिन बुधवार की देर रात को बबुरी थाना क्षेत्र मवैया गांव के समीप अचेत अवस्था में व्यापारी के मिलने पर सनसनी फैल गयी। पूछताछ के बाद गुरूवार को कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सौप दिया। पिता प्रेमशंकर रस्तोगी, माता राधिका रस्तोगी, भाई शिवम रस्तोगी सहित परिजनों ने केन्द्रीयमंत्री व सांसद डा. महेन्द्रनाथ पांडेय, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सीओ राजेश कुमार राय सहित कोतवाली पुलिस व व्यापारियों का आभार जताया।

# हमें मिलकर करनी होगी भारतीय समाज की सुरक्षा : अंजनी सिंह



**धानापुर।** जिला पंचायत सदस्य व समाजवादी विचारक अंजनील सिंह ने कहा कि मेरे इस नारे को हर सभी को गहराई से समझना होगा। आपस में मिलजुल कर एक रहना होगाॉ तभी समाज में शांति एवं राष्ट्र की तरक्की संभव है। जातियों धर्मों रिवाजों में बंधकर हमलोग शादी जैसे रिश्तों को बेशक निभाएं, लेकिन हर जाति धर्म मजहब के लोगों के बीच आपसी सौहार्द स्थापित रखना, समाज में एक दूसरे के सुख दुख का साथी बनकर हर जरूरतमंदों, दुःखी व मजबूर लोगों का मदद करना राष्ट्र के सुधी नागरिकों का प्रथम कर्तव्य है। यही मात्र एक तरीका है जिससे हम सब अपने भारत को भव्य बना सकते हैं भारत कि भव्यता को विश्व स्तर पर सबसे ऊंचा बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में अलग अलग राजनीतिक दलों की ललकार एवं भाषाई व्यवहार भारतीय नागरिकों की मानवीय विचारधाराओं संवेदनाओं पर छुरी चलाकर गहरा घाव बनाने का काम कर रही हैॉ लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा बार बार किए जाने वाले विघटनकारी हमलों से अपने खुद की एवं सर्वसमाज की सुरक्षा हम सबको आपस में मिलकर स्वयं करनी होगी। लोकतंत्र में हर पांच साल के बीच कई बार चुनाव आते जाते रहेंगे, परंतु हम सभी लोगों को एक बार ही जाना है इसलिए राजनीतिक दांव पैतरों प्रतिस्पर्धा के कारण आपसी मानवीय, सामाजिक या पारिवारिक रिश्ते आहत ना होने दें। मानवीय सभ्यताओं को भूलकर जानवरों जैसा व्यवहार प्रदर्शन अथवा किसी का अपमान व शोषण कदापि न होने दें।

## जसुरी में अज्ञात कारणों से पुआल में लगी आग

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जसुरी गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात कारणों पुआल में आग लग गई। जानकारी के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया इसके चलते गेहूं की फसल बाल-बाल बच गई। बताते हैं कि सदर विकासखंड के जसुरी गांव निवासी अजीत प्रताप सिंह के पुआल में आग लगी। जो पशुओं के चारा के लिए रखे गए थे, आग की लपटें इतनी तेज से की ग्रामीणों तथा फायर बिग्रेड टीम को बुझाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा, वहीं पास में खड़ी गेहूं की फसल थे। जो बाल बाल आग लगने से बच गए हैं, आग लगने की घटना की सूचना पाते ही मौके पर सदर ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह बबलू, मनोज यादव, बनारसी यादव, नेहरू यादव, गुड्डू सिंह आदि पहुंच गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया और गेहूं की फसल में आग लगने से बचा लिया।

# मंदिर की जमीन पर कब्जे को लेकर महिलाओं का हंगामा



चौरहट स्थित हनुमान मंदिर के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**पडाव।** क्षेत्र के चौरहट गांव स्थित जलीलपुर पुलिस चौकी अन्तर्गत प्राचीन हनुमान मंदिर पर कब्जे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। मामला एक महिला द्वारा मंदिर की जमीन को बेचे जाने को लेकर बताया जा रहा है।

उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने जमीन खरीदार को कहा कि आप कोर्ट जाए वैसे यहां दोबारा आने की कोशिश ना करें। ग्रामीणों का कहना है कि कई दशको से हमारे बड़े बुजुर्ग और हम लोग यहा पूजा-पाठ करते चले आए हैं। इसी बीच एक व्यक्ति ने आधा विश्वा जमीन 2018 में खरीदने का दावा करते हुए मंदिर के प्रांगण कब्जा की बात कही। इसी बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित होते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे सूचना के आधार परश्पहुंचे जलीलपुर पुलिस चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने मामला शांत कराया और खरीदने वाले व्यक्ति से कहा कि आप कोर्ट में जाए और राजस्व विभाग के अधिकारियों से परमिशन लेकर आएं अन्यथा आपके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई किया जा सकता है। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए प्रदर्शन करने वालों में शांति देवी, मुन्नी देवी, रेखा देवी, इंद्रावती देवी, शीला देवी, शकुंतला, मालती, गीता, चमेली, उर्मिला, कुंती, विजय, रमेश आदि रहे।

## संक्षेप

### पीएचसी शहाबगंज पर स्वास्थ्य मेला आयोजित



**शहाबगंज।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शुक्रवार को वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. निलेश मालवीय ने फीता काटकर किया। इस दौरान दूर दराज से आये हुए मरीजों को आयुष्मान कार्ड, वैक्सीन नेशन व गर्मी के दिनों में लगने वाली लू और उसके बचाव के बाबत जानकारी दिया। साथ ही महिला और पुरुष नसबंदी के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर में 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा और परामर्श दिया गया।इस दौरान डा.संजय कुमार, डा. रजनीश सिंह, कांति त्रिपाठी, फर्मासिस्ट रावेन्द्र सिंह, हरिद्वार, सोनू, साजन, सुनिता, मुकेश, लालती देवी सहित आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### भारत पेट्रोलियम ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**नियामताबाद।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अलीनगर स्थित भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के प्रांगण में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए दौड़ कराई गई। जिसमें ट्रक ड्राइवर सहित बीपीसीएल के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बीपीसीएल के लोकेशन इंचार्ज अजय कुमार जांगरे ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का मकसद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। हेल्दी लाइफ के लिए फिजिकल एक्टिविटीज का होना बहुत जरूरी है इसमें पैदल चलने को सबसे फायदेमंद बताया गया है। सेफ्टी ऑफिसर अभिषेक यादव ने बताया कि बीपीसीएल के कर्मचारी, ट्रक ड्राइवरों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर बताया कि हम सब मिलकर स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता लाएं क्योंकि जीवन में स्वास्थ्य से बढ़कर कोई धन नहीं होता। भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य को सही रखने के लिए चाहे दौड़ हो, एक्सरसाइज हो, योगा हो पर विशेष ध्यान रखना पड़ेगा, तब जाकर अच्छी सेहत का राज मिल पाएगा। इस अवसर पर लोकेशन इंचार्ज अजय कुमार जांगरे, सेफ्टी ऑफिसर अभिषेक उपस्थित रहे।

### पंजीकरण के लिए लगा कैंप

**डीडीयू नगर।** नगर पालिका परिषद डीडीयू नगर द्वारा फल सब्जी व्यवसाई विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी नारायण प्रसाद सोनकर के आढ़त पर पीएम स्वनिधि समृद्धि योजना के तहत पंजीकरण के लिए कैंप लगाया गया। जिसमें दर्जनों व्यवसायियों ने पंजीकरण कराया। शनिवार को भी पंजीकरण कराने के लिए कैंप लगाया जाएगा। कैंप में उप नगर आयुक्त कृष्ण चंद्र, डूडा अधिकारी संजय, नारायण प्रसाद सोनकर, राजेंद्र सोनकर, संजय अग्रवाल, पारस सोनकर, बिसुन सोनकर, छेदी सोनकर, सदाफल सोनकर आदि सहित काफी संख्या में व्यवसाई व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्राम्या ने गंभीर बीमारियों से सुरक्षा व देखभाल की दी जानकारी : नीतू सिंह



**नौगढ़।** ग्राम्या संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर क्षेत्र के लालतापुर गांव में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की नीतू सिंह ने बताया कि आज पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। लोगों के सेहत को बढ़ावा देने व गंभीर बीमारियों से सुरक्षा तथा देखभाल के प्रति जागरूकता को लेकर यह दिवस पूरी दुनिया में वर्ष 1950 से 7 अप्रैल को मनाया जाता है। बताया कि इस समय मरीजों के अधिकार को लेकर क्षेत्र के विभिन्न गांव में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पतालों में मरीजों को क्या रोग है। कितना खर्च आएगा कौन सी जांच करवाना है आदि पहले स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता है। अनावश्यक जांचें करवाई जाती है मरीजों को कई दिनों तक भ्रम में रखा जाता है जिससे मरीजों को काफी परेशानी होती है। मांग किया कि अस्पतालों में मरीजों के अधिकार को दीवाल पर लिखवाया जाए। इस दौरान मरीजों के क्या कर्तव्य है इस पर भी चर्चा की गई। बैठक में रिंकू, हीरावती, धाना, त्रिभुवन, शांति मुन्नी उपस्थित रहे।

### सत्ता परिवर्तन के लिए सपा तैयार : सत्यनरायण

**सैयदराजा।** धानापुर विकासखंड स्थित मिजार्पुर ग्राम पंचायत में बुथ एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक हुई। सपा जिलाध्यक्ष सतनारायण राजभर कहा कि पार्टी के बुथ एवं सेक्टर प्रभारी मजबूत एवं ताकतवर इकाई होती है आप सबके बदौलत से केंद्र में बैठी हुई किसान मजदूर एवं युवा विरोधी सरकार को 2024 में केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेकने के लिए तैयार है। मतदाता सूची जिला प्रभारी एवं सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष चंद्रभान यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से जनता में युवाओं में मजदूरों में गरीबों एवं किसानों मैं इस सरकार के प्रति भयंकर गुस्सा एवं आक्रोश व्याप्त है। यह सरकार झूठे एवं झूठे आश्वासन देकर सत्ता हासिल किया है। देश की जनता 2024 में केंद्र की गद्दी से देश के युवा किसान गरीब मजदूर सत्ता से हटाने के लिए बेचौन है कार्यकताओं का आह्वान करते हुए चंद्रभान यादव ने कहा कि सभी बूथों पर मजबूती के साथ छूटे हुए नामों को अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य करें और सपा शासनकाल में हुए जनकल्याणकारी योजनाए का लोगों के बीच में जाकर प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह, रामजन्म यादव, आशू यादव, सीताराम प्रजापति, बुल्लू यादव, नवीन प्रजापति, मनसा यादव, राम विलास बिन्द, काशी यादव उपस्थित रहे। संचालन राजीव यादव ने किया।

### मजदूर के उपचार के लिए आगे आई श्री सेवा संस्था

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के बरौझी गांव निवासी मजदूर कीर्तन पासवान के लिए श्री सेवा समाजिक संस्था देवदूत साबित हुई। संस्था ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कीर्तन पास के कमर और रीढ़ की हड्डी का आपरेशन ट्रामा सेंटर में कराया और ईलाज पर आए सभी खर्च को स्वयं वहन किया। उक्त मजदूर के परिवार वाले पैसे के अभाव के कारण उनका आपरेशन व ईलाज करा पाने में अक्षम थे ऐसे में संस्था आगे आई और मदद कर मजदूर की जान को बचाने में सहयोग प्रदान किया। विदित हो कि पांच दिन पहले सड़क दुर्घटना में कीर्तन पासवान घायल हो गए थे। कमर और रीढ़ की हड्डी के बीच संपर्क टूट गया, जिससे वह लाचार पड़ा है। उनके इलाज पर 1.5लाख खर्च होंगे और इंतजाम एक का भी नहीं है। मां बेटे के इलाज के लिए दर-दर मदद मांगती फिर रही थी। मजदूर परिवार की इस पीड़ा को जब अखबार के जरिए श्री सेवा सामाजिक संस्था ने बीएचयू के ट्रामा सेंटर में डा.रवि शंकर सिंह के सहयोग से मरीज को अस्पताल में भर्ती करवाया। ऑपरेशन का खर्चा निजी हॉस्पिटल वाले डेढ़ लाख रुपए बता रहे थे। उसको ट्रामा सेंटर में डा.रवि शंकर के सहयोग से मात्र 40 हजार में सफलतापूर्वक ऑपरेशन करा दिया गया। संस्था के अध्यक्ष सतीश जिंदल व उनके सहयोगी पदाधिकारी अस्पताल पहुंचकर मजदूर कृतन पासवान का बिल पेमेंट जमा करवाया। संस्था के इस नेक कार्य की चारों और प्रशंसा हो रही है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक सुरेंद्र टिकमानी, मंत्री आलोक सिंह व प्रवक्ता आसाराम यादव उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## वेन पार्नेल आरसीबी टीम में शामिल, चोटग्रस्त रीस टोपली की ली जगह

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने चोटग्रस्त तेज गेंदबाज रीस टोपली की जगह दक्षिण अफ्रीका के वेन पार्नेल को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। फ्रेंचाइजी ने विज्ञप्ति में चोटग्रस्त बल्लेबाज रजत पाटीदार की जगह विशक विजय कुमार को तलब करने की जानकारी भी दी। एड़ी की चोट के कारण पाटीदार आरसीबी के सीजन के पहले मैच में नहीं खेले थे। वह चोट से न उभर पाने के बाद टूनार्मेंट से बाहर हो गये हैं। दूसरी ओर, आरसीबी के पहले मैच में फील्डिंग करते हुए टोपली के कंधे में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें बाकी के टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा। पार्नेल ने अब तक छह टेस्ट और 73 एकदिवसीय मैचों के अलावा 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। उनके नाम पर 59 टी20आइ विकेट हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पार्नेल इससे पहले 26 आईपीएल मैच खेल चुके हैं और 75 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़े हैं।




# नहीं चल पा रही है दिल्ली की दबंगई, राजस्थान के खिलाफ अब हार की हैट्रिक का खतरा

## आईपीएल के मौजूदा सीजन में अगर दिल्ली को जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी



**गुवाहाटी।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैचों में हार का सामना करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के सामने अब हार की हैट्रिक का खतरा मंडरा रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में अगर दिल्ली को जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में मार्क वुड और अलजारी जोसेफ जैसे गेंदबाजों ने पृथ्वी शॉ और सरफराज खान जैसे दिल्ली के बल्लेबाजों को दहशत में डाल दिया था। इन प्रतिभाशाली बल्लेबाजों का आत्मविश्वास अभी डिगा हुआ है और ऐसे में उनके लिए ट्रेंट बोल्ट, केएम आसिफ और जेसन होल्डर जैसे गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा राजस्थान के पास रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर है जो बारसपारा स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भी विरोधी टीम को परेशानी में डाल सकते हैं। आक्रामक ओपनर बल्लेबाज जोस बटलर का इस मैच में खेलना संदिग्ध है जो दिल्ली के लिए अच्छी खबर हो सकती है। बटलर पिछले मैच में कैच लेते समय चोटिल हो गए थे और उनके बाएं हाथ की छोटी उंगली में टांके लगे हैं। यदि बटलर नहीं खेल पाते हैं तो जो रूट हो उनके स्थान पर प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है।

ऋषभ पंत की अनुपस्थिति के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी कागजों पर मजबूत नजर आती है लेकिन पृथ्वी शॉ और सरफराज जैसे बल्लेबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों का सामना करने में परेशानी हो रही है। बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण दिल्ली को पहले दोनों मैच गंवाने पड़े। टीम का सबसे कमजोर पक्ष उसके पास अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों का अभाव है। यदि कोचिंग स्टाफ सरफराज की जगह किसी नए बल्लेबाज को रखना भी चाहेगा तो दिल्ली के पास यश धुल, रिपल पटेल और ललित यादव के रूप में ही विकल्प मौजूद है। इनमें से कोई भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जिसने 150 की स्ट्राइक रेट से लगातार रन बनाए हो। जहां तक राजस्थान रॉयल्स की बात है तो ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं और वह एनरिक नोर्किया, खलील अहमद और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने अपना पिछला मैच गंवाया था लेकिन इसके बावजूद वहां इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा।

***टीम इस प्रकार है:***

***दिल्ली कैपिटल्स:***

डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिली रोसौ, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी, यश धुल।

***राजस्थान रॉयल्स:***

संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौर, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, कुलदीप यादव, जो रूट, डोनोवन फरेरा, केसी करियप्पा, अब्दुल बसिथ, ओबेद मैककॉय, आकाश वशिष्ठ, संदीप शर्मा, एडम जम्पा, मुरुगन अश्विन।

## केकेआर के स्पिनरों के खिलाफ हमारे बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से बचना चाहिये था : संजय बांगर




**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच संजय बांगर का मानना है कि विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसिस जैसे अनुभवी बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनरों के खिलाफ 205 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए कुछ संयम बरत सकते थे। केकेआर ने सात विकेट पर 204 रन बनाने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 123 रन पर आउट कर 81 रन की बड़ी जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच के पांचवें ओवर में सुनील नारायण ने कोहली को बोल्ड कर डु प्लेसिस के साथ शुरूआती विकेट के लिए उनकी 44 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने डु प्लेसिस को बोल्ड कर बेंगलोर की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। बांगर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगा कि हमारे कुछ बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने से बच सकते थे। इस मुद्दे पर हम खिलाड़ियों से बात करेंगे। टी20 खेल का छोटा प्रारूप है और यहां आप बहुत जल्दी लय गंवा देते हैं। बांगर ने कहा, हमारे कई बल्लेबाजों को स्पिनरों ने छकाया और गेंद उनके बल्ले के अंदरूनी किनारा पर लगी या उसके पास से गुजरी। हमने दबाव में स्पिनरों को खेलने में शायद गलती की। नारायण (16 रन पर दो विकेट), चक्रवर्ती (15 रन पर चार विकेट) और पदार्पण कर रहे सुयश शर्मा (30 रन पर तीन विकेट) की केकेआर की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर नौ विकेट चटकाये। बांगर ने कहा कि नारायण और चक्रवर्ती जैसे अबूझ स्पिनरों से निपटने के लिए बल्लेबाजों को आगे निकल कर खेलना चाहिये।

# विश्व कप विजेता लियोनल मेसी दुनिया के पांचवें प्रभावशाली शख्स, शाहरुख से नहीं निकल पाए आगे

## शाहरुख खान को मिले लियोनल मेसी से ज्यादा वोट

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने वाले दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी टाइम पत्रिका के 100 प्रभावशाली शख्स (ळक्टए 100) की सूची में शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके। वह पांचवें स्थान पर रहे हैं। इस मामले में उनसे आगे भारत के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान निकल गए। शाहरुख खान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की और वह शीर्ष स्थान पर रहे। मेसी ने पिछले साल दिसंबर में फुटबॉल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने टूनार्मेंट में कुल सात गोल किए थे। वह सर्वाधिक गोल करने के मामले में फ्रांस के युवा स्टार किलियन एम्बाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। इसके अलावा मेसी ने तीन गोल असिस्ट भी किए थे। इस तरह कुल 10 गोल में उनका योगदान था। उन्हें टूनार्मेंट का बेस्ट फुटबॉलर चुना गया था। इसके उन्हें गोल्डन बॉल मिला था।





मेसी को दूसरी बार विश्व कप में गोल्डन बॉल मिला था। इससे पहले 2014 में यह अवॉर्ड मिला था, लेकिन उनकी टीम फाइनल में जर्मनी से हार गई थी। मेसी ने उस निराशा को कतर में दूर किया और फाइनल में फ्रांस को हराकर टूनार्मेंट जीत लिया। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच निर्धारित 90 मिनट तक यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में दोनों टीमों ने एक-एक गोल और किए। एक्स्ट्रा टाइम तक स्कोर 3-3 रहा। फिर विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। वहां अर्जेंटीना ने फ्रांस को 4-2 से हरा दिया।

टाइम पत्रिका द्वारा कराए गए पोल में 1.2 मिलियन (12 लाख) से अधिक लोगों ने वोट डाले। इस सर्वे में पाठकों ने उन व्यक्तियों के लिए मतदान किया, जिन्हें वे टाइम के सबसे प्रभावशाली लोगों की सालाना सूची में रखने के लायक समझते थे। टाइम पत्रिका के मुताबिक, शाहरुख खान को सर्वाधिक चार फीसदी वोट मिले हैं। वहीं, मेसी को 1.8 फीसदी लोगों ने वोट किया। इस सूची में दिग्गजन टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का भी नाम है।

## बॉलीवुड न्यूज

### अमेजन इंडिया और एमआईबी ने मिलाया हाथ



**मुंबई।** अमेजन इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को विकसित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ सहभागिता पत्र या लेटर ऑफ एंगेजमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग के हिस्से के रूप में, अें९ङ्खल्ल और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत में कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के अवसर सृजित करने, प्रतिष्ठित फिल्म और टीवी संस्थानों की क्षमता का विकास करने और भारत में निर्मित रचनात्मक सामग्री का विश्व स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए मिलजुल कर काम करेंगे। भारत सरकार के केंद्रीय सूचना और प्रसारण और युवा मामले और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, अें९ङ्खल्ल क्ल्र्ल में सार्वजनिक नीति के उपाध्यक्ष चेतन कृष्णास्वामी और प्राइम वीडियो के एशिया प्रशांत के उपाध्यक्ष गौरव गांधी की उपस्थिति में राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में लेटर ऑफ एंगेजमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। लेटर ऑफ एंगेजमेंट के हिस्से के रूप में, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और आईएमडीबी रैंकिंग के प्लेटफॉर्म पर भारत की रचनात्मक प्रतिभाओं की प्रोफाइल और उनकी कुशलताओं को सूचीबद्ध करके उन्हें खोजने लायक बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे। भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान और सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान में छात्रों को इंटर्नशिप और छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए काम करेंगे। इससे छात्रों को वास्तविक काम करने का अनुभव पाने और उद्योग के लिए तैयार होने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, विभिन्न फिल्म और टीवी संस्थानों के छात्रों के लिए कौशल-आधारित मास्टरक्लास आयोजित की जाएंगी और आईएफएफआई के संरक्षण में वार्षिक प्रतिभा संवर्धन कार्यक्रमझ्र क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो संपन्न किया जाएगा, जिसमें सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा चुने गए 75 युवा, प्रतिभाशाली कलाकारों का चयन किया जाएगा और उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। अभिनेता वरुण धवन ने कहा कि प्रमुख साथी के रूप में सूचना प्रसारण मंत्रालय और अमेजन के बीच इस ऐतिहासिक सहयोग के बारे में सबसे पहले जानकारी पाकर मुझे बहुत खुशी हुई है।

### ध्रुव तारा है अनोखी रोमांटिक कहानी



**इंदौर।**'ध्रुव तारा – समय सदी से परे' के साथ सोनी सब लेकर आया है ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) के बीच एक अनोखी रोमांटिक कहानी, जो अलग-अलग समय अंतराल से आए हैं। समय के नियमों को तोड़ते हुए 17वीं शताब्दी की राजकुमारी तारा अपने राज्य वल्लभगढ़ से 2023 तक नवरंगवन नामक एक टाइम पोर्टल के माध्यम से अपने भाई का इलाज खोजने की यात्रा कर रही है। भाई का स्वास्थ्य उनकी जमीन के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। 2023 में वह कुशल न्यूरोसर्जन ध्रुव से मिली, जो उसके भाई की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अपनी तरह के इस अनोखे शो ने अपनी आकर्षक कहानी, खूबसूरत बैकग्राउंड स्कोर और ध्रुव व तारा के बीच प्यारे रोमांटिक पलों के साथ दर्शकों का ध्यान खींचा है, जो वास्तव में ताजी हवा के झोंके जैसा लगता है। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक ध्रुव और तारा को एक-दूसरे से शादी करते देखने वाले हैं। हालांकि, घटनाओं का एक रोमांचक मोड़ आएगा और ध्रुव और तारा बहुत चालाकी से शादी को इनकार करते हैं और भाग जाते हैं।

# भारत को विश्व कप जिता सकते हैं सूर्य कुमार रिकी पोंटिंग ने की भविष्यवाणी

***रिकी पोंटिंग ने कहा, जब आप इन लोगों को समय देते हैं, तो आप उन्हें एक अवसर देते हैं, आप उन्हें एक स्पष्ट दिशा देते हैं***






**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को खराब फॉर्म के बावजूद एकदिवसीय विश्व कप खेलना चाहिए क्योंकि वह भारत को विश्व विजेता बनाने की क्षमता रखते हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, ₹दुनिया भर में हर कोई जानता है कि सीमित ओवर क्रिकेट में सूर्य क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि टीम को उनके साथ रहना चाहिये। मुझे लगता है कि वह भारत को विश्व कप जिता सकते हैं।₹ उन्होंने कहा, ₹वह निरंतर प्रदर्शन नहीं करते लेकिन वह उस तरह के खिलाड़ी हैं जो बड़े क्षणों में आपको जीत दिला सकते हैं। कुछ वैसे ही जैसे दिवंगत महान एंड्रयू साइमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिये किया था।

गौरतलब है कि टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार एकदिवसीय प्रारूप में खासा प्रभावित नहीं कर सके हैं। उन्होंने अपने करियर की 21 वनडे पारियों में 24.05 की औसत से 433 रन बनाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध घरेलू सरजमीन पर खेली गयी हालिया एकदिवसीय श्रृंखला के तीन मैचों में वह खाता भी नहीं खोल सके थे।

रिकी पोंटिंग ने कहा, जब आप इन लोगों को समय देते हैं, तो आप उन्हें एक अवसर देते हैं, आप उन्हें एक स्पष्ट दिशा देते हैं। वे उस भूमिका के बारे में स्पष्टता प्राप्त करते हैं जो आप उन्हें निभाते हुए देखना चाहते हैं। उनके पास इतनी प्रतिभा है कि वे अकेले दम पर आपको मैच जिता सकते हैं। मैं भारत के लिये यही करता। मैं सुरक्षा की तरफ जाने के बजाय मैच विजेता खिलाड़ियों को चुनता और मुझे लगता है कि वह (सूर्यकुमार) मैच-जिताऊ खिलाड़ी है। रिकी पोंटिंग ने कहा कि सूर्यकुमार को भारत के लिये एकदिवसीय क्रिकेट में नंबर पांच पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि वह वैसे भी केवल पांच पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैं उन्हें उससे ज्यादा नीचे नहीं देखना चाहता, खासकर हार्दिक (पांड्या), (रवींद्र) जडेजा और अक्षर (पटेल) के होते हुए। मैं खेल के सभी प्रारूपों में आपके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को अधिक से अधिक समय देने में विश्वास करता हूं।₹ उन्होंने कहा, ₹क्योंकि अगर आप उन्हें अक्सर क्रम में नीचे रखते हैं, तो कभी-कभी आपको अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का उपयोग करने का मौका नहीं मिलता है और आप ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते हैं।

# इंग्लैंड ने ब्राजील को हराकर जीता पहला महिला फाइनलिसिमा का खिताब




**लंदन।** इंग्लैंड ने क्लो केली के गोल के दम पर ब्राजील को यहां पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित करके पहला महिला फाइनलिसिमा फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। यह मुकाबला यूरोप और दक्षिण अमेरिका की चैंपियन टीमों के बीच खेला जाता है। वेम्बले में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 83,132 दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। इलिया टूने के 23वें मिनट में किए गए गोल से इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन ब्राजील ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। ब्राजील की एंड्रेसा अल्वेस ने इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी एर्प्स की गलती का फायदा उठाते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंच गया जिसमें इंग्लैंड की तरफ से जॉर्जिया स्टैनवे, राचेल डेली, एलेक्स ग्रीनवुड और केली ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। दोनों टीम ने मैच शुरू होने से पहले पेले को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था।

## हॉकी इंडिया ने की भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के लिए नए सहयोगी सदस्यों की नियुक्ति




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने कोच एंथनी फेरी को भारतीय महिला हॉकी टीम का विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रेट हल्केट पुरुष टीम के साथ यह भूमिका निभाएंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की। राष्ट्रीय महासंघ ने दोनों टीमों के लिए अन्य सहायक स्टाफ सदस्यों की भी घोषणा की। फेरी की देखरेख में कनाडा की पुरुष टीम ने 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। उनके मार्गदर्शन में जापान की महिला टीम ने 2018 में एशियाई खेलों का अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया था। वह अपनी नयी भूमिका में मुख्य कोच यानेके शोपमैन की सहायता करेंगे। फेरी के कोच रहते कनाडा की पुरुष अंडर 21 टीम ने जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। वह अगस्त 2020 से अप्रैल 2022 तक अमेरिका की महिला टीम के कोच और हाई परफार्मेंस निदेशक रह चुके हैं। फैरी और हल्केट के अलावा हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में ऑस्ट्रेलिया के एलन टैन की नियुक्ति की घोषणा की। हल्केट और टैन दोनों दक्षिण अफ्रीका के नव-नियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व वाली पुरुष टीम के कोचिंग सदस्यों का हिस्सा होंगे। हल्केट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 2010 से 2018 तक 155 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह 2020 में नीदरलैंड के सहायक कोच रह चुके हैं। टैन को न्यू साउथ वेल्थ इंस्टीट्यूट और स्पोर्टर्स में 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच के तौर पर 10 साल का अनुभव है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, हम पुरुष और महिला टीम में नये कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हैं। हॉकी इंडिया की तरफ से मैं तत्काल आधार पर उनकी नियुक्तियों को पूरा करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को धन्यवाद देता हूं और 2023 में चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीमों को तैयार करने में उनके निरंतर समर्थन की सराहना करता हूं।

# बाउंड्री वॉल बनाकर रेलवे ने बंद किया आवागमन

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरगंज।** मछलीशहर से जंघई स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 5 को जाने वाली सड़क को पूरी तरह से रेलवे द्वारा बंद कर बाउंड्री वाल बनाने से स्थानीय ग्रामीणों का रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है जिसे लेकर भारतीय किसान यूनियन ने दो घंटे धरना प्रदर्शन के बाद पांच सूत्रीय मांग पत्र थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता को सौपा।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव व जिला संयोजक राजनाथ यादव ने जंघई रेलवे स्टेशन पर भवन घटिया निर्माण होने का भी हवाला देते हुए भीषण हादसा होने का अंदेशा जताया। आरक्षण केंद्र नंबर 1142 को एक साल से बंद किया गया है उसे चालू किया जाय, किसानों व ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए बाहर जाने के लिए उपरिगामी पुल बनाया जाय, पश्चिमी छोर पर बनाया जा रहा ओवरब्रिज को उत्तरी छोर पर बने लोक निर्माण विभाग सड़क से जोड़ा जाय जिससे लोगों को आवागमन में असुविधाओं का सामना न करना पड़े। राजनाथ यादव ने पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए प्रशासन को चेताया कि अगर वैकल्पिक रास्ता रेलवे द्वारा नहीं छोड़ा गया तो 15 तारीख से भारतीय किसान यूनियन अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेगी।



**नाराजगी**

**भाकियू ने प्रदर्शन कर थानाध्यक्ष को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन**



हनुमान जयंती पर मौजूद लोग

# हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया गया

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** श्री हनुमान जी सिंगार महोत्सव समिति हनुमान घाट शाही पुल के नीचे गोमती घाट पर दीप प्रज्वलन किया गया।

विवेक सेठ के द्वारा गंगा आरती का भी आयोजन हुआ। हनुमान घाट पर भंडारे में राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव, महामंत्री अनिल सोनी, कार्यक्रम संयोजक मोनू सेठ, उपाध्यक्ष आलोक सेठ, कोषाध्यक्ष राजकुमार, संरक्षक उदय सिंह, विशाल वर्मा, राजेंद्र सिंह, अनिल सेठ, नीरज सेठ, सूरत सेठ, सोनी सेठ, शुभम सेठ, आशीष माली, मनोज सोनी कोमल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

## संक्षेप

### शीतल पेयजल के लिए लगाया गया वाटर कूलर



**खेतासराय।** नगर पंचायत की ओर से नगर के चौराहे के पास बस स्टैंड पर वाटर कूलर लगाया गया। बस स्टैंड पर बस में सफर कर रहे यात्रियों एवं राहगीरों को अब वाटर कूलर के ठंडे पानी से प्यास बुझेगी। नगर पंचायत में पहली बार वाटर कूलर लगाया गया है। नगर में अभी तक राहगीरों को ठंडे पानी पीने के लिए कहीं भी वाटर कूलर नहीं लगाया गया था। ईओ रवीन्द्र प्रताप सिंह ने राहगीरों को गर्मी में यह सुविधा देने के लिए लिए पहल की। वाटर कूलर के लिए स्थान तलाशना शुरू किया। कहीं उचित स्थान न मिलने पर चौराहे के पास हनुमान मंदिर की दीवार से सटाकर वाटर कूलर लगाया गया। यहां बस स्टाप होने के साथ आटो चालकों का जमावड़ा भी रहता है। लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगाये गये वाटर कूलर से यात्रियों की प्यास बुझाने में ठंडा पानी हर समय उपलब्ध मिलेगा।

### प्रभारी चिकित्साधिकारी ने हटवाया अतिक्रमण

**पवांरा।** एक निजी मकान के मालिक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगराबादशाहपुर के अन्दर की तरफ से दरवाजा खोलकर व सीढ़ी बनाकर अतिक्रमण किया हुआ था। शुक्रवार को सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने सीढ़ी को तोड़वाकर बाउण्ड्री वाल की मरम्मत करवाया। उन्होंने कहाकि दुबारा अतिक्रमण करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### समस्याओं को लेकर नितिन गडकरी से सांसद ने की मुलाकात

**मड़ियाहूँ।** मछलीशहर के सांसद बीपी सरोज ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। सांसद ने अपने क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पत्रक सौपा। सांसद ने बताया कि भारत माला परियोजना के अन्तर्गत मछलीशहर, मड़ियाहूं, जलालपुर, थानागद्दी होते हुए मोढैला तक मार्ग स्वीकृत हुआ है जिस पर निर्माण कार्य अति शीघ्र और तीव्र गति से करने की आवश्यकता है। यह एक महत्वपूर्ण सड़क है जो लोकसभा के चार विधानसभाओं को जोड़ती है। इसके अलावा बिधानसभा केराकत के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 का किसानों को प्रतिकर देने के संबंध में तथा चन्दवक में गोमती नदी एनएच संख्या 233 का पुल अवरूद्ध होने से आवागमन प्रभावित होने के संदर्भ में पत्र देकर केंद्रीय मंत्री से यथाशीघ्र समाधान के लिए आग्रह किया जिसके शीघ्र निराकरण के लिए मंत्री गडकरी ने आश्वासन दिया।



### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की रात्रि संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान नहर पुलिया के पास से एक अभियुक्त अली हुसैन पुत्र शाह मोहम्मद निवासी नरगहना के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया।

### स्वास्थ्य मेले में 274 मरीजों की हुई जांच

**खेतासराय।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 274 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंदों को दवाइयां दी गई। स्वास्थ्य मेले के बारे में आशा, आंगनवाड़ी और एनम की ओर से गांवों में प्रचार प्रसार किया गया था। जिसके चलते सुबह से ही मरीजों की भीड़ जुटने लगी। गर्मी के मौसम में वायरल फीवर, बदन दर्द, सर्दी जुकाम पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। कुछ मरीजों ने नेत्र चिकत्सक से आंखों की जांच कराई। स्वास्थ्य मेले में आए मरीजों को मच्छर जनित रोगों से बचाव, घर में साफ सफाई और आयुष्मान भारत कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। डा. फिरदौस, डा. मसूद अहमद खान, डा. सुधाकर चौहान, डा. हीरालाल ने मरीजों की जांच की। फार्मासिस्ट अशोक कुमार यादव सुल्तानी ने जरूरतमंदों को दवाएं वितरित किया। सहयोग में स्वास्थ्य कर्मचारी राममिलन यादव, राहुल कुमार यादव, सुजीत कुमार मौर्य रहे।



### बैडमिंटन खिलाड़ी रिचा यादव का यूपी पुलिस में चयन

**करंजाकला।** पीयू से सम्बद्ध गुलाबी देवी महाविद्यालय सिद्दीकपुर में पढ़ने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी रिचा यादव का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन कर लिया गया है और सशर्त लिखित अश्वस्त किया गया है कि जैसे ही स्नातक फाइनल वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करेगी, उसी के आधार पर रिचा का उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हो जांएगी। रिचा यादव बैडमिंटन की खिलाड़ी है और यह कई मेडल अर्जित कर चुकी हैं। खेलकूद कोटे से इनका चयन यूपी पुलिस विभाग में हुआ है। रिचा यादव गुलाबी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामाशंकर यादव की भतीजी हैं और इस सफलता के लिए वह खेल विभाग के कोच व सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ परिजनों को श्रेय देती हैं। रिचा की इस सफलता पर क्लास की छात्र-छात्राएं सगे संबंधियों ने उन्हें बधाई दी और कहा कि निश्चित ही और छात्राओं के लिए यह प्रेरणा स्त्रोत बनेंगी।

**स्नातक उत्तीर्ण करने के बाद उप निरीक्षक पद पर होगी पदोन्नति**



रिचा यादव

# राजकीय शिक्षक को मिला काशी गौरव सम्मान



काशी गौरव सम्मान प्राप्त करते राहुल राज

**सुइथाकला।** शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में स्थानीय सवायन गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल पर तैनात शिक्षक राहुल राज मिश्र को गुरुवार को वर्ष 2023 का काशी गौरव सम्मान मिला। उनकी इस उपलब्धि पर लोगों में हर्ष का माहौल छा गया। गौरतलब हो कि श्री मिश्र मूल रूप से देवरिया जनपद के रूद्रपुर क्षेत्र के इमिलिहां गांव के रहने वाले हैं, जो शिक्षक के साथ ही उच्चकोटि के रचनाकार और कवि भी हैं। जिन्हें गुरुवार को परफेक्ट मिशन द्वारा मिशन के 9वीं वर्षगाँठ पर वाराणसी स्थित महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के सभागार में वर्ष 2023 के काशी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूली परिवार समेत लोगों में हर्ष का माहौल छा गया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पशु चिकित्सक डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल, शिक्षक रवीश पटेल, रमेश सिंह, शिक्षक व पत्रकार डॉ. प्रदीप कुमार दूबे आदि ने शुभकामनाएं दी।

# शॉर्ट सर्किट से पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**सुइथाकला।** विकासखण्ड के रामपुर गांव में शुक्रवार की शाम बिजली के तारों में हुई शार्ट सर्किट से लगभग पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

गांव निवासी अंकित सिंह के खेत मे लगे ट्रांसफार्मर से गिरी चिंगारी से नीचे खेतों में आग लग गई। जब तक लोग उसे बुझाने का कोई उपाय कर पाते आग ने बगल के भूपति सिंह तथा राम शब्द सिंह के गेहूं के खेतों में फैल गई और देखते ही देखते पककर तैयार फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणो की सूचना पर लाइनमैन ने आकर बिजली आपूर्ति बंद किया। घटनास्थल पर तहसीलदार शाहगंज महेंद्र सिंह ने पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया।



# मूल्यांकन बहिष्कार व अन्य मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका इंटर कॉलेज में संपन्न हुई जिसमें मूल्यांकन बहिष्कार आंदोलन तथा उसके बाद की परिस्थितियों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक का संचालन करते हुए जनपद मंत्री प्रमोद कुमार सिंह ने आंदोलन से जुड़े बिंदुओं, मुख्यमंत्री एवं शासन से वार्ता को शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किया जिस पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह एवं प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह तथा संगठन से जुड़े शिक्षकों ने अपने विचार रखे। अन्त में प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षक विधायक चेतनारायण सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित प्रिंट तथा इलेक्ट्रोनिक मीडिया कर्मियों के समक्ष मुख्यमंत्री से वार्ता तथा मूल्यांकन बहिष्कार आंदोलन के स्थगन के बाद प्रमुख सचिव से वार्ता के विभिन्न मुद्दों, उस पर आश्वासन तथा क्रियान्वयन को लेकर अपनी बात रखी। इस अवसर पर संबोधित करने वालों में दिनेश चक्रवर्ती, राम प्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह, संजय कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र कुमार, जियालाल बिंद, देवेंद्रनाथ, शैलेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह, अखिलेश चंद्र, धनंजय सिंह घनश्याम यादव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, मनोज सिंह, अर्जुन यादव आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों को सम्बोधित करते शिक्षक-विधायक

# गांधीनगर सम्मेलन में होगा लाखों शिक्षकों का जमावड़ा : उमाशंकर सिंह

**मुफ्तीगंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह की उपस्थिति में ब्लाक के भव्य त्रैवार्षिक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में सर्वसम्मति से सतीश पाठक को ब्लाक अध्यक्ष और रामकृपाल यादव को ब्लाक मंत्री चुना गया।

इससे पूर्व सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि निवर्तमान ब्लाक प्रमुख विनय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में उपस्थित भारी संख्या में शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय मंत्री उमाशंकर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक सम्मेलन इस बार 11 से 13 मई तक गुजरात के गांधी नगर में आयोजित किया गया है जिसमें देश के लाखों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को विभाग द्वारा 8 मई से 16 मई तक अवकाश भी मिलेगा। सम्मेलन में 12 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि विनय सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ न सिर्फ शिक्षक हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता है बल्कि बेसिक शिक्षा के उत्थान के लिए भी निरंतर प्रयास करता रहता है। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने नवनिर्वाचित कार्य समिति को शपथ ग्रहण करवाते हुए कहा कि विगत की भांति ही आगामी संघर्षो में भी जनपद की भागीदारी चढ़ बढ़कर रहेगी तथा 11 मई से लेकर 13 मई तक गांधीनगर में आयोजित अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्मेलन में जनपद से पांच सौ से अधिक शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। सम्मेलन के समापन से पूर्व ब्लाक से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक राजकुमार पाठक एवं आयशा सुल्ताना को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय व जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश खटवानी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, अतुल प्रताप सिंह, जिला मंत्री पूमा मनीष सोमवंशी, रामसिंह राव, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, ममता गुप्ता सहित बड़ी संख्या ब्लाक के शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

**शिक्षक सम्मेलन**

**सतीश पाठक ब्लॉक अध्यक्ष व रामकृपाल यादव चुने गए मंत्री**



शिक्षकों के सम्मेलन में नवनियुक्त पदाधिकारीगण व शिक्षक

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी के आरोपित पर केस

**खुटहन।** विदेश भेजने के नाम पर स्थानीय थाना क्षेत्र के कई गांवों के व्यक्तियों से लाखों रूपए ऐंठ कर फरार हो जाने वाले आजमगढ़ जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के बखरा नोनारी गांव निवासी रिजवान अहमद के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई पटैला गांव निवासी पीड़ित जुबेर अहमद की तहरीर पर की गई।

पीड़ित का आरोप है कि रिजवान के द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व विदेश भेजने के नाम पर पच्चीस हजार लिया गया था। इसके अलावा इसी थाना क्षेत्र के और चार गांव निवासी सात व्यक्तियों से उतनी ही धनराशि लेकर उन्हें अब-तब करके टालता रहा। पैसे वापसी का दबाव बनाने पर उसने फर्जी बीजा लाकर थमा दिया।

आरोप है कि हाल ही में जब उसके घर जाकर पैसे वापस करने को कहा गया तो उसने सीधा मना कर दिया। धमकी भी दिया कि यदि ज्यादा हाथ पांव मारोगे तो जान से हाथ धोना पड़ जायेगा। थक हार कर पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर दिया है जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# अधिवक्ता ने पूर्व तहसीलदार की राजस्व परिषद में दर्ज कराई शिकायत

**विरोध**

**न्यायालय में गलत तरीके से आदेश पारित किये जाने व भ्रष्टाचार का लगाया आरोप**

**सचिव राजस्व परिषद ने जिलाधिकारी को दिया आरोपों की जांच का निर्देश**

**मछलीशहर।** तहसील अधिवक्ता विनय प्रिय पांडेय ने पूर्व तहसीलदार सुदर्शन कुमार के खिलाफ राजस्व परिषद में शिकायत की है। न्यायालय के कई मुकदमें में अवैधानिक तरीके से आदेश पारित किये जाने व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है।

आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ.प्र.टी के शिबु ने अधिवक्ता द्वारा लगाये गये आरोपों की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराकर एवं जांच आख्या परिषद व शिकायतकर्ता को तत्काल उप्लब्ध कराने का जिलाधिकारी को निर्देश दिया है। यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि प्रकरण में तहसीलदार के विरुद्ध कोई तथ्य प्रकाश में आता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही स्पष्ट संस्तुति सहित आख्या परिषद को उपलब्ध करायें। अपने कार्यकाल में विवादों में रहे तहसीलदार की मुसीबतें बढ़ सकती हैं जो तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फर्जी मुकदमे को लेकर की गयी शिकायत

**केराकत।** वर्तमान में अधिकारीगणों द्वारा देश के चौथे स्तम्भ को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने में कोई कसर छोड़ी नहीं जा रही है। सच का आईना दिखाना पत्रकारों को भारी पड़ रहा है।

तहसील क्षेत्र के पेसारा ग्राम स्थित गौशाला की खबर छापने के 3 दिन बाद पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा लादने को लेकर जहां प्रेस परिषद व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इसका विरोध कर रहे हैं वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार कमीशन के मीडिया प्रभारी दीपनारायण सिंह ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव से पत्रकारों पर हुए फर्जी मुकदमे की शिकायत पत्रक भेजा है। शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान व अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

# इबादतों का महीना है रमजान, तरावीह खत्म होने पर महफिल का हुआ आयोजन



तरावीह खत्म होने पर महफिल में मौजूद लोग

**जौनपुर।** रमजान का बरकत वाला महीना आते ही मुसलमान एक महीने का रोजा रखते हैं और रात में विशेष नमाज तरावीह पढ़ते हैं। कहीं-कहीं तरावीह खत्म हो चुकी है और कहीं-कहीं अभी तरावीह चल रही है। इसी क्रम में नगर के प्रेमराजपुर पर स्थित मस्जिद आयशा में पंद्रह रोजा पर तरावीह में कुरआन मुकम्मल हुआ।

इस मौके पर मस्जिद में एक महफिल का आयोजन किया गया जिसमें हाफिज आमिर हमजा खैराबादी ने रमजान के महीने की फजीलत और कुरआन की अहमियत अल्लाह और उसके रसूल पर प्रकाश डाला और देश में अमन व शांति के लिये दुआ कराई। उन्होंने कहा कि तरावीह अभी खत्म नहीं हुई है। रमजान इबादतों का महीना है। इस महीने में ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। तरावीह में कुरआन सुनना अलग सुन्नत है और पूरे महीने तरावीह सुनना अलग सुन्नत है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को रोजा रखना चाहिए। अंत में उपस्थित लोगों ने इमाम को गुलपोशी करके तोहफा पेश किया और नमाजियों में शिरिनी वितरित की गई। इस अवसर पर हुसैन अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद अशफाक, मकबूल अहमद, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद महमूद, अली अकबर, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अरशद आदि मौजूद रहे।

## इस्लाम की बका और मजबूती के लिए हजरत इमाम हसन ने की थी सुलह

**रमजान**

**जश्ने विदालत पर दी गयी मुबारकबाद**

**जौनपुर।** शिया जामा मस्जिद नवाब बाग में रमजानुल मुबारक के तीसरे जुमे में काफी संख्या में नमाज़ियो ने नमाजे जुमा अदा किया। आज 15 रमजानुल मुबारक हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम की विलादत (जन्मदिन) होने के नाते नमाजे जुमा के खुत्बे में इमामे जुमा मौलाना महफुजुल हसन खां ने हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम की सीरत पर रोशनी डालते हुए कहा कि अहलेबैत का हर अमल अल्लाह की खुशनुदी और मर्जी के मुताबिक होता है। इमाम हसन अलैहिस्सलाम की सुलह इस्लाम की बका और मजबूती के लिए थी। हजरत मोहम्मद मुस्तफा व अहलेबैत की कुर्बानियों को कोई मुसलमान भुला नहीं सकता है। उन्होंने यौमे कुदस पर रोशनी ड़ालते हुए कहा कि अगले जुमे में यौमे कुदस के मौके पर बैतुल मुकद्दस की बहाली के लिए शिया जामा मस्जिद में विशेष दुआ एवं कार्यक्रम का आयोजन है। इमामे जुमा मौलाना महफुजुल हसन खां एवं शीया जामा मस्जिद नवाब बाग के मुतवल्ली शेख अली मंजर ड़ेजी ने इमाम हसन अलैहिस्सलाम की विलादत के मौके पर मुबारकबाद पेश की। जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यों ने नमाजे जुमा को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने में नमाज़ियो के सहयोग पर आभार जताया।



शिया जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते लोग

# चचेरे भाई ने सात वर्षीय मासूम के साथ किया दुराचार

**सिरकोनी।** जलालपुर क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की शाम को नाबालिग 15 वर्षीय चचेरे भाई ने अपनी सात वर्षीय चचेरी बहन के साथ दुराचार किया। घटना के बाद आरोपी भाग निकला। उक्त गांव निवासी दो सगे भाइयों का परिवार गुरुवार की शाम को गेहू की कटाई का काम करने चले गए। घर मे एक भाई का 15 वर्षीय पुत्र और दूसरे भाई की सात वर्षीया पुत्री थी। भाई ने घर में अकेली पाकर बहन के साथ जबरदस्ती दुराचार कर डाला। बच्ची ने खून से लथपथ हालत में शोर मचायया। उसके शोर मचाने पर अगल-बगल के लोग आ गए। लोगों को आता देखकर दुराचारी भाग निकला। इतने देर में लड़की तथा लड़के के परिवार के लोग आ गए। वे किशोरी को एक चिकित्सक के पास ले गए उसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। थाना प्रभारी रमेश यादव ने किशोरी को जिला चिकित्सालय भेजवाया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी पर 3/4 पाक्सो एक्ट सहित आवश्यक धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बर्बाद फसलों का नहीं हुआ सर्वे

**अनदेखी**

**किसानों का नम्बर लेखपाल ने किया ब्लॉक**

**किसानों को मुआवजा न मिलने का सता रहा है डर**

**जलालपुर।** क्षेत्र में 15 दिन पहले हुई ओलावृष्टि, बारिश और तेज हवा ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया। बर्बाद फसलों का आंकलन करके रिपोर्ट लगाने की जिम्मेदारी हल्का लेखपाल को सौंपी गई है।

किसानों का आरोप है कि हल्का लेखपाल गांव में सर्वे के लिए आज तक आए ही नहीं और जब हम लोगों ने उनसे बात करने की कोशिश की तो उन्होंने हम लोगों का नंबर ही ब्लॉक कर दिया है। मामला विकासखंड जलालपुर क्षेत्र के रेहटी (तुल्लापुर) गांव का है। उक्त गांव निवासी प्रमोद यादव, अशोक गिरी, ब्रह्म किशोर दुबे, गनेश दुबे, आनंद यादव आदि ने बताया कि पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि और बेमौसम बरसात के साथ तेज हवा ने हम किसानों का कई बीघा गेहूं, सरसों, चना की फसल को बर्बाद कर दिया। हम लोगों की बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने के लिए सरकार तैयार है परन्तु हल्का लेखपाल विनय पाण्डेय ने आज तक गांव में बर्बाद फसलों का आकलन (सर्वे) करके रिपोर्ट लगाने के लिए आए ही नहीं। जब हम लोगों ने मोबाइल से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने हम किसानों का नंबर ही ब्लॉक कर दिया। उक्त गांव के एक किसान आनंद यादव ने बताया कि मोबाइल से किसी तरह हमारी बात हल्का लेखपाल विनय पाण्डेय से हुई और हमने अपनी समस्या के साथ गांव के किसानों की समस्याओं से उनको अवगत कराया तो उन्होंने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया। बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड हो गया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। बता दें कि सरकार पीड़ित किसानों का दर्द बाँटने के लिए उनकी बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने के प्रयास में जुटी है परंतु लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के कारण अधिकतर किसान ऐसे हैं जिनकी बर्बाद फसलों का आज तक सर्वे करके रिपोर्ट ही नहीं भेजी गई है जिससे किसान काफी परेशान है।

# अराजक तत्वों ने तोड़ी अंबेडकर की मूर्ति

**आक्रोश**

### पुनः मूर्ति लगाने के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

**जनसंदेश न्यूज**

**सुजानगंज।** क्षेत्र के शेखपुर खुटहनी गांव में शुक्रवार को भोर में ग्रामीणों ने देखा कि अराजक तत्वों द्वारा गांव में लगी डा. अम्बेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। सूचना पर गांव के सैकड़ों लोग इकठ्ठा हो गए। मौके पर थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल मय फोर्स पहुंच गए। ग्रामीणों ने कहा कि नई मूर्ति लगाई जाए।

उक्त गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र रामकरन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि अराजक तत्वों द्वारा अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ दिया गया है। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।


अराजकों द्वारा तोड़ी गयी अम्बेडकर प्रतिमा

भीम आर्मी के रमेश कुमार, अमन कुमार, अरविंद रावत समेत अन्य पदाधिकारी भी पहुंच गए। क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को समझाया कि पुनः इसी स्थान पर अंबेडकर की मूर्ति लगवाई जायेगी तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व यहां अनाधिकृत रूप से अंबेडकर की मूर्ति लगाई गई थी जो अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई। मूर्ति मंगवाई गई है, जल्द ही लगवा दी जाएगी।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की जरूरत

**जौनपुर।** स्वर्गीय मालती सिंह पीजी कॉलेज अमरपुर बेलवा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने रायपुर ग्राम सभा के दुर्गा देवी स्थान पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली। यह रैली दुर्गा देवी जगदीशपुर से होते हुए गहलाई तक गई उसके उपरांत समापन किया गया। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर अपने और दूसरे को भी स्वस्थ रखा जा सकता है। संबोधन के उपरांत उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और साथ ही साथ दो से 3 किलोमीटर की दूरी बच्चों के साथ रैली में उपस्थित रहे। उन्होंने कालेज के संस्थापक अरविंद सिंह दारा को धन्यवाद दिया कि उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क बस की सुविधा देकर उनको एक सुरक्षित माहौल प्रदान किया है यह काबिले तारीफ है। इस मौके पर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराज कुमार, रुपेश प्रसाद त्रिपाठी, बंकिम सिंह, राय साहब व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शाही मस्जिद में तरावीह मुकम्मल



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** मछलीशहर नगर के फूल खां वार्ड स्थित शाही मस्जिद में तरावीह की नमाज में कुरआन मुकम्मल हुआ। हाफिज अजहरुददीन ने मुकम्मल कुरआन पाक की तेलावत किया। हाफिज इसी कसबे के मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम से हिफ्ज की पढ़ाई मुकम्मल थी। हाफिज द्वारा रमजान के दूसरे अशरे 14 वें रोजे को तरावीह में कुरआन मुकम्मल किया और मुल्क में अमन व चैन के लिए दुआ की। सलातो सलाम के बाद मौलाना शम्सुद्दीन ने दुआ की।

इस मौके पर सरपरस्त सीरत कमेटी हाजी मोहम्मद इमरान खान ने कहाकि रमजान अल्लाह का मुसलमानों के लिए तोहफा है। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं बल्कि हर तरह की बुराइयों, गुनाह से बचना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेहद खुशनसीब हैं वह मां-बाप जिनके बच्चों ने अल्लाह के कलाम को अपने सीनों में महफूज कर लिया। जन्नत में कुरान पाक हिफ्ज करने वालों का मर्तबा बड़ा ही ऊंचा है। इस मौके पर अशरफ राईन, इरशाद अहमद, शकील अहमद, फैजान अहमद, हाफिज यूनुस, गुलाम रसूल, डा. शाह आलम, अनीस खान, अजमत राइन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सपा के राष्ट्रीय महासचिव का आगमन आज


लालजी वर्मा

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी संगठन के 73 लोकसभा जौनपुर, 74 लोकसभा मछलीशहर संगठन के बूथ गठन प्रभारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक लालजी वर्मा का आगमन शनिवार को हिन्दी भवन में 10 बजे दिन में समाजवादी पार्टी द्वारा बूथ गठन हेतु सभी जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेताओं एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी निवर्तमान प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी ने दी है।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर शिविर आयोजित


शिविर में मरीज का उपचार करते चिकित्सक

**शाहगंज।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाजयुमों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जांच व दवा वितरण किया गया। आयुष चिकित्साधिकारी डा. आरके वर्मा द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। इस दौरान डा. अमित सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में भाजयुमों के महामंत्री धीरज पाटिल ने वहां पर मौके पर मौजूद लोगों को बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम भाजयुमों अध्यक्ष किशन अग्रहरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में भाजपा शोध प्रमुख डा. अभिषेक रावत, अमित त्रिपाठी, चिंता हरण शर्मा, वेद प्रकाश जायसवाल, प्रदीप यादव, राहुल अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

### बाजारवासियों ने की पुलिस चौकी की मांग

**गभिरन।** खुटहन के अतिव्यस्तम बाजारों में से एक गभिरन बाजार में बाजारवासियों ने अपनी जान माल की सुरक्षा हेतु प्रशासन से पुलिस चौकी की मांग की है। बाजारवासियों कहना है कि गभिरन बाजार जनपद के तीन थानों खुटहन, खेतासराय तथा सरायख्वाजा के बीच स्थित है। बाजार से तीनों थानों की सीमा तकरीबन 1 किलोमीटर है। यहां यूनियन बैंक, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, साधन सहकारी समिति, परिषदीय विद्यालय, इण्टर कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान स्थित है। इसके अलावा व्यापारियों के कई प्रतिष्ठान स्थित है। ऐसे में किसी घटना के घटित होने के पश्चात बाजार से थानों की दूरी अधिक होने के कारण पुलिस बल देरी से पहुंचता है जिससे शांति व कानूनी व्यवस्था भंग होने का खतरा हमेशा बना हुआ है। बाजार में अमन शांति बरकरार रहे, इस उम्मीद में बाजारवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों तक पत्राचार कर पुलिस चौकी की मांग की परन्तु, अभी तक उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया गया। ऐसे में बाजारवासियों ने जिम्मेदारों को आगाह करते हुए उनकी आवश्यक मांग को स्वीकृति किये जाने की मांग की है।

### ग्राम पंचायत कोतवालपुर में वित्तीय वर्ष की जीपीडीपी बैठक आयोजित

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतवालपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जीपीडीपी की कार्य योजना बनाने हेतु ग्राम पंचायत की खुली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आवश्यक विन्दुओं पर ग्रामीणों के समक्ष चर्चा की गई। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतवालपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जीपीडीपी की बैठक ग्राम प्रधान राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन सेक्रेटरी उमेश सोनकर द्वारा किया गया। बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं जन्म-मृत्यु पंजीकरण के बारे में सेक्रेटरी उमेश सोनकर द्वारा ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई एवं साथ-साथ यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायतों में 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरे माह संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गांव की साफ-सफाई हेतु रोस्टर बनाकर सफाई कर्मियों द्वारा गांव में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई के साथ-साथ यह भी बताया गया कि सभी ग्रामवासी अपने घरों में पानी इकठ्ठा न होने दें एवं अपने घरों की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करें। गंदा पानी इकठ्ठा न होने दें एवं घर में जहां भी पानी इकठ्ठा होता हो जैसे कूलर और गड्ढे इत्यादि में पानी रुकता हो उसको सप्ताह में एक बार विशेष रूप से साफ सफाई करते रहें। इस दौरान ग्राम प्रधान राजेश कुमार यादव, सेक्रेटरी उमेश सोनकर व ग्राम पंचायत के सभी सदस्यगण, प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव, ग्राम पंचायत से संबंधित सभी कर्मचारी एवं पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सफाई कर्मी मौजूद रहे।


बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

### सांसद ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का दिया आश्वासन

**केराकत।** नगर निवासी सुरेश ठठेरा उर्फ पप्पू के पुत्र निखिल 22 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर शुक्रवार को पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुचे सांसद बीपी सरोज ने परिवार को सांत्वना देते हुए धर्य बंधाया व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। सांसद के साथ अजित गुप्ता, श्रीप्रकाश पांडे, अजय सोनकर शास्त्री, महेंद्र प्रजापति, सांसद प्रतिनिधी सन्दीप द्विवेदी, ग्रामीण पत्रकार एशोसियेशन के तहसील उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, सोहन लाल सेठ, बांकेलाल साहू, श्यामसुंदर सेठ, राजेश सेठ, विजय सेठ, रिंकू सोनकर, अजय सेठ लोग रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गोपीगंज।** सराय जगदीश रेलवे हाल्ट के नजदीक शुक्रवार को पचीस वर्षीय युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि शुक्रवार को एक युवक रेलवे ट्रैक पर खड़ा था, ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते प्रयागराज की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी और जंगीगंज चौकी इंचार्ज शाबान ने मृतक के जेब से मिले आधार से उसकी शिनाख्त धीरज यादव 25 पुत्र श्यामजीत यादव ग्राम लक्ष्मणिया थाना औराई के रूप में हुई। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंचे परिजनों में नवयुवक की मौत पर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कैंप में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कैंप लगाकर निःशुल्क डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और दांत का चेकअप मानिक चौक स्थिति डॉ. प्रशांत द्विवेदी के डेंटल अस्पताल पर आयोजित किया।

संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहा कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप अवश्य कराना चाहिए। डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक नागरिकों को वर्ष में एक बार अपने शरीर की जांच अवश्य करानी चाहिए जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर यह दोनों बहुत महत्वपूर्ण होते हैं विशेषकर 35 वर्ष की उम्र के बाद स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कैंप में संस्था सदस्यों के साथ लगभग 70 लोगों का निःशुल्क जांच की गयी। कैंप में संस्था की सचिव मीरा अग्रहरि, मंजू जायसवाल, शारदा गुप्ता, मीनू बरनवाल, आकांक्षा द्विवेदी, ममता केसरवानी, किरण जायसवाल आदि उपस्थित रहीं। सभी का आभार डॉ. आकांक्षा द्विवेदी ने व्यक्त किया।

## भाजयुमो ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर मनाया स्थापना दिवस

**बरसठी।** स्थानीय क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के 43वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर चल रहे सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान के निमित्त भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 103 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवाए वितरित की गई। कैम्प का उद्घघाटन मुख्य अतिथि भाजयुमों जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया।

विशिष्ट अतिथि पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रम्हदेव तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जोर दे रही है। इस अवसर पर जिला भाजयुमों के मंत्री अनुज जयसवाल, मंडल अध्यक्ष विशाल शुक्ला, केपी मिश्रा, दिनेश पांडेय, संतोष मिश्रा, विजय प्रताप बिंद, रमेश मौर्या, मुकेश सिंह, रतन श्रीवास्तव, प्रधान हरिश्याम पांडेय, संजय सिंह, सुशील पाठक, विशाल पांडेय, सूरज सहित उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्यभान पटेल चिकित्सक टीम के साथ उपस्थित रहे।

# छुवत सिला भई नारी सुहाई पाहन ते न काठ कठिनाई...

**कथा**

### बीबनमऊ में चल रही रामकथा मे श्रीराम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर भक्त हुए भावविभोर

**जनसंदेश न्यूज**

**जलालपुर।** जिस तरह पैर से पत्थर की सिला को छूते ही वह नारी बन गई थी, अगर मेरी काठ की नाव में आपके चरण पड़ेंगे तो मुसीबत हो जाएगी। मेरी जीविका प्रभु इसी काठ की नाव से चलती है। पहले मैं आपके पाव पखारूंगा, उसके बाद ही नाव पर चढ़ने दूंगा। श्री राम की आज्ञा पाकर वह पांव पखारते हैं और श्री राम को नाव में विराजमान कराया।

उक्त बातें क्षेत्र के बीबनमऊ ग्राम सभा में पंडित राजेश मिश्र के आवास पर चल रही संगीतमय सात दिवसीय रामकथा के छठवें दिन गुरुवार को अयोध्या से पधारे कथावाचक पंडित बाल कृष्ण दास महाराज ने कथा के दौरान भक्तों को श्रवण कराया। रामकथा में राम वनवास, भरत मिलाप और राम-केवट संवाद की कथा का प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भरत जैसा भाई इस युग में मिलना मुश्किल है। राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए। मानस मर्मज्ञ ने कहाकि भगवान राम मयार्दा स्थापित करने के लिए मानव शरीर में अवतरित हुए। पिता की आज्ञा पर वह वन चले गए। भगवान राम वन जाने के लिए गंगा घाट पर खड़े होकर केवट से नाव लाने को कहते हैं, लेकिन केवट मना कर देता है और पहले पैर पखारने की बात कहता है। केवट भगवान का पैर धुले बगैर नाव में बैठाने को तैयार नहीं होता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श समाज में आज भी कायम है। भगवान प्रेम भाव देने वाले का हमेशा कल्याण करते हैं। भरत ने भगवान राम के वनवास जाने के बाद खड़ाऊं को सिर पर रखकर राजभोग की बजाय तपस्या की। जीवन में भक्ति और उपासना का अलग महत्व है। निष्काम भाव से भक्ति करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान श्रोता राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर आनंदित हो गए। कथा पंडाल में उमेश मिश्रा, कमलेश यादव, भोले मास्टर, राजन पांडेय, बृजेश पांडेय, डॉक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रशान्त सिंह, आनंद प्रदीप, बृजेश, धर्मेंद्र, जयशंकर, राजबहादुर, लकी, मोनू, राकेश सहित तमाम श्रद्धालु एव श्रोता मौजूद रहे।


श्रीराम कथा सुनाते कथावाचक

## संक्षेप

### रेलवे फाटक बंद होने से नाराज महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** ऊंज क्षेत्र के पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी से प्रयागराज के मध्य कोइरौना थाना क्षेत्र के रामकिशुन पुर बसही फाटक बंद होने से क्षेत्र सहित आस-पास के ग्रामीणों ने रेलवे फाटक के पास जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे फाटक बंद हो जाने की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी होने लगी है, जबकि रेलवे विभाग ने दोनों लेन की पटेरी व सड़क का निर्माण करा दिया है। शुक्रवार को मुख्य गेट खुलवाने के लिए काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की व फाटक खुलवाने की मांग की। महिलाएं धरना प्रदर्शन कर फाटक खुलवाने की मांग पर अड़ी रही। लंबे धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर भारी संख्या में पुलिस के जवान मौके पर पहुँच गये। पुलिस ने जाम समाप्त करने की बात की लेकिन महिलाएं जिद पर अड़ी रही। काफी समझाने के बाद महिलाएं हटी। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में ज्ञान देवी, पान कुमारी, मीना देवी, फुलगेना देवी, अंगूरा देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

### मोहल्ला जमुन्द वाली मस्जिद में हाफिज शाहनवाज ने की मुकम्मल तरावीह


हाफिज शाहनवाज को फूल माला पहना कर मुबारकबाद पेश करते मुक्तदी (नमाजी)

**भदोही।** रमजान शरीफ की पहली शब से शुरु हुई नमाजे तरावीह मंगलवार को रमजान की 15 वीं शब को मोहल्ला जमुन्द वाली मस्जिद में हाफिज शाहनवाज ने तरावीह की नमाज मुकम्मल की। 20 रेकाअत नमाजे तरावीह के मुकम्मल होने पर हाफिज शहनवाज ने बारगाहे परवरदिगार में हाँथ उठा कर दुआ की। उन्होंने दुआ कि ऐ अल्लाह तू जो लोग नमाज नही पढ़ते उन्हें नमाज पढ़ने की तौफीक अता फरमा। हाफिजे शाहनवाज ने कहा कुरआन दुनिया वालो के लिए मशअले राह है। इसलिये कुरआन को पढ़ो और पढ़ाओ। कुरआन पाक हमें जीने का सलीका सिखाता है। इसकी रमजान माह में खूब तिलावत की जानी चाहिए क्योंकि अल्लाह इस महीने में तिलावत का सवाब कई गुना बढ़ा देता है। हमें चाहिए कि जरूरतमंदों की मदद करें। यतीमों की जरूरतों को पूरा करें। उसके बाद बारगाहे एमामुल अम्बिया सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम में सलातो सलाम का नजराना पेश किया। मुक्तदियों ने हाफिज शाहनवाज को फूल माला पहना कर मुबारकबाद पेश कि तो वहीँ मुक्तदियों ने एक दूसरे के गले मिल कर मुबारकबाद दी और लोगो में तबरुकात को बांटा गया। हाफिज का इस्तकबाल करने में इकबाल खान, आजम खान, मुख्तार खान (लंबू) शाहनवाज खान, महफूज भोलू, शौकत खान, नेहाल खान गुड्डू, इमरान खान, मुजाहिद खान, यूसुफ खान, हम्माद हुसैन, शमशेर खान, मिस्बाह खान, सादाब खान, सैफ अंसारी, जैनुल खान आदि रहे।

### पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सीतामढ़ी।** मां गंगा शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर आखिरी दिन शुक्रवार को स्काउट बच्चों ने ध्वज शिष्टाचार करने के बाद ट्रैक साइन के सहारे महादेवा स्थित राजस्थान के शिलाओ से निर्मित भव्य शिव मंदिर होते हुए पश्चिम वाहिनी मंदिर गए जहां बच्चों ने टेंट लगाया, कुकिंग किया और अपनी डोलियों के साथ कैंप फायर में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विषम परिस्थितियों में साहस व धीरज रखते हुए समस्या समाधान का गुण सीखना है। छात्र जीवन में ही बच्चों को जीने की कला सीख लेना चाहिए। इसमें आवश्यकता पड़ने पर कैसे विषम परिस्थितियों का सामना कैसे करना है इसकी जानकारी जरूर होनी चाहिए। साथ ही दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी स्थिति का सामना कर लें इसके लिए बच्चों को पढ़ने के साथ ही साथ स्काउट प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# विशेष सचिव ने अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों व चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण

**निर्देश**

### टीम बनाकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर बनाएं कार्य योजना

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग आईएएस प्रेम प्रकाश सिंह ने जनपद में निराश्रित गौवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने हेतु किये जा रहे कार्यो के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण का दूसरे दिन भी निरीक्षण किया गया। शासन द्वारा जनपद भदोही के लिए नामित नोडल अधिकारी के रूप में प्रेम प्रकाश सिंह विशेष सचिव ने अस्थायी गौवंश आश्रय हमिदपट्टी चीनीमिल, नटवां सहित अन्य गौशालाओं का मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए व केन्द्र संचालकों, ग्रामीणों से संवाद करते हुए जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंश की संख्या की गणना हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में टीम बनाकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर संरक्षण हेतु कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील एवं विकास खण्ड स्तरीय समिति की प्रत्येक माह बैठक करते हुए कार्यवृत्त जिलाधिकारी को प्रेषित की जाए।

नोडल अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह ने उपर्युक्त गौशालाओं की निरीक्षण के क्रम में गौवंश की वास्तविक संख्या एवं सुपुर्गी में दिये गये गोवंश की संख्या का अभिलेखो से मिलान सत्यापन किया। उन्होंने गौशालाओं में पानी, चारे एवं समुचित पशु चिकित्सकीय सुविधाओं की संतोषजनक स्थिति का अवलोकन किया। नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थलों पर विभिन्न रजिस्टरों-भूषा, गायों की उपस्थिति, चारा, सूपूर्दगी, चिकित्सा पंजिका का अवलोकन किया।


अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण करते विशेष सचिव

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ज्ञानपुर।** भदोही पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जारही है। अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया। किसी अपराध करने के फिराक में आरोपी था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जानकारी की जारही है।

डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में भदोही पुलिस द्वारा अपराधों के रोकथाम के दृष्टिगत आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त निवासी वीरापट्टी थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही को एक अदद नाजायज कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु.अ.सं..51/2023 धारा. 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

# नगर स्थित चर्च में मनाया गया गुड फ्राइडे, हुई प्रार्थना सभा


चर्च में गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा उपस्थित लोग

**याद किया**

### सभा में मौजूद ईसाई समुदाय के लोगों को गुड फ्राइडे के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** नगर स्थित चर्च में गुड फ्राइडे पर प्रार्थना सभा किया गया। इस दौरान हाल में बड़ी संख्या में समुदाय के सभी वर्ग के लोगों ने अपनी सहभागिता की और प्रभु यीशु को याद किया। गुड फ्राइडे के दिन लोग चर्च में इकठ्ठा होते हैं और फिर प्रार्थना सभा होती है। गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के वाक्यों की विशेषता बताया गया। गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। यह दिन प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाने की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। वहीं प्रार्थना सभा में मुल्क के अमन चैन की कामना की गई।

इस मौके पर चर्च के मुख्य पादरी जार्ज लाल ने प्रभु यीशु के सात वचनों को बताया। कहा कि प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला दिन है गुड फ्राइडे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रंजना, डॉली, कुंती डेनियल, मिसेज नाथ, रॉबिंसन मैथ्यू आदि मौजूद रहे।

## विपरीत दिशा जा रही जेसीबी से टकराकर बाइक सवार युवक की हुई मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लाला नगर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर विपरीत दिशा से जा रही जेसीबी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।

घटना के बारे में बताया जाता है कि वाराणसी जनपद के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के अरता कंसरायपुर गांव निवासी अनिल कुमार 30 वर्ष पुत्र मुन्नालाल देर शाम घर से अपने बाइक पर अपनी मौसी को लेकर लाला नगर गया था। जहां मौसी को घर पर छोड़ कर बाइक से वापस घर की तरफ जा रहा था इस दौरान विपरीत दिशा से जा रही जेसीबी से बाइक की टक्कर हो गई।

इस दौरान युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी और परिजनों को घटना के बारे में अवगत करा दी। वही जेसीबी को पुलिस ने कब्जे में ले ली है। बताया जाता है कि मृतक भाइयों में सबसे बड़ा था। तीन भाई और एक बहन का होना बताया जा रहा है। मृतक को एक पुत्र व एक पुत्री है। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण किया करता था।

# कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने भोजपुरी अभिनेत्री के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सहानुभूति**

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की सरकार से की मांग

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत की घटना के बाद शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने भोजपुरी अभिनेत्री के घर परसीपुर जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ पहुंचकर श्रद्धांजलि दी व कहा कि भाजपा सरकार में यह काफी दुखद घटना है। सिर्फ परिवार को संतोष देने के लिए गिरफ्तारी की गई है। जिससे परिवार इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है।

परिजनों ने कांग्रेस नेता से इस मामलें की सीबीआई द्वारा जांच कराये जाने की माँग की ताकि सच सामने आ सके व एक भी दोषी बचने न पाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार को आकांक्षा दुबे के परिवार की डिमांड मानना चाहिए गांव की एक बिटिया संघर्ष के बल पर अपने परिवार को आगे ले जा रही थी किंतु इस तरह की घटना परिवार को पूरी तरह तोड़ कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जब गरीबी से जुझ कर आकांक्षा दुबे अपना कैरियर बनाने में जुटी तो वह लड़की कैसे आत्महत्या कर सकती है। पुलिस प्रशासन को मौत के तत्काल बाद ही मामले का बिंदुवार जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर सजा दिलाने का कार्य करना चाहिए था, किंतु परिवार के संघर्ष के बाद सरकार संतोष देने के लिए आज आरोपी को गिरफ्तार की है जो कार्यवाही की नजर में पूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं आरोपी को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा था। जिससे जब पता चला कि कांग्रेस जन परिजनों के घर जा रहे हैं तो आज उसकी गिरफ्तारी कर ली गई जिससे यह मामला पूरी तरह से षड्यंत्र कारी दिख रहा है। बता दें कि सारनाथ के होटल में 26 मार्च को मौत की सूचना मिली थी जिस पर परिजनों ने थाने में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दिया था आज आकांक्षा दुबे के मौत के 13 दिन पुलिस ने मुख्य आरोपी समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस मौके पर कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल व कांग्रेस के पदाधिकारी व नेतागण मौजूद रहें।


भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां से उनके घर पर बात चीत करते कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय



# कोड़े बरसा कर क्रूस पर लटकाये गये प्रभु यीशु मसीह



### सेंट मेरीज महागिरजाघर में हुआ आयोजन

### पादरियों ने प्रभु यीशु के सात वचनों को सुनाया

### आराधना संग नाट्य का किया गया मंचन

### मसीही समाज के लोग भारी संख्या में रहे मौजूद

वाराणसी। गुड फ्राइडे के दिन शुक्रवार को प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर लटका दिया गया। इस दौरान प्रभु यीशु को तमाम के तरह की यातनाएं देने के साथ ही उन पर कोड़े बरसाये गये। यह आयोजन सेंट मेरीज महागिरजा कैंटोमेंट में किया गया। इस दौरान प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाये जाने का मार्मिक इतिहास का वर्णन किया गया। इसे सुनकर वहां मौजूद मसीही समाज के लोगों की आंखें नम हो गई। बिशप ने इस दौरान प्रार्थना सभा की। प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाये जाने के दौरान महागिरजा में भारी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे। बनारस में प्रोटेंसटेंट मसीही समाज के चर्चों में प्रार्थना सभा दोपहर 12 बजे शुरू हुई। जबकि कैथोलिक चर्च में अपराह्न तीन बजे से प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाये जाने की मार्मिक गाथा शुरू हुई। इस दौरान प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाये जाने की मार्मिक गाथा का मंचन भी हुआ। इसके पूर्व क्रूस मार्ग की आराधना भी हुई जिसमें पादरियों ने भागीदारी की।



### क्यों मनाया जाता है गुडफ्राइडे

ये वो दिन है जिस दिन प्रभु यीशु मसीह को गोल्गथा नामक पहाड़ पर जो कलवारी नामक स्थान पर स्थित है, क्रूस पर चढ़ाया गया था। इस घटना से पूर्व प्रभु यीशु मसीह को रोमी सैनिकों व धर्मगुरुओं ने अत्यन्त वेदनाओं व दुर्व्यवहार का सामना पड़ा था। अंत में प्रभु यीशु मसीह ने अपने प्राण त्याग दिये। उनकी पवित्र मौत को सभी हर साल गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं। चर्च आफ बनारस के पादरी बेनजान व रामकटोरा चर्च के पादरी आदित्य कुमार बताते हैं कि प्रभु यीशु मसीह को घोर यातना दी गई और उन्हें क्रूस पर चढ़ाया गया। क्रूस पर उनकी पवित्र मौत की खबर से ही कलवारी में ईसा शहीद हुए धरती का कलेजा फट गया, मगर चमत्कार तीसरे दिन हुआ जब प्रभु यीशु मसीह पुनः जीवित हो उठे।

### क्रूस पर दिये गये प्रभु के सात वचनों को सुनाया गया

गुड फ्राइडे के दिन क्रूस पर दिये गये प्रभु के सात वचनों को सुनाया गया। प्रभु यीशु के मानने वाले इन सात वचनों को आत्मसात कर उनके जीवनमें अपनाने का संकल्प लिया। मसीहियों का यह विश्वास है कि आज के दिन को शुभ शकरावरा इसलिए कहा जाता है क्योंकि आज के ही दिन प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानव जाति को उनके पापों से बचाने के लिए अपने प्राण दिये और सभी को उद्धार का अवसर प्रदान किया।

### मृत्यु के तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे प्रभु यीशु

क्रूस पर चढ़ाये जाने के तीन दिन बाद प्रभु यीशु मसीह पुनः जीवित हो उठे। उन्होंने अपने शिष्यों से मिल कर उन्हें धर्म के प्रचार का संदेश दिया। 40 दिन बाद वह स्वर्ग चले गये। ईसा मसीह के 12 शिष्यों ने ईसा के जाने के बाद ईसा मसीह के संदेशों का प्रचार प्रसार किया। प्रभु यीशु मसीह ने हमेशा सभी के लिए अच्छा ही किया। उन्होंने उन लोगों के लिए अच्छा ही सोचा जिन्होंने उन्हें मृत्युदंड दिया था। इसलिए उनके अनुयायी इस दिन को गुडफ्राइडे के रूप में मनाते हैं।

# आम की फसल को कीड़ों और रोग से बचाने का यह सही वक्त



**भुनगा व मिज कीट एवं खर्रा रोग से सुरक्षित रखने की उप निदेशक उद्यान जयकरण सिंह ने किसानों को दी सलाह**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीते दिनों हुई बेमौसम की बारिश समेत आए आंधी-तूफान के कारण आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अबकी बाजार में या तो आम की आमद कम रहेगी या भाव चढ़ेंगे। फिलहाल आम की बागवानी करने वाले किसानों को जरूरत है कि इस फसल की गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त करने के लिए उसे कीड़ों और बीमारियों से बचाए रखें। इसके लिए यह सही वक्त है और आम की फसल का प्रबंधन अत्यंत आवश्यक भी है। कारण, आम के बौर निकलने से लेकर फल लगने तक की अवस्था बेहद संवेदनशील होती है। उप निदेशक उद्यान जयकरण सिंह बताते हैं कि वर्तमान में आम की फसल को मुख्य रूप से भुनगा एवं मिज कीट और खर्रा रोग से नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। आम के बागों में भुनगा कीट कोमल पत्तियों और छोटे फलों के रस चूसकर क्षति पहुंचाते हैं। उसका प्रभावित भाग सूखकर गिर जाता है। यह कीट मधु की तरह का पदार्थ भी विसर्जित करता है जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूंद जम जाती है। फलस्वरूप पत्तियों से हो रही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया धीमी पड़ जाती है। इसी प्रकार से आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों और ताजा बने फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अंडे देती हैं। उसकी सूंडी अंदर ही अंदर खाकर यह कीट क्षति पहुंचाता है। इस वजह से प्रभावित हिस्सा काला पड़कर सूख जाता है। दोनों कीटों की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या क्लोरपाइरीफॉस 2 मिली प्रति लीटर पानी की दर से अथवा डायमेथोएट 2 मिली प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।



### कीटनाशक के प्रयोग में बरतें सावधानी

कीटनाशक के डिब्बों को बच्चों व जानवरों की पहुंच से दूर रखें। कीटनाशक का छिड़काव करते समय हाथों में दस्ताने, मुंह को मास्क और आंखों को चश्मा पहनकर ढक लें। ताकि कीटनाशी रसायन त्वचा और आंखों में न जा सके। कीटनाशक का छिड़काव शाम को जब हवा की गति धीमी हो तब करें या चल रही हवा के विपरीत दिशा में खड़े हो छिड़काव करना चाहिए। कीटनाशक के खाली पाउच, डिब्बों को मिट्टी में दबा दें।

### बौर खिले हों तो केमिकल का प्रयोग करें कम



डीडी उद्यान जयकरण सिंह ने बताया कि आम की फसल में लगने वाले खर्रा रोग के प्रकोप से ग्रसित फल एवं डंठलों पर सफेद चूर्ण के समान फफूंद की बढ़ोतरी दिखती है। फलस्वरूप प्रभावित भाग पीला पड़ जाता है और मंजरियां सूखने लगती हैं। इस रोग से बचाव के लिए ट्राइडोमार्फ या डायनोकेप एक मिली प्रति लीटर पानी की दर से भुनगा कीट नियंत्रण के लिए उपयोग में लाए जा रहे घोल के साथ मिलाकर छिड़काव करना लाभकारी होगा। उन्होंने यह सलाह भी दी कि बागों में जब बौर पूरी तरह खिली अवस्था में हों तो कम से कम रासायनिक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए ताकि पर-परागण क्रिया प्रभावित न हो।



# गृहकर वसूली में आदमपुर जोन अव्वल

**जोन ने 2022-23 वित्तीय सत्र में चार करोड़ 65 लाख का लाभ अर्जित किया**

**खास मुलाकात**



राजेश अग्रवाल

राघवेन्द्र केशरी

**वाराणसी।** सन् 2021 बैच के पीसीएस राजेश कुमार अग्रवाल वर्तमान में नगर निगम के आदमपुर जोन के जोनल अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने आदमपुर में रिकार्ड तोड़ गृहकर की वसूली कर जोन को नंबर वन बनाया है। जोन ने 2022-23 वित्तिय सत्र में चार करोड़ 65 लाख का लाभ अर्जित किया है।

जन संदेश टाइम्स से खास बातचीत के दौरान जोनल अधिकारी ने जोन की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि बनारस में एक साल के अंदर उन्हें तीन जोन में कार्य करने का अवसर मिला। जिसमें भेलूपुर, कोतवाली और आदमपुर जोन शामिल है। इनमें एक साल में लगभग 22 करोड़ रुपये गृहकर वसूली कर रिकार्ड बनाया। बताया कि इस साल आदमपुर जोन में बीते साल की अपेक्षा 1.25 करोड़ के लगभग ज्यादा कर वसूली की है। आदमपुर इसके पूर्व कर वसूली में पांचवें स्थान पर था। जो वर्तमान में कर वसूली के मामले में नंबर एक पायदान पर है। बताया कि पहले एक दिन में जहां 50 से 60 हजार ही कर वसूला जाता था। अब एक दिन में लाखों की वसूली होती है। जिन स्थानों पर गृहकर वसूलने में दिक्कतें आती थीं, वहां से भी कर वसूल कर निगम के खाते में जमा कराया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि आदमपुर जोन को आर्दश जोन बनाने के लिए जोन में साफ-सफाई सहित अतिक्रमण के खिलाफ भी चलाए जा रहे अभियान में स्वयं हिस्सा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों का भी उत्साह वर्धन करने का कार्य किया गया।

### एसडीएम के पद पर भी किया है कार्य

नगर निगम के आदमपुर जोन के जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल वाराणसी से पूर्व संत कबीरनगर में एसडीएम के पद पर कार्य कर चुके हैं। यह लगभग डेढ़ साल संत कबीर नगर में एसडीएम के पद पर रहे। बताया कि एसडीएम के पद पर रहते हुए भी कई उत्कृष्ट कार्यों को किया। जिसके बाद वाराणसी नगर निगम में जिम्मेदारी मिली।

### पीला कार्ड नामांतरण के विवाद को सुलझाया

जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि आदमपुर जोन में सबसे बड़ी समस्या पीला कार्ड नामांतरण के विवादों की थी। जिससे जोन की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई तो सालों से जोन के चक्कर काटते काटते थक चुके थे। ऐसे में जोन के लगभग 95 फीसदी नामांतरण विवारों को सुलझाया गया। बाकि के विवादों को भी जल्द सुलझा लिया जाएगा।

### भेलूपुर को आदर्श जोन बनाया

जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि आदमपुर से पूर्व भेलूपुर जोन में रहा जहां, एक साल में नौ करोड़ वसूली की जगह मात्र चार माह में आठ करोड़ की कर वसूली कर रिकार्ड बनाया। साथ ही जोन में कूड़ा निस्तारण, सीवर आदि की समस्याओं और वेंडिंग जोन का निस्तारण करने से लेकर बाकि के विवादों को सुलझाने का कार्य भी किया। इस तहर जोन को आदर्श जोन बनाया गया।

### कोतवाली भी वसूली में रहा नंबर वन

जोनल अधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व 2022 में कोतवाली में जोनल अधिकारी के पद पर कार्य किया। जहां मात्र तीन माह के कार्यकाल में सबसे ज्यादा कर वसूली कर प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ जोन को नंबर वन स्थान पर पहुंचाया। जोन में सीवर, पेयजल आदि की समस्याओं का भी निस्तारण किया। इस दौरान प्रवर्तन दल के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ भी अभियान चलाएं।



# गरमी में वाहनों का चेकअप करवाना न भूलें

**बरते सतर्कता**

- लंबी ड्राइव पर बरते सावधानी, टायरों की सुरक्षा का करें उपाय
- इंजन में कूलेंट की मात्रा निर्धारित लेवल पर अवश्य होनी चाहिए
- गरमाने के पूर्व ही संभल जाइए वरना झेलनी पड़ सकती है परेशानी

जितेन्द्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** बदलते मौसम के बीच गर्मी धीरे-धीरे अपना असर दिखाने लगी है। दिन में तेज धूप और सूरज की तपती किरणों से लोगों को पसीना आने लगा है। अधिक समय तक धूप में रहने वालों को शीतल पेय पदार्थों की दरकार होने लगी है। ऐसे में आपके वाहन को गर्मी के दौरान विशेष देखभाल की जरूरत पड़ती है। पिछली गर्मी को आधार मानें तो अधिकतर कारों में इंजन गर्म या सीज होने, इंजन सीज होने से आग लगने, एसी ठीक से काम नहीं करने आदि की समस्या आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। गर्मी में कार चलाने से पहले हैंडब्रेक को भी रिलीज करना न भूलें। लिहाजा, गर्मी में समय-समय पर कार का चेकअप करवाते रहना चाहिए। गरमाने के पूर्व ही आप संभल जाइये वर्ना कार चलाते समय आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

चार पहिया वाहनों के विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो आप चाहे लांग रूट पर चलें या फिर शॉर्ट रूट पर। गर्मी के दौरान इग्नीशन स्टार्ट करने से पहले कार की बखूबी देख-परख करनी जरूरी है। कार के पहियों की हवा हमेशा दुरुस्त होनी चाहिए। साथ ही इंजन में कूलेंट की मात्रा भी निर्धारित लेवल पर होनी चाहिए। एयरकंडीशनर वाली गाड़ियों में एसी का फैन बेल्ट और कंप्रेसर की जांच भी जरूरी है। पंचर से निपटने के लिए पंचर किट और जैक आदि भी सुरक्षित रखें। विशेषज्ञ मैकेनिकों का यह भी कहना है कि पहिए आपकी कार के बेहद महत्वपूर्ण अवयव होते हैं। गर्मी के दिनों में आग उगलती गर्म सड़कों पर कार दौड़ाने के लिए टायरों की देखभाल भी जरूरी है। भारत में बनने वाले टायर हीट रजिस्टेंट होते हैं। फिर भी हमें टायरों को इससे बचाना होगा। साथ ही एयर प्रेशर की जांच करना भी जरूरी होता है।

### ऐसे सुरक्षित रखे कार के टायरों को

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो कार के टायरों को सुरक्षित रखने की खातिर अंग्रेजी के 'एस' अक्षर के नियम का पालन करना होगा। मौसम कोई भी हो, लेकिन हर 10 किमी पर स्टेपनी से फ्रंट दाहिने टायर, फ्रंट दाहिने से फ्रंट बायें, फ्रंट बायें को रियर दाहिने और रियर दाहिने को रियर बाएं एवं रियर बाएं को स्टेपनी बनाकर प्रयोग करना चाहिए।

### धूल से पड़ता है एसी पर प्रभाव

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो गर्मी के सीजन में धूल की मात्रा अन्य मौसम के मुकाबले ज्यादा होती है। बाहरी धूल के संपर्कमें आने से एसी का कंप्रेसर जाम हो जाता है। यदि आप ग्रामीण सड़कों या फिर डस्टी रोड पर ड्राइव करते हैं तो आपको विशेष रूप से हिदायत बरतनी होगी। यदि समय से जांच नहीं हुई तो धूल आपके एसी की कूलिंग क्षमता को घटा सकती है। साथ ही यह कारण एसी को समय से पहले खराब कर सकता है।

### एसी के बारे में यह भी जाने

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो कार के एसी को ऊर्जा कार के इंजन से मिलती है। इंजन की सीसी क्षमता के आधार पर ही कार या एसयूवी में एसी फिट किया जाता है। ऐसे में कार में एसी की क्षमता बढ़ाने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। यदि आपकी कार छोटी है तो उसमें उसके इंजन के अनुरूप ही इंजन फिट किया जाता है। वहीं अधिक केबिन स्पेस में कम क्षमता का एसी फिट करने से कंप्रेसर पर अधिक दबाव पड़ेगा।

### ऐसे रखें एसी का रखरखाव

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो आमतौर पर जब आप अपनी कार की सर्विसिंग करवाते हैं, तो उस दौरान आपके कार के एसी की बाहरी तौर पर ही जांच की जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आप एसी को किसी स्पेशलिस्ट के माध्यम से ही सर्विस करवाएं। यदि आप धूल भरे इलाकों में ज्यादा ड्राइव करते हैं तो आपको समय-समय पर एसी के ट्यूब और वॉल्व को भी साफ करना जरूरी है। एसी का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट होता है उसका कंडेंसर। अगर कंडेंसर में धूल-मिट्टी या गंदगी जम जाती है तो वह ठीक तरीके से काम नहीं कर पाता। साथ ही रेफ्रिजरेंट में नमी हुई और रेफ्रिजरेंट ठीक मात्रा में नहीं हुआ तो भी एसी ठीक प्रकार से कूलिंग नहीं कर पाता है। इसके अलावा ऐसी ट्यूब में ब्लॉकेज होने के कारण भी कार को ठंडा नहीं कर पाता।

### सफेद रंग वाली कार पर दें अधिक ध्यान

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो तेज धूप में कार का एक्सटीरियर पेंट हल्का पड़ने लगता है। चाहे वह सफेद या फिर मेटेलिक रंग भी क्यों न हो। गर्मी के सीजन में कार को जितना हो सके, छांव में पार्क करें। गर्मी के लिए तिरपाल (मोटे कपड़े से बने) कवर से कार को ढंककर रखें। साथ ही नियमित रूप से शैंपू से कार की सफाई भी करें। बॉडी पर जमें धूल, कण या मिट्टी कार की बॉडी को रस्टी बना सकती है। इन सब उपचारों से आप कार की सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखते हुए ड्राइव का आनंद ले सकते हैं।